* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 55

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में घुसे भारत और चीन सेना के बीच हिंसक झड़प कई जवान घायल



M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE
Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered:
GNM ANM
B.SC. Nursing
Post Basic
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082
6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

### मुख्यमंत्री ने गुमला में खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम में जनसभा को किया संबोधित

# हमारे कामों से विपक्ष का हाजमा खराब हो गया है : हेमंत सोरेन

● अलग राज्य बनाने का क्रेडिट लेने वाले 1932 खतियान और सरना कोड पर लगायें मुहर

आफताब अंजुम

**गुमला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य हित में हमारे द्वारा किये गये कामों को देख कर विपक्ष का हाजमा खराब हो गया है। इसके कारण विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर हमें फंसाने का काम कर रहा है। सोरेन ने स्पष्ट तौर पर कहा कि विपक्ष का बस चले, तो वह हमें कच्चा चबा जाये। आम जनता का दिया हुआ आशीर्वाद, हमें इन दरिंदों से बचाये हुए है। मुख्यमंत्री सोमवार को गुमला में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



### केंद्र सरकार सरना हितैषी है तो बिल पर मुहर लगाये : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी को मिलने वाले 27 प्रतिशत आरक्षण को कम करके 14 प्रतिशत करने का काम किया है। अब हमने पिछड़ी जाति को 27 प्रतिशत आरक्षण समेत सरना धर्मकोड को विधानसभा से पारित कर भारत सरकार को भेजा है। अगर केंद्र सरकार सरना की हितैषी है, तो इस बिल पर मुहर लगाये। उन्होंने कहा कि केवल मुहर लगा देने से झारखंड राज्य अलग नहीं हुआ है, इसके लिए हमारे पूर्वजों ने 40 साल तक कड़ा संघर्ष और सतत आंदोलन किया है। अलग राज्य के लिए मुहर लगा कर क्रेडिट लेने वाले अब ओबीसी आरक्षण समेत सरना धर्मकोड पर मुहर लगाने का काम करें। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग पर नेतरहाट फायरिंग रेंज को बंद कर दिया गया। अब वहां के लोग गोली-बंदूक नहीं, बल्कि पशुपालन और खेती करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी के वनाधिकार कानून से आदिवासियों का अस्तित्व झारखंड समेत पूरे देश से खत्म हो जायेगा। इस कानून में ग्राम सभा की सहमति को पूरी तरह खत्म कर दिया है। ऐसे में गरीब आदिवासियों से जबरन वनों को छीन कर उद्योग धंधों के नाम पर उसे काटने का काम करेगे। लेकिन इस कानून को यहां के स्थानीय लोग स्वीकार नहीं करेंगे।

### सीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग व्यापारी लोग हैं। ये लोग हम लोगों की थाली से खाना, शरीर से कपड़ा और चमड़ा तक नोच लेंगे। मुख्यमंत्री ने किसी नेता काम नाम लिये बगैर विपक्ष पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले गैस सिलेंडर 400-450 रुपये में मिलता था। अब गैस सिलेंडर लेकर रोड पर निकल कर नाचने वाले लोग, सिलेंडर का दाम 1100 रुपये अधिक होने के बाद चर्चा तक नहीं करते हैं। इसी तरह नमक, तेल, पेट्रोल, डीजल सभी काफी मंहगे हो गये हैं, पर अब कोई कुछ नहीं बोलता। आज सबकी बोलती क्यों बंद है? उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अब ट्रेन, रेलवे स्टेशन, बंदरगाह सभी को बेचने का कार्य कर रही है।

### सीएम ने योजनाओं से कराया अवगत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट के तहत आने वाली जमीन के बदले में लोन नहीं मिलता है। इसलिए हमने गरीब आदिवासी लोगों को बिना गारंटी लोन देने का प्रावधान कर दिया है। लोग सब्सिडी में गाड़ी लेकर उससे अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी की सेविका और सहायिका सरकार की योजनाओं का लाभ स्वयं भी उठायें और उसका प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार सेविका और सहायिकाओं को पदाधिकारी योजनाओं का लाभ देने से इंकार कर देते हैं, लेकिन अब सरकार की योजनाओं का लाभ सहायिका एवं सुविधाएं भी ले सकती हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य की गंठबंधन सरकार मरनी-जीनी-छठी, साइकल, कपड़ा सभी का जिम्मा उठा रही है। युवाओं के लिए जेपीएससी, यूपीएससी समेत सारी सरकारी नौकरियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी और विदेशों में पढ़ाई के लिए सारा खर्च राज्य सरकार उठायेगी। सीएम ने ये भी कहा कि भाजपा के शासन काल में स्कूल बंद किये जाते थे। हमने लगातार शिक्षकों की बहाली की है।

### बरहरवा के टेंडर आवंटन में धमकी देने के मामले में नया मोड़

# एकल पीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी झारखंड सरकार

● भादवि की धाराओं में दर्ज मामलों में इडी की कोई भूमिका नहीं है: अपर महाधिवक्ता

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने बरहरवा थाने में दर्ज मामले में इडी की कार्रवाई का विरोध करने का मन बनाया है। अतिरिक्त महाधिवक्ता सचिन कुमार ने इस बाबत महाधिवक्ता को एक पत्र भेजा है। इस पत्र के अनुसार भारतीय दंड विधान (आइपीसी) की किसी धारा के तहत दर्ज मामलों की जांच या कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय की कोई भूमिका नहीं है। इसलिए यदि इडी इस मामले में कोई कार्रवाई करती है, तो उसका विरोध किया जाना उचित होगा।

अपर महाधिवक्ता ने अपने पत्र में कहा है कि रिट याचिका (संख्या 156/2020- शंभु नंदन कुमार बनाम भारत संघ और अन्य) में 6 दिसंबर, 2022 को एकल पीठ द्वारा पारित आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की जा सकती है। पत्र में कहा गया है कि एकल पीठ ने अपने आदेश में प्रवर्तन निदेशालय को प्रतिवादी के रूप में शामिल करने के लिए अंतर्वर्ती आवेदन की अनुमति दी है। इसके साथ ही अदालत ने साहिबगंज के बरहरवा थाना में दर्ज मामले (कांड संख्या 85/2022) से संबंधित निचली अदालत में लंबित मुकदमे पर भी रोक लगा दी है।

अपर महाधिवक्ता ने कहा है कि उनके विचार में एकल पीठ द्वारा पारित आदेश सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने योग्य है, क्योंकि यह आदेश अवैध और मनमाना है। बकौल अपर महाधिवक्ता, वर्ष 2020 में दायर रिट याचिका में वर्ष 2022 में दायर एलए के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय का अभियोग बिना किसी न्यायिक आधार के है। थाने में दर्ज प्राथमिकी टेंडर आवंटन को लेकर धमकी आदि देने के अपराध से संबंधित है, लेकिन एकल पीठ ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि भादवि के तहत दर्ज प्राथमिकी में इडी की कोई भूमिका नहीं है। वैसे भी इस मामले में पुलिस द्वारा जांच और परीक्षण के बाद आरोप पत्र अदालत में पेश कर दिया गया है।

अपर महाधिवक्ता के अनुसार एकल पीठ में दायर रिट याचिका केंद्र सरकार के वकील के माध्यम से दायर की गयी है और इसमें भारत संघ, सीबीआइ और इडी को पक्ष प्रतिवादी के रूप में पक्षकार बनाया गया है। इस मामले में अपर महान्यायवादी इडी और सीबीआइ के लिए पेश हो रहे हैं। असलियत यह है कि मामले के याचिकाकर्ता को टेंडर भी दिया गया था। इसके अलावा दो साल बाद रिट याचिका दायर करना याचिकाकर्ता के आचरण के बारे में भी संदेह पैदा करता है। इसलिए इस आदेश को चुनौती देना उचित होगा।

# गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र और 16 मंत्रियों ने ली शपथ

### प्रधानमंत्री ने मंच पर झुक कर जनता को किया प्रणाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांधीनगर।** भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को गुजरात के 18वें मुख्यमंत्री की शपथ ली। गांधीनगर सचिवालय के हेलीपैड ग्राउंड में राज्यपाल ने दोपहर 2 बजे उन्हें पद की शपथ दिलायी। वह दूसरी बार सीएम बनने वाले पहले पाटीदार नेता हैं। भूपेंद्र पटेल के बाद 16 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें आठ कैबिनेट, दो स्वतंत्र प्रभार और छह राज्यमंत्री हैं।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के कई नेता शामिल हुए। शपथ के बाद प्रधानमंत्री ने मंच पर झुक कर लोगों को प्रणाम किया। इसके बाद भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचाया। चलते समय उन्होंने पूर्व सीए विजय रूपाणी से बात की।

**मोदी शपथ के एक दिन पहले ही अहमदाबाद पहुंचे :** चुनाव से पहले गुजरात में लगातार सभाएं करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटेल की शपथ से एक दिन पहले अहमदाबाद पहुंचे। वहां उन्होंने रोड शो किया। देर रात होने के बावजूद लोग मोदी के स्वागत में खड़े नजर आये। मोदी ने भी अपनी कार की रफ्तार धीमी कर-के लोगों का अभिवादन किया।



### बाबूलाल, अर्जुन मुंडा, रघुवर समेत कई नेता हुए शामिल

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। झारखंड से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मेयर आशा लकड़ा समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। वहीं, विभिन्न राज्यों से भाजपा के नेता और पार्टी पदाधिकारी समारोह में शामिल हुए। इसके अलावा 200 संत भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## अमित अग्रवाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेल में बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जामनत अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस केस से जुड़े एक पक्ष के अधिवक्ता के आग्रह पर अगली सुनवाई के लिए बुधवार यानी 14 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर चुकी है। इसके साथ ही झारखंड हाइकोर्ट ने कैश कांड के षड्यंत्र की जांच सीबीआइ को करने का आदेश दिया है। हाइकोर्ट के सीबीआइ जांच के आदेश को अमित अग्रवाल ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी। अमित अग्रवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि जबरन वसूली के मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे और उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन इडी ने उन्हें आरोपी बना दिया।

# इडी को पूजा सिंघल की बेटी की मेडिकल कंडीशन वेरिफाई का निर्देश

● 2 जनवरी को जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनी लांड्रिंग और मनरेगा घोटाला में आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इडी को नोटिस जारी किया है। अब सुप्रीम कोर्ट पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर 2 जनवरी को सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने अदालत से आग्रह किया कि पूजा सिंघल की बेटी की तबीयत अच्छी नहीं है। उनकी बेटी को स्पीच सिंड्रोम नाम की बीमारी है, इसलिए उन्हें जमानत दे दी जाये। इस पर अदालत ने इडी को यह निर्देश दिया है कि मेडिकल कंडीशन को वेरिफाई किया जाये।

**हाइकोर्ट ने जमानत देने से किया इनकार :** बता दें कि इससे पहले 3 नवंबर 2022 को झारखंड हाइकोर्ट ने पूजा सिंघल को जमानत देने से इंकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अदालत को इस बात का अंदेशा है कि पूजा सिंघल अपने प्रभाव से इस केस से जुड़े गवाहों और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं, इसलिए उन्हें फिलहाल जमानत नहीं दी जा सकती। रांची इडी की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद पूजा सिंघल ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाइकोर्ट से भी जमानत नहीं मिलने के बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत देने की गुहार लगायी है।



## अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की डिस्चार्ज अर्जी पर 17 को फैसला

**रांची (आजाद सिपाही)।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार की डिस्चार्ज अर्जी पर सोमवार को सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत इस मामले पर 17 दिसंबर को आदेश सुनायेगी। सुमन कुमार ने 2 नवंबर को डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की है। इससे पहले सोमवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो गयीं। सुनवाई के दौरान इडी की ओर कहा गया कि सुमन कुमार के खिलाफ मामले में आरोप गठन के ठोस सबूत हैं। उसके आवास और कार्यालय में छापेमारी के दौरान इडी को बड़ी रकम मिली थी। सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। उनके आवास पर इडी की छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये एवं उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये की राशि बरामद की गयी थी।

# रामगढ़ की कांग्रेस विधायक ममता देवी की सजा पर फैसला आज

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**हजारीबाग।** रामगढ़ जिले के गोला में वर्ष 2016 में हुए गोलीकांड में कोर्ट ने विधायक ममता देवी को दोषी करार दिया है। इसके बाद 12 दिसंबर को सजा का एलान होना था, लेकिन हजारीबाग बार एसोसिएशन के अधिवक्ता की मौत हो जाने के कारण कंडोलेंस हो गया। इस कारण सोमवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पायी। अब इस मामले की सुनवाई मंगलवार को होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विधायक ममता देवी और 12 लोगों को दोषी करार दिया था। बता दें कि 2016 में रामगढ़ के गोला में गोलीकांड हुआ था। इसे लेकर रामगढ़ पीएस में कांड संख्या 79/ 2016 दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर हजारीबाग में वर्ष 2021 से मामला चल रहा है। इस मामले में स्पेशल कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ममता देवी को दोषी करार दिया था।

### मंत्री आलमगीर और पंकज मिश्रा को 24 घंटे में क्लीन चिट देने का मामला

# इडी के सामने पेश नहीं हुए डीएसपी पीके मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 24 घंटे के भीतर मंत्री आलमगीर आलम और सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में डीएसपी पीके मिश्रा सोमवार को इडी के समक्ष पेश नहीं हुए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने इडी के समक्ष पेश नहीं होने का न तो कोई कारण बताया है और न ही इडी से कोई समय मांगा है। गौरतलब है कि इडी ने डीएसपी को 6 दिसंबर को समन भेजा था और 12 दिसंबर को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने का आदेश दिया था।

बरहरवा टोल प्लाजा मामले में व्यवसायी शंभू नंदन ने प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी के 24 घंटे के भीतर साहिबगंज पुलिस ने मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। जांच की निगरानी कर रहे डीएसपी प्रमोद मिश्रा (पीके मिश्रा) ने बिना किसी प्रारंभिक जांच और डिजिटल साक्ष्य के पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। प्रमोद मिश्रा बरहरवा डीएसपी के पद पर तैनात थे और उनका नाम दिवंगत थानेदार रूपा तिर्की मौत मामले में भी उछला था। सोमवार को रांची इडी ऑफिस में जांच अधिकारी और झारखंड पुलिस के एएसआइ सरफुद्दीन खान से पूछताछ की गयी। इसमें सरफुद्दीन खान ने बताया कि पंकज मिश्रा और आलमगीर आलम के खिलाफ जांच बंद करने का फैसला उनके वरीय अधिकारियों का था।

# बेरमो में न्यूज छापने पर पत्रकार के साथ हुई मारपीट

पत्रकार संदीप कुमार सिंह के ने बेरमो थाना में दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** बेरमो में न्यूज छापने पर पत्रकारों की लगातार पिटाई की जा रही है। ताजा मामला फुसरो के 'आजाद सिपाही' अखबार के संवाददाता संदीप कुमार सिंह के साथ हुआ है। संदीप कुमार सिंह ने 8 दिसंबर बृहस्पतिवार को साक्ष्य के आधार पर बेरमो प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जेएसएलपीएसकी बीपीएम अंजना सिंह के बारे में अखबार में एक खबर प्रकाशित की थी। उसकी प्रतिक्रिया देने के लिए अंजना सिंह ने संवाददाता को सोमवार दोपहर 12 बज कर 41 पर फोन कर अपने कार्यालय बुलाया। संदीप के पहुंचने पर अंजना ने अपने कार्यालय में 30 से 40 और महिलाओं को बुला लिया। सभी महिलाएं संदीप के साथ गाली-गलौज करने लगीं। बाद में उनके साथ मारपीट भी की। अंजना सिंह ने कहा कि तुम बेरमो छोड़ कर चले जाओ, नहीं तो उठवा कर जान से मरवा दूंगी। इस घटना के बाद बेरमो के सभी पत्रकारों में काफी रोष है। संदीप सिंह ने बेरमो थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करायी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 51,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |



**राजनीति : ट्वेंटी-ट्वेंटी ही नहीं, टेस्ट मैच के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं लालू की विरासत के उत्तराधिकारी**

# बिहार की सियासत के नये बाजीगर हैं तेजस्वी यादव

आजाद सिपाही विशेष

**आधुनिक भारत में राजनीतिक रूप से सबसे संवेदनशील प्रदेश बिहार ने दुनिया को सियासत का एक से एक खिलाड़ी दिया है, लेकिन पिछले करीब सात साल से जिस एक शख्स की सबसे अधिक चर्चा हो रही है, उसका नाम है तेजस्वी यादव। बिहार के सर्वाधिक चर्चित और लोकप्रिय राजनेता लालू प्रसाद यादव के दूसरे पुत्र तेजस्वी यादव को इन दिनों बिहार की राजनीति का नया बाजीगर कहा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने राजनीति के फलक पर न केवल अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी है, बल्कि साबित कर दिया है कि वह अब बच्चे नहीं हैं। और उन्हें बच्चा समझने की गलती कोई न करे। महज 31 साल की उम्र और सात साल से थोड़ा अधिक का राजनीतिक अनुभव लेकर राजनीति जैसे पथरीले रास्ते पर लगातार आगे बढ़ रहे इस नेता की खासियत यह है कि वह चांदी का चम्मच मुंह में लेकर जरूर पैदा हुए हैं, लेकिन जब मुसीबतों का पहाड़ टूटा, तब उससे वह भागे नहीं, बल्कि जूझे और डट कर सामना किया। शुरूआती राजनीतिक अनुभवों ने भी उन्हें काफी मैच्योर बना दिया। साथ ही समय के साथ उन्होंने खुद को तराशा भी। डिसीजन लेने की क्षमता भी उन्होंने डेवेलप की। इसका परिणाम भी उन्हें मिला। आज तेजस्वी यादव बिहार की सबसे बड़ी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। तेजस्वी ने अपने पिता और राजनीतिक गुरु लालू यादव की विरासत को बखूबी संभाला है, साथ ही अपना मजबूत वजूद भी बनाया है। बड़े-बड़े नेताओं और मठाधीशों को समझ में आ चुका है कि बिहार का भविष्य तेजस्वी ही हैं। तेजस्वी मॉडर्न भी हैं, साथ ही उन्हें जमीनी अनुभव भी है। तेजस्वी का यही चेहरा उन्हें दूसरे युवा नेताओं से अलग करता है। अल्पशिक्षित होने के बावजूद राजनीतिक-सामाजिक मुद्दों पर उनकी सोच और बेबाक राय ने उन्हें दूसरे तमाम नेताओं की जुबान पर तो जरूर चढ़ा दिया है। तेजस्वी की सबसे बड़ी कामयाबी यही है। इस युवा नेता ने साबित कर दिया है कि वह राजनीति के मैदान में लंबी रेस के लिए पूरी तरह तैयार हैं। तेजस्वी यादव के व्यक्तित्व के इसी पहलू का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बात 2019 के जुलाई महीने की है। लोकसभा चुनाव में राजद बुरी तरह पराजित हो गया था और बिहार की राजनीति से लालू यादव की पार्टी की समाप्ति की भविष्यवाणी लगभग पक्के तौर पर कर दी गयी थी। लालू के राजनीतिक उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव को पूरी तरह खारिज कर दिया गया था। तेजस्वी खुद भी सीन से गायब थे। यहां तक कि पार्टी कार्यसमिति की बैठक में भी वह शामिल नहीं हुए। राजद के नेता भी उन्हें पार्टी और पूरे विपक्ष के लिए परेशानी का कारण बताने लगे थे। उन्होंने न तो बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया और न ही चमकी बुखार से प्रभावित लोगों से मिलने के लिए गये। तभी तेजस्वी ने 30 जुलाई को फेसबुक पर एक लंबा पोस्ट लिखा। इसमें उन्होंने बिहार की स्थिति से लेकर कई गंभीर मुद्दे पर संजीदगी से सवाल उठाया था। इसकी बहुत तारीफ हुई और 10 दिन बाद 9 अगस्त को जब वह पटना लौटे, तो उनका सब कुछ बदला हुआ था। उनकी सोच, हाव-भाव और मुद्दों पर बात करने का तरीका। राजनीति के गंभीर विषयों पर भी वह बेबाकी से बात करने लगे।

**लंबी रेस के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं बिहार के डिप्टी सीएम**

तब लोगों को एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स का वह मशहूर वक्तव्य याद आने लगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक सफल व्यक्ति को यदि अचानक से खारिज कर दिया जाये, तो यह उसके लिए बहुत बड़ा वरदान होता है, क्योंकि तब उसके मन में फेल होने का डर खत्म हो जाता है और वह नये उत्साह से नयी यात्रा शुरू करने का मन बना लेता है। तेजस्वी यादव के साथ भी यही हुआ। पिता की विशाल राजनीतिक विरासत से उन्हें जब खारिज कर दिया गया, तब उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया और आज स्थिति यह है कि हर जुबान पर उनका नाम अनिवार्य रूप से है। राजनीति में यह सफलता कमतर नहीं आंकी जा सकती। कुल मिला कर तेजस्वी का यह



मेक ओवर न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश की सियासत के लिए एक सकारात्मक बदलाव था। आज तेजस्वी बिहार में नीतीश कुमार सरकार में डिप्टी सीएम ही नहीं हैं, बल्कि अपनी पार्टी के साथ-साथ महागठबंधन की कमान भी संभाल चुके हैं। तेजस्वी जानते हैं कि उनके पास पिता की बनायी पार्टी भर है। बाकी का रास्ता उन्हें खुद बनाना भी है और तय भी करना है। इस चुनौती को तेजस्वी ने स्वीकार किया है और आज उन्हें बिहार की सियासत का नया बाजीगर कहा जा रहा है। उन्होंने अपना जो चेहरा बनाया है, वह साबित करता है कि सियासत की पिच पर वह ट्वेंटी-ट्वेंटी का मुकाबला ही नहीं, टेस्ट मैच भी खेलने के लिए तैयार हैं।

तेजस्वी महज 26 साल की उम्र में विधायक और उप मुख्यमंत्री बने। उनके पिता भी 1977 में जब पहली बार सांसद बने थे, तब उनकी उम्र महज 29 साल थी। तेजस्वी ने क्रिकेट मोह के कारण पढ़ाई छोड़ दी, लेकिन उनकी बातें और मुद्दों पर उनकी सोच ने कभी यह झलकने नहीं दिया कि वह बहुत अधिक पढ़े नहीं हैं। वह कभी संयम नहीं खोते और न ही भाषा की मर्यादा लांघते हैं। उनके भाषण की सबसे खास बात यह होती है कि वह कभी अपने राजनीतिक विरोधियों पर निजी हमले नहीं करते, जबकि उन पर लगातार निजी हमले होते हैं। यह तेजस्वी की राजनीतिक परिपक्वता को दिखाता है। तेजस्वी को नजदीक से जाननेवाले कहते हैं कि वह एक टीम मैन हैं। वह सुनते सबकी हैं, लेकिन करते अपने हिसाब से हैं। एक और बात, जो तेजस्वी को बाकी नेताओं से अलग करती है, वह यह है कि तेजस्वी हर वक्त कुछ नया सीखने की कोशिश करते हैं। उनके मन में जिज्ञासाओं का गुबार हमेशा उठता रहता है। इसलिए सवाल उठाने में वह कभी पीछे नहीं रहते।

कभी अपने मजाकिया अंदाज के लिए राजनीति में अलग स्थान रखनेवाले लालू प्रसाद ने भी यह नहीं सोचा होगा कि उनका राजनीतिक उत्तराधिकारी इतने कम समय में ही उनसे आगे निकल जायेगा और गंभीर मुद्दों की इतनी बारीक समझ उसे बिना किसी मार्गदर्शक के ही हासिल हो जायेगी।

लालू प्रसाद के छोटे बेटे 33 साल के तेजस्वी यादव ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद की चुनावी कमान संभाली और प्रभावी प्रदर्शन किया। राजद ने इस चुनाव में करीबी मुकाबले में 75 सीटें जीत कर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सबसे बड़े दल का तमगा हासिल किया। वह भी ऐसी परिस्थिति में, जब पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद जेल में थे और उनके उत्तराधिकारी में स्पष्ट रूप से कौशल की कमी दिख रही थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा तेजस्वी को दूसरी बार उप मुख्यमंत्री बनाये जाने के फैसले के पहले तेजस्वी एक सशक्त विपक्ष के नेता के रूप में प्रभाव छोड़ रहे थे और अपने पिता के कट्टर प्रतिद्वंद्वी के नेतृत्व वाली सरकार को वह विधानसभा से लेकर सड़क पर चुनौती दे रहे थे। नाटकीय तरीके से जदयू और राजद के बीच गठबंधन से ठीक पहले राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिल कर केंद्र की राजग की सरकार के खिलाफ व्यापक प्रतिरोध मार्च निकाला था और स्पष्ट संकेत दिया था कि राज्य में विपक्ष के पास संघर्ष की भूख अभी है।

आज तेजस्वी यादव की स्थिति यह है कि उनके पिता के समकक्ष राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी नीतीश कुमार उन्हें अपने बराबर का स्थान देते हैं। इतना ही नहीं, महाराष्ट्र के जिस ठाकरे परिवार से लालू का छत्तीस का रिश्ता था, उसी परिवार के आदित्य ठाकरे अपनी टीम के साथ पटना आकर तेजस्वी से मिलते हैं और राजनीतिक मुद्दों पर बातचीत करते हैं। अपने पिता के खराब स्वास्थ्य के कारण जिस बेटे को मानसिक रूप से उद्वेलित-चिंतित दिखना चाहिए, वह तेजस्वी बिहार के लोगों के लिए लगातार काम में जुटे हैं। इतना ही नहीं, पार्टी कार्यकर्ताओं और अपने पिता के लिए मर-मिटने तक का जज्बा रखनेवाले बिहार के करोड़ों लोगों को वह कभी लालू की कमी महसूस नहीं होने देते। उनकी यही खूबियां उन्हें राजनीति में लगातार ऊपरी सीढ़ी पर चढ़ा रही हैं। उन्हें आज सरकार में जो कुछ हासिल हुआ है, उसके वह योग्य हैं। संकट के समय में भी तेजस्वी कभी अपने चेहरे पर शिकन नहीं आने देते। धैय से समस्याओं का समाधान ढूंढ़ते हैं। राजनीति के असली खिलाड़ी की यही पहचान है।

## सिमडेगा: मदरसा में इमाम ने 8 साल की बच्ची से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरसे में 8 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। इसका आरोप मदरसा के ही इमाम अमीनुल्लाह उर्फ अमीन पर लगा है। घटना रविवार की है, जिसका खुलासा सोमवार को हुआ है। बच्ची अपनी अन्य सहेलियों के साथ हर दिन मदरसा पढ़ाई के लिए जाती थी। लेकिन रविवार को इमाम ने मौका पाकर बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। फिर मस्जिद से फरार हो गया। इस सिलसिले में परिजन व अंजुमन के लोगों ने आरोपी के खिलाफ कोलेबिरा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं मामले के संबंध में कोलेबिरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी इमाम को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**कोलेबिरा पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा**



### अंजुमन और पीड़िता के पिता ने दर्ज करायी प्राथमिकी

घटना रविवार सुबह 10:00 बजे के आसपास की है। मस्जिद के बगल में निवास करने वाली 8 वर्षीय बच्ची मस्जिद के इमाम अमीनुल्लाह उर्फ अमीन के पास पढ़ने जाती थी। घटना के बाद बच्ची रोते हुए अपने घर आयी। माता-पिता को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पहले इसकी जानकारी अंजुमन को दिया। अंजुमन के पदाधिकारियों ने बैठक कर इस घटना की घोर निंदा की। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद अंजुमन द्वारा आरोपी के खिलाफ कोलेबिरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी। वहीं परिजनों द्वारा भी कोलेबिरा थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी।

### इमाम ने बच्ची को जान से मारने की दी थी धमकी

पीड़िता के पिता द्वारा कोलेबिरा थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि 11 दिसंबर को सुबह 7 बजे प्रतिदिन की तरह उनकी बेटी उर्दू पढ़ने मदरसा गयी थी। पढ़ाई खत्म होने के बाद इमाम ने अन्य सभी बच्चों को छुट्टी दे दी। पीड़िता को अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ दुराचार किया। धमकाते हुए कहा कि अगर तुम किसी को बताओगी, तो मैं तुम्हें मार दूंगा। मेरे पास एक डिब्बा में जीन है। उस जीन से मैं तुम्हारे मां-बाप को भी मरवा दूंगा। पीड़िता ने रोते हुए सारी बात अपने माता-पिता को बतायी। यह भी बताया उसके साथ 2 माह पहले भी इसी तरह की घटना हुई थी, लेकिन डर से उसने यह बात किसी को नहीं बतायी।

## ढुल्लू महतो को चार सप्ताह में सरेंडर करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस हिरासत से एक वारंटी को छुड़ाने के मामले में सजायाफ्ता भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सरेंडर से छूट को लेकर ढुल्लू महतो के एग्जमसन पिटीशन को कोर्ट ने खारिज कर दिया। साथ ही ढुल्लू महतो को चार सप्ताह में निचली अदालत में सरेंडर करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने निचली अदालत से एलसीआर की मांग की है। अब ढुल्लू महतो की क्रिमिनल रिवीजन की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा तथा अखौरी अविनाश ने पैरवी की। प्रार्थी ढुल्लू महतो का कहना था कि जब तक उनकी क्रिमिनल रिवीजन झारखंड हाइकोर्ट में पेंडिंग है, तब तक उन्हें निचली अदालत में सरेंडर न करना पड़े। उनकी ओर से कहा गया कि 18 माह की सजा में से उनकी ओर से करीब 12 महीने की सजा काट ली गयी है। ढुल्लू



महतो पर पुलिस अभिरक्षा से वारंटी राजेश गुप्ता को छुड़ाने का आरोप था। विधायक और विधायक समर्थकों द्वारा वारंटी को छुड़ाने के क्रम में बरोरा के तत्कालीन थाना प्रभारी आरएन चौधरी की वर्दी भी फट गयी थी।

**दुष्कर्म और यौन शोषण के मामले में ट्रायल पर रोक**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को राहत दी है। ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण और दुष्कर्म से जुड़े मामले में हाइकोर्ट ने निचली अदालत की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हाइकोर्ट के इस आदेश के बाद ढुल्लू महतो के खिलाफ चार्जफ्रेम की प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए रूक जायेगी। विधायक ढुल्लू महतो ने इस संबंध में हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

## रूपा तिर्की मामले में याचिका पर अगले सप्ताह होगी सुनवाई

**रांची।** साहिबगंज की महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की मौत मामले के आरोपी दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। अब इस मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद होगी। कोर्ट ने पूर्व के आदेश के मुताबिक इस केस के ट्रायल पर रोक जारी रखने का आदेश दिया है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान रूपा तिर्की केस के ट्रायल पर रोक लगा दी थी।

साहिबगंज जिले के बोरियो थाना कांड संख्या 127/2021 दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर हैं। उन्हें झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। साहिबगंज महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की मामले में साहिबगंज पुलिस ने 2018 बैच के दारोगा शिव कनौजिया को बीते 9 मई 2021 को गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच फिलहाल सीबीआइ कर रही है। शिव कुमार कनौजिया 2018 बैच का एसआइ है।

## डीएमएफटी में पैसे होने के बावजूद बुनियादी जरूरतों के लिए तरस रही जनता: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश ने सोमवार को कहा कि झारखंड में जिला खनिज फाउंडेशन न्यास (डीएमएफटी) के अंतर्गत पर्याप्त राशि होने के बावजूद जनता परेशान है। राज्यसभा में आज डीएमएफटी बजट के उपयोग में संसद सदस्यों की भूमिका बढ़ाने तथा झारखंड में डीएमएफटी निधियों के उपयोग की स्थिति, ब्योरा और अनुमानित व्यय की जानकारी मांगी थी।

इसके उत्तर में केंद्रीय खान, कोयला व संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि झारखंड में अक्टूबर 2022 तक 10682.99 करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड का संग्रह हुआ है। व्यय राशि 5753.85 करोड़ रुपये है मतलब अब तक इस फंड से 53 प्रतिशत राशि खर्च हुई है। दीपक प्रकाश ने इस पर कहा कि इस फंड का उपयोग जिलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यकतानुसार किये जाने का प्रावधान है। पर जो सूचनाएं मिलती हैं, मीडिया में खबरें छपती



हैं, उससे स्पष्ट है कि पैसे खजाने में पड़े हैं लेकिन जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है।

केंद्रीय मंत्री के उत्तर के हवाले से दीपक प्रकाश ने बताया कि खान और खनिज (विकास और विनिमयन)संशोधन अधिनियम 2021, जो 28 मार्च 2021को लागू हुआ है, के तहत केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को डीएमएफ की शासी परिषद में सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों को शामिल करने का आदेश 23 अप्रैल 2021को ही किया है। इसके अनुसार जिले का प्रशासनिक पदाधिकारी डीएमएफ का अध्यक्ष और खनन क्षेत्र प्रभावित जिले के निर्वाचित सांसद, विधायक और विधान पार्षद उसके सदस्य होंगे।

**पहल : छह फीसदी राशि मानदेय से कटेगी, छह फीसदी सरकार देगी**

## 61 हजार पारा शिक्षकों की जमा होगी भविष्य निधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के 61421 पारा शिक्षकों की कर्मचारी भविष्य निधि (इपीएफ) का रास्ता साफ हो गया है। स्कूली शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने इस फाइल पर हस्ताक्षर कर दिया है। इपीएफ में 12 प्रतिशत राशि जमा होगी। इसमें पारा शिक्षकों के मानदेय का 6 प्रतिशत और 6 प्रतिशत सरकार देगी। सरकार पारा शिक्षकों के लिए कल्याण कोष का भी गठन करेगी। यह फैसला भी सोमवार



को लिया गया है। कल्याण कोष में जमा राशि से पारा शिक्षकों के रिटायरमेंट पर 5 लाख और किसी की आकस्मिक मृत्यु होती है, तो 5 लाख की आर्थिक मदद की जायेगी। यह निर्णय मंत्री की अध्यक्षता में हुई विभागीय समीक्षा बैठक में लिया गया है।

**बच्चों को एक दिन भी मिड डे मील नहीं मिला, तो बीइइओ का कटेगा वेतन**

वहीं राज्य के सरकारी स्कूलों में अब मिड डे मील का सारा जिम्मा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीइइओ) पर होगा। स्कूल में अब एक दिन भी बच्चों को मिड डे मील का भोजन नहीं मिलेगा, तो बीइइओ का दो दिन का वेतन काटा जायेगा। समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों के पद सृजन को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। मंत्री जगरनाथ महतो ने बताया कि राज्य में मिडिल स्कूलों में नौ हजार प्रधानाध्यापकों के पद सृजित किये जायेंगे।

**कई शिक्षकों की नियुक्ति गृह जिला में ही होगी**

सोमवार की बैठक में फैसला हुआ है कि अब कई शिक्षकों की गृह जिला में ही नियुक्ति की जायेगी। इसमें महिला शिक्षक, अगर पति-पत्नी शिक्षक हैं, स्वास्थ्य कारणों का हवाला देनेवाले शिक्षक शामिल हैं। बैठक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) निदेशक, झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के सचिव उपस्थित थे।

**रेमडेसिविर केस में गवाह की हत्या की कातिल निकली दूसरी पत्नी**

## 1.50 करोड़ बीमा की रकम की खातिर की थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित पुंदाग रोड, मंगलम एन्क्लेव में रहनेवाले राकेश रंजन की हत्या की कातिल दूसरी पत्नी प्रीति रंजन निकली। रांची पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ है। अरगोड़ा पुलिस ने महिला प्रीति रंजन को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला प्रीति रंजन मृतक राकेश रंजन की दूसरी पत्नी है। सोमवार की सुबह करीब 12 बजे महिला को हवाई नगर स्थित किराये के मकान से पकड़ा गया है। महिला पर पति स्व राकेश रंजन की हत्या का आरोप साबित हुआ है। महिला थाना में रख कर प्रीति रंजन से पूरे मामले में पूछताछ चल रही है।

### पुलिस को महिला के खिलाफ मिले हैं कई साक्ष्य

अरगोड़ा पुलिस को जांच में गिरफ्तार महिला प्रीति रंजन के खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं। मृतक राकेश रंजन ने 1.50 करोड़ का बीमा कराया था, जिसकी नॉमिनी



गिरफ्तार महिला प्रीति रंजन थी। वहीं, घटना के दिन सीसीटीवी कैमरा का बिजली कट कर दिया गया था, जबकि, महिला जब तक राकेश रंजन के घर पर थी, उस वक्त तक सीसीटीवी कैमरा चल रहा था। इसके अलावा भी पुलिस को कई सबूत महिला के खिलाफ मिले हैं।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 12.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.04 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.20 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## पूर्व सीएम ने दुमका डीएसपी को निशाने पर लिया

# डीएसपी नूर मुस्तफा के कारण मोहम्मद नासिर की गिरफ्तारी पर संशय: बाबूलाल

**कहा- दुमका में आखिर किसकी हिम्मत बढ़ी हुई है पंकज की, प्रेम की, अमित की, पूजा की, दाहू की, दुबे की, प्रमोद की और मुस्तफा की?**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को फिर दुमका के डीएसपी नूर मुस्तफा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि दुमका के शिकारीपाड़ा पिनरगड़िया रेलवे साइडिंग पर वर्चस्व की लड़ाई होती रहती है। इसी क्रम में पिस्तौल तानने और मारपीट मामले में मोहम्मद नासिर पर केस दर्ज हो गया। अब सबों को उसकी गिरफ्तारी का इंतजार है, पर उन्हें संशय है कि उसकी गिरफ्तारी होगी भी कि नहीं। संभव है कि एप्पल शेख की तरह मुख्यमंत्री के चहेते डीएसपी नूर मुस्तफा इस नासिर को भी जेल जाने से बचा लेंगे।

### ट्राइबल के लिए गुंजाइश नहीं

बाबूलाल मरांडी के अनुसार पिनरगड़िया रेलवे साइडिंग के रैक प्वाइंट पर चिप्स लोडिंग की अनुमति केवल सात कारोबारियों को है। ये सभी सभी अल्पसंख्यक हैं। यहां एक भी संताल आदिवासी के लिए गुंजाइश नहीं। इस प्वांइट पर ना तो उनकी जेसीबी चलती है, न चलाने की इजाजत है। ऐसे में हेमंत है तो हिम्मत है का नारा अपराधियों के लिए प्रभावी दिखता है। दुमका में आखिर किसकी हिम्मत बढ़ी हुई है पंकज की, प्रेम की, अमित की, पूजा की, दाहू की, दुबे की, प्रमोद की और मुस्तफा की?

# सांसद संजय सेठ ने की चंगाई सभाओं पर रोक लगाने की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को सांसद संजय सेठ ने नियम 377 के तहत अंधविश्वास बढ़ाने वाली चंगाई सभाओं पर रोक लगाने की मांग की। कहा कि झारखंड में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के कारण प्रत्येक वर्ष आधा दर्जन से अधिक लोग मौत का शिकार होते हैं। एक तरफ इस परिस्थिति से झारखंड जूझ रहा है तो दूसरी तरफ बीते कुछ वर्षों में झारखंड में चंगाई सभा के नाम पर अंधविश्वास का खेल भी बढ़ा है। प्रार्थना महोत्सव के नाम पर मूल रूप से लोगों को स्वस्थ करने का झांसा दिया जाता है। इसके बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर छपते हैं, जिसमें गंभीर बीमारियों सहित शारीरिक दिव्यांगता को ठीक करने का दावा किया जाता है। अंधविश्वास बढ़ाने वाली इन सभाओं में मुर्दों के जी उठने की भी बात कही जाती है। सांसद ने कहा कि यह कार्य झारखंड से बाहर के धर्म प्रचारकों व पादरियों द्वारा किया जाता है। इस वजह से चंगाई सभाओं में भीड़ बढ़ी है। इसकी आड़ में धर्मांतरण का भी कार्य हो रहा है।

सदन के माध्यम से सांसद ने आग्रह किया कि इस तरह की सभाओं पर रोक लगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाये जाये क्योंकि यह सिर्फ झारखंड की समस्या नहीं है। आदिवासी बहुल जितने भी क्षेत्र हैं, उन सभी की समस्या है। इस तरह के अंधविश्वास बढ़ाने वाली सभाओं पर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

# हेमंत सरकार की कैबिनेट बैठक कल



**रांची (आजाद सिपाही)।** आगामी बुधवार यानी 14 दिसंबर को हेमंत सोरेन सरकार की मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) बैठक होगी। बैठक शाम चार बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा इसे लेकर सूचना जारी की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कमरे में होगी। कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पर सहमति मिलने की संभावना है।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671–2367768-783, FAX: 0671–2367663
E-mail: crrictc@nic.in

**Advertisement No. 38/GA/AFO/2022-23**

Walk-in-Interviews are to be held on **22.12.2022 for selection of one (01) Graduate Assistant (GA) and one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Development & Demonstration of Rice Based Integrated Farming System for Livelihood Security of Small and Marginal Farmers in Coastal Odisha" (EAP-252).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI **website-https://icar-nrri.in.**

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**

## झारखंड, बंगाल एवं ओड़िशा राज्य के कुड़मियों ने संसद भवन का किया हुड़का जाम

# कुड़मी को एसटी की सूची में शामिल करने के लिए आर-पार की लड़ाई का एलान

**हजारों की संख्या में शामिल हुए समाज के लोग, सांसद, विधायक और अन्य नेता भी पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) समाज के बैनर तले कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर दिल्ली स्थित संसद भवन का घेराव कार्यक्रम हुड़का जाम किया। सोमवार को टोटेमिक कुरमी/कुड़मी समाज के संयोजक शीतल ओहदार के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें झारखंड, बंगाल और ओड़िशा राज्य के कुड़मी समाज के लोग हुए। संसद भवन घेराव कार्यक्रम में कुड़मी समाज के सभी मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक सहित अन्य लोग शामिल हुए। शीतल ओहदार ने कहा कि संसद भवन कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा और आनेवाले दिनों में देश की दशा और दिशा तय करेगा। पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने कहा कि 3 मई 1913 को प्रकाशित इंडिया गजट नोटिफिकेशन नः 550 में कुड़मी जनजाति को एवोरिजनल एनिमिस्ट मानते हुए छोटानागपुर के कुड़मियों को अन्य आदिवासियों के साथ भारतीय उत्तराधिकारी कानून 1865 के प्रावधानों से मुक्त रखा गया। 16 दिसंबर 1931 को प्रकाशित बिहार-ओड़िशा गजट नोटिफिकेशन नः 49 पटना में भी साफ-साफ उल्लेख किया गया कि बिहार-ओड़िशा में निवास करनेवाले मुंडा, उरांव, संथाल, हो, भुमिज, खड़िया, घासी, गोंड, कांध, कौरआ, कड़मी, माल, सौरिआ और पान को प्रिमिटिव ट्राइव मानते हुए भारतीय उत्तराधिकारी कानून 1925 से मुक्त रखा गया। कुड़मी समाज अब जाग चुका है और अपने हक अधिकार के प्रति सजग हो चुका ह। अब कुड़मी समाज अपने संवैधानिक अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। सांसद विद्युतवरण महतो ने कहा कि कुड़मियों को अब एकजुट होकर एसटी की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि कुड़मी जनजाति का जो सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीक क्षति हो चुकी है। पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी ने कहा कि हम एसटी हैं और कुड़मी को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग करते हैं, क्योंकि कुड़मी की मांग जायज है। पूर्व मंत्री केशव कमलेश महतो ने कहा कि केंद्र सरकार अविलंब कुड़मी को एसटी की सूची में शामिल करें, मांडू के विधायक जयप्रकाश पटेल ने कहा कि कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाये। गोमिया के विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि कुड़मी जनजाति आदिम काल से ही अपने कबीले के अंतर्गत 81 गुसटियों में विभक्त होकर अपने प्रथागत परंपराओं से सुचारू पूर्वक कुड़मालि चारि की जीवन धारा में प्रवाहमान रहे। इा मौके पर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद ममता मोहंता, बंगाल के मंत्री श्रीकांत महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, ओमप्रकाश महतो, लाल्टू महतो, जय मुनि मोहंता, रामपोदो महतो, राजेश महतो, गुरुदेव महतो, अमित महतो, रणधीर चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने सीएम को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच सूत्री मांग-पत्र सौंपा। इस मांग-पत्र की प्रतिलिपि राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष को भी दिया गया। मांग-पत्र में कहा है कि राज्य सरकार द्वारा विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के प्रस्ताव का वैश्य मोर्चा स्वागत करती है। साथ ही मांग की जाती है कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला को राज्य सरकार विधिसम्मत तरीके से आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू करे और पारदर्शिता के लिए हर प्रक्रिया एवं गतिविधि को सार्वजनिक करे। राज्य सरकार अपनी जवाबदेही में केंद्र सरकार से अनुसूची-9 के तहत पारित करवाये और जब तक ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दे दिया जाता है, तब तक राज्य में नियुक्ति पर पूर्णतः रोक लगायी जाये। दूसरी मांग में कहा गया है कि राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद ही निकाय चुनाव कराये।

तीसरी मांग में कहा गया है कि वैश्य मोर्चा द्वारा 9 नवंबर को वैश्य झारखंड आंदोलनकारियों से संबंधित सौंपे गये मांग-पत्र पर सरकार से यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की जाती है

### 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के प्रस्ताव का स्वागत

तथा किये गये पहल से वैश्य मोर्चा को अवगत कराया जाये। चौथे मांग में कहा कि केंद्र सरकार की नियुक्तियां, यहां तक कि बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में भी सरकारी बहाली में ओबीसी को 3 वर्ष उम्र सीमा की छूट है। वहीं झारखंड में मात्र 2 वर्ष की उम्र सीमा छूट दी जाती है। झारखंड में भी ओबीसी को 3 वर्ष उम्र सीमा की छूट दी जाये। पांचवें मांग में कहा गया है कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में वैश्य समाज के लोगों ने भी अहम भूमिका अदा किया था। शहीद हुए, पुलिस की लाठियां खाई, जेल गये और विभिन्न तरीकों से आंदोलन में अपना योगदान दिया। फिर भी वैश्य समाज की उपेक्षा, हत्या, लूट, रंगदारी, सरकारी दमन जारी है। राज्य सरकार इस ओर ध्यान दे, अन्यथा वैश्य मोर्चा एक बार फिर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। मांग-पत्र सौंपने के दौरान केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, संगठन सचिव अनिल वैश्य, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहू मौजूद थे।

## उद्योग सचिव से मिले चैंबर प्रतिनिधि, विभिन्न मुद्दों से कराया अवगत

# औद्योगिक क्षेत्रों में अप्रोच रोड तक की सुविधा नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को उद्योग सचिव से मुलाकात कर अपने विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं के विकास को जरूरी बताते हुए कहा कि कई औद्योगिक क्षेत्रों में अप्रोच रोड तक की सुविधा नहीं है। इससे उद्यमियों को कठिनाई हो रही है। जरूरी है कि जियाडा द्वारा प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक संगठनों को सफाई और मेंटेनेंस के लिए अधिकृत किया जाये। उन्होंने योजनाओं का लाभ राज्य के 75 फीसदी एसटी लाभार्थियों के लिए आरक्षित करने, पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और एमएसएमइ द्वारा उत्पादित उत्पादन का 25 फीसदी क्रय झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है कि उद्योग विभाग द्वारा स्टेकहोल्डर्स के साथ एक नियमित अंतराल पर सीधा संवाद किया जाये। इस पर उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने जनवरी माह में चैंबर भवन में स्वयं उपस्थित होकर राज्य के उद्यमियों के साथ वार्ता करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंड की लीज अवधि 30 वर्ष से बढ़ाकर पूर्व की भांति 99 वर्ष करने, औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन प्रक्रिया में संशोधन करने, वाणिज्यकर विभाग द्वारा एसजीएसटी के रिंबर्समेंट में दिखाई जा रही उदासीनता पर कार्रवाई करने, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए वनोपज से इथेनॉल बनाने में फॉरेस्ट प्रोड्यूस का उपयोग किये जाने, जियाडा द्वारा निर्गत किये जानेवाले डेट ऑफ प्रोडक्शन सर्टिफिकेट के समय पर नहीं मिलने से परेशानी, जेएसएमडीसी से उद्योगों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और भूमि की कीमत के किस्त भुगतान की अवधि को पुनः विस्तारित करने की मांग की गयी। उद्योग सचिव ने सभी मुद्दों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, ज्योति कुमारी, बिनोद अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# हेमेंद्र प्रताप देहाती के स्वास्थ्य में सुधार, मिले मंत्री मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के न्यू ट्रामा सेंटर में भर्ती पूर्व स्वास्थ्य मंत्री हेमेंद्र प्रताप देहाती से मिलने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर पहुंचे। इस दौरान डॉक्टरों से उनकी सेहत की जानकारी ली। हेमेंद्र प्रताप देहाती से मुलाकात के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने भोजपुरी में बातचीत की। चाचा कह कर संबोधित किया और प्रणाम कर उनका आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि कनहर सिंचाई परियोजना में पानी देखे के बा। इस दौरान भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही भी मौजूद थे।

बता दें कि सांस की नली में संक्रमण और यूरिन में समस्या के बाद हेमेंद्र प्रताप देहाती को नौ दिसंबर को रिम्स में भर्ती किया गया है। मेडिसिन विभाग के डॉ संजय कुमार सिंह की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

### रिम्स की व्यवस्था में अब हो रहा है सुधार

मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पहले से ज्यादा उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। रिम्स की व्यवस्था पर भरोसा दिखाते हुए कहा कि ऐसी व्यवस्था पूरे झारखंड में नहीं है। यहां के डॉक्टर, नर्स और सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों का बेहतर तरीके से पालन कर रहे हैं। राज्य के लोगों का विश्वास रिम्स के प्रति बढ़ रहा है। यही वजह है कि खुद एक विधायक अपने पिता का इलाज रिम्स में करवा रहे हैं। उन्होंने हेमेंद्र प्रताप देहाती के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### सेहत में हो रहा सुधार : भानु प्रताप शाही

भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा है कि पहले से स्वास्थ्य बेहतर है। हालांकि ऑक्सीजन लेने में थोड़ी समस्या हो रही है। अभी उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर ही रखा गया है।

## डीसी ने टैगोर हिल का किया निरीक्षण

# अतिक्रमण हुआ या नहीं जांच कर सीओ से मांगी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टैगोर हिल पहाड़ की जमीन का अतिक्रमण हुआ या नहीं इसको लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित बड़गाईं सीओ से अतिक्रमण को लेकर जानकारी ली। सीओ ने बताया कि टैगोर हिल के निचले हिस्से में चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया गया है। निर्माण कार्य करा रहे लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों की जांच की जा रही है। इस पर डीसी ने सीओ को निर्देश दिया है कि जमीन का अतिक्रमण हुआ है या नहीं इसकी जांच कर इससे संबंधित रिपोर्ट जल्द दें। निरीक्षण के क्रम में बड़गाईं अंचल के सीआइ, अंचल कार्यालय कर्मी और अमीन उपस्थित थे।

### निर्माण हो सकता है या नहीं जांच करें

टैगोर हिल के निचले हिस्से में निर्माण कराये जाने को लेकर डीसी ने सीओ से कहा निर्माण करा रहे लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेज की अच्छे से जांच करें। जांच में सभी कागजात सही पाये जाते हैं। तो भी इसकी पुष्टि कर लें कि क्या भूमि की प्रकृति के हिसाब से नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जा सकता है या नहीं? मालूम हो कि निचले हिस्से में निर्माण कार्य को लेकर डीसी ने बड़गाईं सीओ को पूर्व में ही स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा था। वहीं, सोमवार को खुद उन्होंने स्थल का निरीक्षण कर अतिक्रमण का जायजा लिया।

# 15 से 21 जनवरी तक हरमू मैदान में श्रीराम कथा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हरमू मैदान रांची में 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्रीराम कथा सेवा समिति, रांची के सान्निध्य में होगा। संत श्री प्रेम भूषणजी महाराज के शिष्य राजनजी महाराज श्रीराम कथा के व्यासपीठ से श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। सात दिनों तक राजनजी महाराज के जरिये सभी धर्म प्रेमियों को श्रीराम कथा के रसपान का आनंद प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम के लिए रांची के सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाना है। कथा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन भी जल्द होगा। इसमें आयोजन से संबंधित सेवा भाव कार्यक्रम के लिए विभागीय संयोजक बनाया जायेगा। अभी इसके लिए 100 से भी ज्यादा लोग आयोजन में अपनी सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, बसंत गौतम, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल समेत अन्य लोग अभी लगे हुए हैं। प्रमोद सारस्वत के मुताबिक कथावाचक राजनजी महाराज द्वारा 2011 से निरंतर भारत सहित विदेशों में 250 सौ से भी अधिक रामकथा की अमृत वर्षा की जा चुकी है। 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक तय है। रामकथा आयोजन के कथा स्थल पर 50 हजार स्क्वायर फीट का वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जायेगा जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। पंडाल के अंदर जहां जमीन पर गद्दे चादर की उपलब्धता होगी, वहां वृद्ध-बुजुर्गों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था रखी जायेगी। साथ ही साथ महिला और पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। पंडाल के अंदर लाइट की सुविधा के संग बड़े एलइडी की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। श्रोताओं की सुविधा का पूर्ण ख्याल रखा जायेगा।

पंडाल के बाहर पीने के पानी की व्यवस्था, चरण पादुका रखने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साथ ही साथ प्रतिदिन प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी रहेंगे। समिति इसकी तैयारियों में लगी है। सुरक्षा के लिए प्रशासन से कथा के समय सहयोग का आग्रह किया गया है। रांची के आसपास जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## क्रिसमस और नये साल को लेकर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान किया तेज

# नशे में किया ड्राइव तो देना होगा जुर्माना, गाड़ी भी रख ली जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रांची की ट्रैफिक पुलिस अब सख्त होने जा रही है। क्रिसमस और नये साल को लेकर पुलिस ने वाहन चेंकिग अभियान तेज कर दिया है। रविवार देर रात भी ताबड़तोड़ चेंकिग की गयी। इस दौरान 143 वाहनों की जांच की गयी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद उन पर जुर्माना लगाया गया। नशे में धुत कुछ लोग तो ट्रैफिक पुलिस से उलझ भी गये। मेडिकल जांच के बाद उनकी गाड़ियां जब्त कर ली गयीं। रांची के एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि रांची के चारों यातायात थाना की ओर से ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया । इनमें लालपुर में 29 लोगों की जांच हुई। इसमें चार पॉजिटिव मिले। जबकि, चुटिया इलाके में 45 लोगों की जांच में एक पॉजिटिव और गोंदा इलाके में 45 लोगों की जांच में एक पॉजिटिव पाया गया। वहीं जगरनाथपुर इलाके में 24 जांच में एक भी पॉजिटिव नहीं मिला। यानि कुल 6 लोग पॉजिटिव पाये गये।

### 50 दिनों तक चलेगा अभियान

एसएसपी ने बताया कि नया साल और क्रिसमस को देखकर यह अभियान चलाया जा रहा है। अक्सर शराब के नशे में लोग वाहन चलाते दिख जाते हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंका भी काफी अधिक होती है। चालक अपना नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनकी गलती की सजा पैदल चल रहे लोगों को मिल जाती है। इसे देखते हुए यह कड़ाई बरती गयी है। ट्रैफिक में तैनात पुलिस पदाधिकारियों को सख्त आदेश दिया गया है कि अगले 50 दिन लगातार अभियान चलायें ताकि लोग शराब पीकर गाड़ी नहीं चलायें।

## राजधानी के बड़गांई अंचल के खाता संख्या 169 और 68 को लेकर आम सूचना जारी

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी के बड़गांई अंचल के खाता नंबर 169 और 68 की दो एकड़ 22 डिसमिल जमीन पर बिचौलियों की नजर पड़ गयी है। इस मामले पर अधिवक्ता बबलू कुमार सिंह की तरफ से आम सूचना प्रकाशित की गयी है। जानकारी के अनुसार यह जमीन करमटोली स्थित रामप्यारी आर्थो हॉस्पिटल के सामने है। इस जमीन को लेकर व्यवहार न्यायालय में भी मामला लंबित है। आदिवासी बकाश्त भुइंहरी नेचर की यह जमीन स्वर्गीय मंगरा मुंडा की है। इन खातों के प्लाट संख्या 1259, 1263, 1264, 1265, 1267 और 1262 के 2.22 एकड़ जमीन पर कुछ क्षेत्रीय नेताओं और जमीन के बिचौलियों की नजर है। आम सूचना में कहा गया है कि संबंधित जमीन की खरीद-बक्री के नाम पर ठगी के कई मामले सामने आये हैं। 17 फरवरी 2022 को कुछ असामाजिक तत्वों की तरफ से जमीन के बाउंड्रीवाल को भी गिरा दिया गया था। दीवार गिराने को लेकर जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी, उन्हें अब तक जमानत नहीं मिली है। जमीन को लेकर सिविल सूट, सिविल रिट, भी विभिन्न न्यायालयों में लंबित है।

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलनः उप समितियों का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थायी समिति की प्रथम बैठक प्रांतीय कार्यालय हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन मे प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष ने उपस्थित सभी स्थायी समिति के सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि दो वर्षों के कार्यकाल में झारखंड में मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों की संख्या दस हजार का लक्ष्य पूरा किया जायेगा। सदस्यता शुल्क की 50% राशि जिला शाखा को दी जायेगी एवं राष्ट्रीय से 10% राशि लेने का आग्रह किया जायेगा। मारवाड़ी सम्मेलन संगठन विस्तार, समाज सुधार, समाज विकास, राष्ट्रीय एकता, समरसता एवं जन सेवा के क्षेत्र में सशक्त एवं प्रभावशाली ढंग से पूरे राज्य में कार्य करेगा।

बैठक में उप समितियों का गठन कर संयोजक नियुक्त किया गया। इसमें प्रांतीय पंचायत समिति-भागचंद पोद्दार, प्रांतीय शिक्षा ट्रस्ट-विनय कुमार सरावगी, भवन निर्माण समिति ट्रस्ट-पूर्व सांसद महेश पोद्दार, मारवाड़ी समाज सुधार समिति- मुकुंद रूंगटा, आदर्श आचार संहिता समिति-डॉक्टर विष्णु राजगढ़िया, संविधान सुधार समिति-रतनलाल बंका, चिकित्सा समिति-पूर्व सांसद अजय मारू, रोजगार समिति-धर्मचंद जैन रारा, शाखा विस्तार समिति का दायित्व मनोज बजाज को सौंपा गया।

बैठक में अधिवेशन की समीक्षा की गयी तथा प्रांतीय संविधान का राष्ट्र द्वारा अनुमोदन पर चर्चा की गयी तथा अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए स्वागताध्यक्ष महेश पोद्दार, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष सुभाष पटवारी, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल सहित सभी विभागों के संयोजकों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल मारू ने वित्तीय एवं बैंकिंग स्थिति की प्रगति पर लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक का संचालन प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने किया तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष मनोज बजाज ने किया।

उक्त जानकारी देते हुए मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक में प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी, महामंत्री रवि शंकर शर्मा, संगठन महामंत्री प्रदीप राजगढ़िया, डॉ विष्णु राजगढ़िया, मनोज बजाज, राहुल मारू, सुभाष पटवारी, संजय सर्राफ, धर्मचंद जैन रारा, सौरभ सरावगी, राकेश जैन रारा, मनीष लोधा, महेंद्र कुमार जैन, प्रदीप जैन बाकलीवाल, प्रवीण व्यास, नरेश बंका, रमाशंकर बगड़िया, अमित शर्मा, आकाश अग्रवाल, रजत आनंद, श्याम सुंदर अग्रवाल, रामपाल जोशी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### द पाठशाला में तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। आइआइटी जेइइ का अग्रणी संस्थान द् पाठशाला में तीसरा स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर दोनों सेटर पर पूजा आयोजित की गयी और प्रसाद एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। द् पाठशाला के निर्देशक शिवशंकर कुमार ने बताया कि बहुत ही कम समय मे संस्थान ने बच्चों और अभिभावकों का विश्वास प्राप्त किया है। संस्थान का रिजल्ट भी काफी बेहतरीन रहा है। द् पाठशाला में 8 जनवरी 2023 को छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें छात्र 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं।

### योगा चैंपियनशिप में टेंडर हार्ट का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। टेंडर हार्ट विद्यालय रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएससीइ ईस्ट जोन योगा चैंपियनशिप 2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेकों मेडल जीते। 8 से 10 दिसंबर तक जवाहर नेहरू मेमोरियल विद्यालय धनबाद में आयोजित इस योगा चैंपियनशिप में विद्यालय के पुरुष और महिला योगा टीम ने अंडर-19 पुरुष वर्ग और अंडर-19 महिला वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक में कब्जा जमाया। वहीं दूसरे तरफ विद्यालय के 8वीं कक्षा के छात्र क्रिशू ने अंडर-19 एकल में कांस्य पदक जीता। विगत 2 महीनों में यह तीसरी बार ऐसा राष्ट्रस्तरीय योगा चैंपियनशिप है। जिसमें विद्यालय का दबदबा रहा है। सीबीएससीइ के निर्देशानुसार विद्यालय ने कुशल योगा शिक्षकों के मार्ग दर्शन में योगा को छात्रों के लिए अनिवार्य किया और सभी छात्र विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। सभी विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर निदेशक सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जापानी भाषा सिखाने वाले स्कूल टोक्यो के साथ पीयर्स ने एमओयू किया



रांची (आजाद सिपाही)। ग्लोबलाइजेशन और खुली अर्थव्यवस्था के दौर में फॉरेन ट्रेड यानी विदेश भाषा ने करियर के विकल्प के तौर पर काफी अहमीयत और लोकप्रियता हासिल की है। आज बड़ी संख्या में कंपनियां अलग-अलग स्थानों पर अपने ट्रेड और बिजनेस से जुड़ी सेवाओं को विस्तार देने में जुटी हैं। ऐसे में छात्रों के लिये फॉरेन लैंग्वेज करियर विकल्प में महत्वपूर्ण हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड के छात्रों के लिए बेहतर कैरियर मार्ग और नौकरी के अवसरों के लिए रिचिनोमोरी जापानी भाषा सीखाने वाले स्कूल टोक्यो के साथ पीयर्स ने एमओयू किया है। सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विदेशी भाषा सीखने के बाद अवसर करियर पथ का विस्तार करना था। इस मौके पर राजीव सिन्हा (सीइओ) पियर्स ने कार्यक्रम की जानकारी दी और रिचिनोमोरी के सहयोग से रांची में नया भाषा प्रशिक्षण केंद्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पियर्स लगातार झारखंड के छात्रों के लिए अधिक से अधिक अवसर लाने का प्रयास करेगा। इस अवसर पर सभी छात्रों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर पीयर्स की टीम और रिकोनोमोरी के प्रतिनिधियों के साथ अभय, अनूप, एमआर सुनील कुमार झा, सुबोध, समीक्षा, अभिजीत सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सरकार की योजनाओं और कार्यों से कराया अवगत

# फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत सहायता राशि 25000 करने पर निर्णय जल्द : हेमंत

**सरकार की योजनाओं से खुद भी जुड़ें और दूसरों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया नवडीहा (पंचायत), घाघरा, गुमला।** राज्य सरकार की स्पष्ट सोच है कि हर व्यक्ति की ना सिर्फ बात सुनी जाए, बल्कि उसकी समस्याओं का भी समाधान हो। इसी कड़ी में हम जिलों का दौरा कर जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं ,ताकि उनकी परेशानियों को समझते हुए उसका निराकरण कर सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को गम्हरिया नवडीहा (पंचायत), घाघरा, गुमला में आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए ये बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे खुद क्षेत्र भ्रमण कर विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को समझने का प्रयास कर रहे हैं।


गम्हरिया, नवडीहा (पंचायत ), घाघरा, गुमला में जलापूर्ति योजना का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।


लोहरदगा के सेन्हा प्रखंड में कंदरा से चंदवा मोड़ तक 13 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ।

**प्रखंड से मुख्यालय तक के अधिकारी आपके दरवाजे पर आ रहे हैं :** मुख्यमंत्री ने कहा आम जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की दिशा में सरकार पूरी ताकत के साथ कार्य कर रही है । इस सिलसिले में मुख्यालय में पदस्थापित वरीय अधिकारी से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारी गांव,- गांव और टोले - टोले जाकर आपको सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रहे हैं ।ये अधिकारी इस दौरान जो खामियां मिल रही है, उसको भी दूर करने का कार्य कर रहे हैं । वे विकास कार्यों का भी निरीक्षण कर रहे हैं ताकि इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश ना रहे।

**सरकार की योजनाओं से खुद भी जुड़े और दूसरों को भी जोड़ें :** मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया । उन्होंने कहा कि पुरुष, महिला , बुजुर्ग, विद्यार्थी, युवा और दिव्यांग समेत सभी तबके के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए सरकार की योजनाएं हैं । आप इन योजनाओं से जुड़े और दूसरों को भी जुड़ने में सहयोग करें।

**सरकार की योजनाओं, कार्यो और गतिविधियों की सराहना :** इस मौके पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभुकों ने अपने कार्यों और अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सरकार के कार्यों, गतिविधियों और योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे बड़े तबके को लाभ मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

**फूलो झानो आशीर्वाद योजना की सहायता राशि में होगी वृद्धि** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना चलाई जा रही है । इस योजना के तहत अभी 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है, जिसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने पर सरकार विचार कर रही है।

**जलापूर्ति योजना का किया उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गम्हरिया के लिए जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के तहत इस पंचायत के 1560 घरों में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायेगी। लोक संवाद में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की और जीगा सुशारन होरो, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने खतियान जोहार यात्रा को सफल बनाने किया आह्वान



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में मंगलवार को आयोजित खतियान जोहार यात्रा सह आशीर्वाद यात्रा एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समाहरणालय मैदान में जनता के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्थानीय विधायक एवं झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनों से बढ़ चढ़ कर शामिल होने एवं सफल बनाने का आह्वान किया है। मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने एम्स दिल्ली गये वित्त मंत्री इलाजरत हैं, इसलिए कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन कार्यक्रम की सफलता को लेकर डॉ रामेश्वर उरांव ने अपनी शुभकामनाएं दी है एवं कहा है कि महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने का बेहद अफसोस है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जनता के साथ सीधा संवाद और आम लोगों की समस्याओं को सुन कर तुरंत उसका निष्पादन और सुझावों को अहमियत देना झारखंड के इतिहास में यह अनोखी और अनुकरणीय कार्य है। इसलिए आशीर्वाद यात्रा को आम जनता का व्यापक समर्थन और सहयोग मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा है कि दो तीन दिनों के अंदर डा उरांव पूरी तरह स्वस्थ होकर रांची लौटेंगे।

### झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने कवयित्री गीता चौबे गूंज को किया सम्मानित



**रांची (आजाद सिपाही)।** कवयित्री, लेखिका एवं उपन्यासकार गीता चौबे गूंज की तीन पुस्तकों का लोकार्पण सह पुस्तक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को प्रेस क्लब, रांची में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बताते चलें कि इसके पहले भी गूंज की तीन कृतियाँ प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें दो कविता-संग्रह और एक उपन्यास बंद घरों के रोशनदान जो 'कृति-सम्मान 2021 से ग्वालियर में सम्मानित हो चुका है। झारखंड हिन्दी साहित्य एवं संस्कृति मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ हरेराम त्रिपाठी चेतन और विशिष्ट अतिथि डॉ माया प्रसाद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अशोक प्रियदर्शी ने की। कृति-चर्चा में डॉ जंगबहादुर पांडेय, अनिता रश्मि एवं डॉ राजश्री जयंती ने विचार व्यक्त की। मंच के संरक्षक विनय सरावगी, उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच के सचिव विनोद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना कविता रानी सिंह ने तथा कार्यक्रम संचालन मुनमुन ढाली ने किया। इस अवसर पर डॉ पंपा सेन ने लेखिका की कृतियों का उल्लेख की। रेणु झा ने पुस्तक 'कल-कल निनाद' से एक माहिया गीत का गायन किया। डॉ अशोक प्रियदर्शी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नए लेखकों को पुराने साहित्य का खूब अध्ययन-मनन करें और धैर्य से लेखन की ओर अग्रसर हों।

### केंद्र सरकार द्वारा प्री मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : अख्तर अली



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मिलने वाले मौलाना अबुल कलाम आजाद फैलोशिप प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप को बंद कर अपनी अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। मोदी सरकार का नारा सबका साथ सबका विश्वास खोखला साबित करती है क्योंकि मोदी सरकार आए दिन कोई न कोई ऐसा कार्य करती है जिससे अल्पसंख्यक समुदाय का हक वा हकुक छीनने का कार्य करती है और मोदी सरकार अल्पसंख्यक में खास कर मुस्लिमो को हासिये में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ती, हमारी कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार की इस नीति का घोर विरोध करती है। कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने संसद में पुरजोर आवाज उठाई और मोदी सरकार इसका अनुसरण करते हुए केंद्र सरकार से मांग करती है कि इस स्कॉलरशिप को दोबारा लागू की जाये।

## वाइबीएन विवि में राष्ट्रीय कांफ्रेंस का चौथा दिन

# शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में नौ से 16 दिसंबर तक 8 दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस के आयोजन का चौथा दिन था। सोमवार को स्कूल ऑफ नर्सिंग, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं आइटी और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी में शोधार्थियो ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी दीपक कुमार ने सभी का आभार प्रकट किया और सभी शोधार्थियो को शुभकामनाएं दी। सोमवार का थीम ऑफ टॉपिक कंप्यूटर साइंस एवं आइटी और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के लिए रीसेंट ट्रेंड इन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इम्पोर्टेंस ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इन रिसर्च इनोवेशन था। साथ ही नर्सिंग के लिए इम्प्लिकेशंस ऑफ मल्टीडिसिपिलिनरी रिसर्च इन स्ट्रेंग्थेनिंग नर्सिंग प्रैक्टिस, सिग्नीफिकेन्स ऑफ मेंटल हेल्थ इन लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन था। इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधी के रूप में डॉ टी वेनुमाधव प्रिंसिपल ऑडीशंकरा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आंध्र प्रदेश, डॉ घनश्याम दास प्रोफेसर एंड एसोसिएट डीन पीजी डिपार्टमेंट ऑफ मटेरियल एंड मेटॉलॉजिकल इंजीनियरिंग एनआइएएमटी रांची, डॉ चंदन कुमार एसोसिएट प्रोफेसर बीआइटी सिंदरी धनबाद, डॉक्टर एस एस त्रिपाठी एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ इसीइ बीआइटी मिश्रा रांची, डॉ प्रशांत प्रसून एसोसिएट प्रोफेसर सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची, प्रोफेसर डॉ अनुपमा विजय ओका प्रिंसिपल रिद्धी विनायक कॉलेज ऑफ नर्सिंग महाराष्ट्र, डॉ राजेश कौननूर प्रोफेसर कुर्जी होली फैमिली हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग पटना बिहार ने अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवो को साझा किया। मौके पर स्कूल ऑफ नर्सिंग डीन डॉ ए सुमति, स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस व आइटी डीन इंचार्ज मिस्टर रितेश निराला और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी डीन इंचार्ज डॉ अंजनी कुमार सिंह ने भी अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवो को साझा किया। राष्ट्रीय कंफ्रेस के चौथे दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर कंफ्रेंस संचालक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, ने कहा कि यह कांफ्रेंस मल्टीडिसिपिलिनरी अप्रोच के साथ साथ मल्टी डायनामिक कीनोट स्पीकर्स के जमावड़ा से वाईबीएन यूनिवर्सिटी धन्य हो गया। साथ ही डॉ आशिष सरकार, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी दीपक कुमार मौजूद रहे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में विज्ञान एवं आर्ट प्रदर्शनी



**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्मी पब्लिक स्कूल में विज्ञान व आर्ट का दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अथिति कोकरेल डिवीजन की चेयरपर्स विजीका चौधरी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अभय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विजीका चौधरी ने छात्रों के बनाए मॉडल और उनकी प्रतिभा की सराहना की।

### क्रिसमस पेंटिंग एवं सांता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को रांची मे आईफा इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस फीवर की शुरूआत हुई। इस मौके पर बच्चों के बीच क्रिसमस पेंटिंग तथा सांता फेंसी ड्रेस लाइक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। आइफा इंटरनेशनल के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने कहा की बच्चों के लिए मंच प्रदान करना बहुत बड़ी बात है ताकि उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा सामने आ सके। अली खान ने कहा की इस प्रतियोगिता में सरकारी स्कूल के बच्चे तथा प्राइवेट स्कूल के बच्चे दोनों एक साथ मंच पर अपना हुनर दिखाए है। इस मौके पर अली अब्बास, अलीना, अर्तिक रजा, हालमा हस्सन, अलिया आदि मौजूद थे।

# आइएएस के हाथों में होगी रिम्स एडमिनिस्ट्रेशन की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स में व्यवस्था सुधार को लेकर झारखंड हाइकोर्ट लगातार फटकार लगा रहा है। अधिकारियों को कोर्ट में बुलाया जा रहा है। इतना ही नहीं कोर्ट ने निदेशक को यहां तक कह डाला कि काम नहीं करना चाहते है तो अपने पद से इस्तीफा दे दें। इसके बाद भी रिम्स की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अब रिम्स की कमान किसी आइएएस के हाथों में देने का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग तैयार कर रहा है। इसमें हॉस्पिटल प्रबंधन को देखने का काम उनके जिम्मे होगा। वहीं किसी के भी विरुद्ध एक्शन लेने का भी पावर उनके हाथों में होगा। बताते चलें कि रिम्स की गवर्निंग बॉडी की बैठक में पहले भी निर्णय लिया गया था कि डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्यों से दूर रखा जायेगा।

**एडिशनल डायरेक्टर हैं आइएएस चंदन :** हॉस्पिटल में फिलहाल एक आइएएस को मैनेजमेंट में जगह दी गयी है। चंदन कुमार को एडिशनल डायरेक्टर बनाया गया है, लेकिन उनकी भी कुछ लिमिट्स हैं। अब नये प्रस्ताव के अनुसार उनके एडमिनिस्ट्रेटिव पावर को बढ़ाये जाने की उम्मीद है, जिससे हॉस्पिटल में व्यवस्था को सुधारने में मदद मिलेगी।

**विभागों में काम हो रहा प्रभावित :** हॉस्पिटल में मेडिकल सुपरिटेंडेंट के पद पर पेडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट के एओडी डॉ हिरेंद्र बिरुआ को जिम्मेवारी दी गयी है। इस वजह से पेडियाट्रिक सर्जरी डिपार्टमेंट में बच्चों की सर्जरी धीमी पड़ गयी है। वहीं डॉक्टर की कमी से ओपीडी में भी मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा डॉ शिव प्रिये को डीन स्टूडेंट वेलफेयर बनाया गया है। वहीं डॉ राकेश रंजन को मेडिकल ऑफिसर स्टोर में तैनात किया गया है।





JOIN INDIAN NAVY

Indian Navy invites online applications from unmarried male and unmarried female candidates (who fulfil eligibility conditions as laid down by the Government of India) for Agniveer 01/2023 (May 23) Batch

| Entry | Educational Qualification | Vacancies | Born Between (Both Date Inclusive) |
|---|---|---|---|
| AGNIVEER (Senior Secondary Recruit) | Qualified in 10+2 examination with Maths & Physics and at least one of these subjects:- Chemistry/ Biology/ Computer Science from the Boards of School Education recognised by Ministry of Education, Govt. of India | 1400 (including a maximum of 280 female) | 01 May 2002 to 31 Oct 2005 |
| AGNIVEER (Matric Recruit) | Passed Matriculation Examination from the Boards of School Education recognised by Ministry of Education, Govt. of India | 100 (including a maximum of 20 female) | |

Online application window is open till 17 Dec 22

For eligibility criteria and details for the batch, visit www.joinindiannavy.gov.in and Employment News dated 03 Dec 22.

For queries contact Help Desk : Email - support-in@cdac.in Telephone - 9363322818, 011 21410669

Scan this QR Code to apply online

CBC/10701/13/0012/2223

# बनी रहेगी चुनौती

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस में गुटबाजी की जितनी चर्चा पिछले दो दिनों से थी, उसके मद्देनजर नये सीएम के रूप में सुखविंदर सिंह सुक्खू का चयन सहजता से हो गया। हालांकि यह फैसला उतना सहज है नहीं, जितना ऊपर से लग रहा है। चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह ने खुल कर अपने परिवार का दावा पेश किया था। इसके पीछे वीरभद्र सिंह की समृद्ध विरासत थी। ध्यान रहे, इन चुनावों में बीजेपी की हार के पीछे एक बड़ा कारण पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम सिंह धूमल की कथित उपेक्षा से उपजे असंतोष को ही बताया जा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं है कि कांग्रेस ने राज्य में एक तरह से जोखिम मोल लिया है। मगर इस जोखिम की वजह से प्रदेश राजनीति को एक सार्थक मोड़ मिला है। राज्य में कांग्रेस की राजनीति राजपरिवार के साये से बाहर निकली है। सुक्खू एक आम परिवार से आते हैं। राजनीति में भी उनका करियर बिल्कुल नीचे से ऊपर उठने का रहा है। कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि नया नेतृत्व सरकार में अपने कार्यकाल का फायदा उठाते हुए प्रदेश में पार्टी को मजबूती देगा। मगर असंतोष को काबू में रखना एक बड़ी चुनौती साबित होने वाली है। राज्य में बीजेपी की ताकत खास कम नहीं हुई है। उसकी विधायक संख्या और विधानसभा में बहुमत के बीच महज नौ सीटों का गैप है। ऐसे में अन्य राज्यों के अनुभव के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व को चौकस रहना होगा कि पार्टी के अंदर के असंतोष का दूसरे फायदा ना उठा लें। हालांकि पहले राउंड में कांग्रेस नेतृत्व ने इस मसले को कुशलता से निपटाया है। प्रदेश विधायक दल की बैठक से पहले भले ही प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दबाव बनाने की कोशिशें हुईं, लेकिन घोषणा होते ही प्रतिभा सिंह ने कह दिया कि आलाकमान का फैसला उन्हें पूरी तरह मान्य है। अभी तो सिर्फ मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शपथ ली है, लेकिन कहा जा रहा है कि विक्रमादित्य सिंह को महत्वपूर्ण विभाग का जिम्मा सौंपने पर सहमति बन गयी है। उपमुख्यमंत्री पद भी मुकेश अग्निहोत्री को दिया गया है, जो वीरभद्र सिंह के करीबी रहे हैं। इन सबसे अलग, शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जिस तरह से राहुल गांधी मंच पर उठकर अपनी सीट से कई कदम आगे जाकर प्रतिभा सिंह से मिले, उन्हें गले लगाया, वह इस बात का साफ संकेत था कि मुख्यमंत्री चाहे कोई भी भी बने, प्रदेश राजनीति में इस परिवार का ऊंचा स्थान बना रहेगा। यह सहयोग, सामंजस्य और सौहार्द ही प्रदेश में राजनीतिक स्थिरता की गारंटी है। इसके साथ अब कांग्रेस सरकार के सामने अपने किये गये वादों को पूरा करने की चुनौती है।

**सुक्खू एक आम परिवार से आते हैं। राजनीति में भी उनका करियर बिल्कुल नीचे से ऊपर उठने का रहा है। कांग्रेस उम्मीद कर रही है कि नया नेतृत्व सरकार में अपने कार्यकाल का फायदा उठाते हुए प्रदेश में पार्टी को मजबूती देगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत की जी-20 अध्यक्षता का पहला वित्त ट्रेक (एफटी) कार्यक्रम- वित्त और केंद्रीय बैंक प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की बैठक- 13-15 दिसंबर 2022 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित होना निर्धारित है। इस बैठक में, भारत की प्राथमिकताएं और संबंधित प्रदेय के बारे में बताया जायेगा। एफटी में आठ कार्यधाराएं (वर्कस्ट्रीम) हैं, जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, वैश्विक अर्थव्यवस्था, अवसंरचना निवेश, धारणीय वित्त, अंतर्राष्ट्रीय कराधान, स्वास्थ्य और वित्त, वित्तीय क्षेत्र के विनियामक संबंधी मामलों और वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।**

# भारत और जी-20 : कार्रवाई हेतु कार्यसूची




अजय सेठ एवं डॉ माइकल देवब्रत पात्र



भारत ने नीतिगत चुनौतियों से भरे कठिन वैश्विक वातावरण में ग्रूप ऑफ 20 (जी-20) की अध्यक्षता ग्रहण की है। 'बहु संकट (पॉलीक्राइसिस)' परिदृश्य के कारण जी-20, धीमी वैश्विक संवृद्धि और व्यापार से विपरीत परिस्थितियों, उच्च मुद्रास्फीति, आक्रामक मौद्रिक नीति सख्ती और संबंधित प्रभाव-विस्तार, भू-राजनीतिक तनावों, ऋण संकट, जलवायु परिवर्तन तथा सुस्त महामारी का सामना कर रहा है।

वैश्वीकरण के ताने-बाने को प्रभावित करती केन्द्रापसारक शक्तियों के बीच, वैश्विक नीतिगत सहयोग को बढ़ावा देने में जी-20 की भूमिका महत्वपूर्ण है। विश्व में क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के संदर्भ में तीसरी सबसे बड़ी और बाजार विनिमय दरों के संदर्भ में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की हिस्सेदारी, सांकेतिक तौर पर जी-20 की जीडीपी में 3.6 प्रतिशत है और पीपीपी के तौर पर 8.2 प्रतिशत है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2023 में भारत की जीडीपी 6.1 प्रतिशत तक बढ़ेगी, जोकि जी20 राष्ट्रों में सबसे अधिक होगा। भारत की जी-20 अध्यक्षता की प्राथमिकताएं, जिम्मेदारी और महत्वाकांक्षा के बीच संतुलन की कल्पना करती हैं, एकता और परस्पर जुड़ाव की दृष्टि को समाहित करती है।

**आइएमएफ का अनुमान है कि 2023 में भारत की जीडीपी 6.1 प्रतिशत तक बढ़ेगी, जोकि जी20 राष्ट्रों में सबसे अधिक होगा।**

डिजिटल प्रौद्योगिकियों में हमारी प्रगति तथा एक संपन्न फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र से प्राप्त हमारे अनुभव, हमें वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, उत्पादकता और आर्थिक एकीकरण को मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी प्रयोग करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में विकासशील देशों के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। हमारा विश्वास है कि इन क्षेत्रों में, हमारी अध्यक्षता महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

भारत की जी-20 अध्यक्षता का पहला वित्त ट्रेक (एफटी) कार्यक्रम- वित्त और केंद्रीय बैंक प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की बैठक- 13-15 दिसंबर 2022 के दौरान बेंगलुरु में आयोजित होना निर्धारित है। इस बैठक में, भारत की प्राथमिकताएं और संबंधित प्रदेय के बारे में बताया जायेगा। एफटी में आठ कार्यधाराएं (वर्कस्ट्रीम) हैं, जो अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, वैश्विक अर्थव्यवस्था, अवसंरचना निवेश, धारणीय वित्त, अंतर्राष्ट्रीय कराधान, स्वास्थ्य और वित्त, वित्तीय क्षेत्र के विनियामक संबंधी मामलों और वित्तीय समावेशन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

जी-20 की अध्यक्षता को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाः - भारत की जी-20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी-20 सहभागियों बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथी यात्रियों के परामर्श से भी आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। भारत की प्रमुख एफटी प्राथमिकताएं उनकी प्रतिबद्धता को कार्रवाई में बदल देती हैं। इनमें वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल को मजबूत करना, वैश्विक ऋण भेद्यताओं का प्रबंधन करना, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा के समष्टिआर्थिक प्रभावों का आकलन करना और भावी धारणीय एवं आघात सहनीय शहरों का वित्तपोषण करना शामिल है। हम जलवायु कार्रवाई के लिए सामयिक और पर्याप्त वित्तीय संसाधन जुटाने का भी काम करेंगे, चूंकि अधिकांश जी-20 देशों ने अपनी निवल-शून्य लक्ष्य की तिथियां घोषित की हैं। अंतरराष्ट्रीय कराधान के संबंध में, हम जी-20 द्वारा की गयी महत्वपूर्ण प्रगति को आगे बढ़ायेंगे, जिसमें कर चुनौतियों का समाधान, क्षमता संवर्धन और कर संबंधी पारदर्शिता बढ़ाना शामिल है। हम महामारी से संबंधित जोखिमों और भेद्यताओं की पहचान करने और उन्हें संबोधित करने तथा महामारी संबंधी नए खतरों का सामना करने की तैयारियों में सुधार करने के लिए जी-20-संचालित वित्त और स्वास्थ्य समन्वय व्यवस्था विकसित करना जारी रखेंगे।

वित्तीय क्षेत्र विनियम में, हम प्रौद्योगिकी के विकास से उत्पन्न जोखिमों तथा अवसरों पर ध्यान देंगे। क्रिप्टो बाजारों में बार-बार की उथल-पुथल, कुछ स्थिर सिक्कों की डी-पेगिंग और व्यापक क्रिप्टो बाजारों में गिरावट ने क्रिप्टोकरेंसी से वित्तीय स्थिरता के लिए खतरे के बारे में आशंकाओं को बढ़ा दिया है। अतः, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के काम को संश्लेषित करके मौद्रिक नीति और समष्टिआर्थिक मुद्दों, डेटा गोपनीयता, बाजार अखंडता, प्रतिस्पर्धा नीति, कराधान जैसे पहलुओं को संबोधित करके जी-20 क्रिप्टो-आस्ति संवाद को व्यापक बनाना आवश्यक है।

तेजी से बढ़ती डिजिटल वित्तीय सेवाएं और अन्य पक्षकार की सेवाओं पर बढ़ती निर्भरता से वित्तीय प्रणाली को परिचालनगत, चलनिधि और एकाग्रता जोखिम हो सकता है। हम इन जोखिमों के प्रबंधन के लिए जोखिम प्रबंधन ढांचे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहते हैं। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था अधिक डिजीटल होती जाती है, साइबर जोखिम वित्तीय प्रणाली के लिए एक खतरा बन जाती है - शृंखला में कहीं भी एक आउटेज के कारण संपूर्ण वित्तीय प्रणाली पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। एक जंजीर उतनी ही मजबूत होती है जितनी उसकी सबसे कमजोर कड़ी। हमारी अध्यक्षता के दौरान, हम साइबर जोखिम से प्रणाली-स्तरीय कमजोरियों को कम करने के लिए वैश्विक सहयोग में वृद्धि देखना चाहते हैं।

2030 तक प्रवासी विप्रेषण के लेनदेन लागत को 3 प्रतिशत से कम करने के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरक करने के लिए, हमारा उद्देश्य यह होगा कि राष्ट्रीय तेज भुगतान प्रणालियों की पारस्परिकता के माध्यम से उच्च लेनदेन लागत और भुगतान की उत्पत्ति और निपटान के बीच के समय दोनों को कम किया जाये। हम उन्नत वित्तीय समावेशन और उत्पादकता लाभ के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का उपयोग करेंगे। एक दृढ़ और जीवंत डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए रचनात्मक और व्यवहार्य नीतिगत सिफारिशें, आर्थिक विकास में योगदान देते हुए इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेंगी। इस परिवेश में, जी-20, जो अपनी उत्पत्ति और प्रासंगिकता का श्रेय इस दृढ़ विश्वास को देता है कि वैश्विक समस्याओं को विश्व स्तर पर समन्वित समाधान की आवश्यकता है, विश्व को आशा देता है क्योंकि यह विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को, मजबूत, धारणीय, संतुलित और समावेशी विकास के अपने अधिदेश को प्राप्त करने के लिए एक नए सिरे से किए जाने वाले प्रयास में एक साथ लाता है। प्रत्येक संकट एक नया अवसर प्रदान करता है।

अतः, हम आशा करते हैं कि मौजूदा बहु संकट(पॉलीक्राइसिस), उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक नीतिगत सहयोग को पुनर्जीवित करने, वैश्विक अर्थव्यवस्था को होने वाले विभिन्न भंजन (फ्रैक्चर) को ठीक करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक ऐसे प्रक्षेपवक्र पर खड़ा करने की ओर ले जाता है जो जी-20 के अधिदेश को पूरा करता है। न्यायसंगत और समावेशी मानव प्रगति 'वसुधैव कुटुंबकम' - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य पर टिकी है।

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर की उपायुक्त ने की डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक

# अनुमोदित भवनहीन विद्यालयों में कमरा, सिंचाई नाला आंगनबाड़ी भवन निर्माण के योजनाओं पर लगी मुहर



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के डीसी ऑफिस में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विजया जाधव की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। डीएमएफटी मद से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास को लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु सिचाई तथा जीविकोपार्जन प्रक्षेत्र की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में विधायक घाटशिला रामदास सोरेन, विधायक बहरागोड़ा समीर मोहंती, विधायक पोटका संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू शामिल हुई। निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनइपी ज्योत्सना सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी संजय शर्मा तथा सभी तकनीकी विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में खनन प्रभावित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त योजनाओं के प्रस्ताव को समेकित कर वर्ष 2022-23 के लिए तैयार की गयी कार्य योजना का प्रारूप न्यास परिषद के समक्ष रखा गया। साथ ही विधायकगण द्वारा मौके पर अनुशंसित अन्य योजनाओं को भी इसमें शामिल किया गया।

बैठक में डीएमएफटी फंड के तहत वैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गयी, जिससे खनिज उत्खनन क्षेत्र के लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो सकें। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पीएचसी, सीएचसी में आवश्यकतानुसार चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के लिए सिविल सर्जन से प्रस्ताव मांगा गया। बहरागोड़ा एवं चाकुलिया प्रखंड में प्रसूता महिलाओं के लिए महिला एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, जो दोनों प्रखंड में 3-3 तीन समय देंगी। भवनहीन सरकारी विद्यालयों में कमरा निर्माण एवं सिंचाई नाला निर्माण के प्रस्ताव को प्रमुखता से पारित किया गया। सरकारी विद्यालयों में चारदीवारी निर्माण के प्रस्ताव को दूसरे मद से लेने पर सभी ने सहमति जतायी। वहीं जिन सरकारी विद्यालयों में कमरे की आवश्यकता है, वैसे करीब 40 से ज्यादा स्थानों पर कमरा निर्माण की अनुशंसा की गयी। विधायक द्वारा सुझाव दिया गया कि जिन प्रखंडों में जल जीवन मिशन की योजना संचालित की जा रहीं, वहां जलमीनार या चापाकल अधिष्ठापन जैसी योजनाओं का प्रस्ताव नहीं लें।

# नशे में धुत सूमो चालक ने बिजली पोल में मारी टक्कर, तीन बच्चे घायल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर शहर में नशे में धुत होकर गाड़ी चलाने से हो रही दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। टेल्को में सोमवार की शाम नशे में धुत दो युवकों ने घडी पार्क के पास इस तरह गाड़ी चलायी कि न सिर्फ गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गयी, बल्कि वहां से गुजर रहे तीन बच्चे भी घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस सूमो चला रहे युवक और उसके साथी को लेकर टेल्को थाने ले गयी। वहीं तीनों बच्चों को टाटा मोटर्स अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी मरहम पट्टी की जा रही है।

घटना के संबंध में टेल्को थाना प्रभारी ने बताया कि आशीष टुडू और आर हांसदा नाम के दो युवकों को नशे की हालत में गाडी चलाने और दुर्घटना को लेकर टेल्को थाना लाया गया है, जहां उनसे पूछताछ हो रही है। दोनों ने बताया है कि वे घर से शराब पीकर गाड़ी लेकर चले थे और घडी पार्क के पास उनकी गाड़ी का ब्रेक ठीक से काम नहीं कर रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि नशे में धुत दोनों युवक बहुत गलत तरीके से गाडी चला रहे थे।

# बिहार सरकार के मंत्री और मुखिया संघ के अध्यक्ष का सर्किट हाउस में स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिहार सरकार के आर्ट कल्चर मंत्री जितेंद्र कुमार राय एवं बिहार राज्य के मुखिया संघ के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय जमशेदपुर कर सर्किट हाउस पहुचे। सोमवार को झारखंड स्टेट कराटे डू एसोसिएशन के अवैतनिक सचिव एल नागेश्वर राव के नेतृत में दोनों अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। मौके पर कराटे कोच नीरज कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री राव ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स में चल रही खेल प्रतियोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने खेल से संबंधित कई मामले में चर्चा भी की। इस मौके पर अतिथियों ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में टाटा स्टील द्वारा खिलाडियों को दी जाने वाली सुविधाओं का जानकारी लेकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने खेल के प्रति टाटा स्टील द्वारा आयोजन की जम कर सराहना की।

# घाटशिला कॉलेज में रॉकेट में हुआ विस्फोट, आठ छात्र-छात्राएं घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज में सोमवार को आयोजित शैक्षणिक मॉडल प्रदर्शनी के दौरान भौतिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये रॉकेट में कुछ गड़बड़ी होने से रॉकेट में विस्फोट हो गया। इस घटना में आसपास मौजूद लगभग आठ छात्र-छात्राओं को आंशिक चोट आयी है। सभी का प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। विस्फोट में छात्रा कुलसुम परवीन गंभीर रूप से घायल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि अचानक प्रेशर डाउन होने से वह अचेत अवस्था में है।

**गलती से दबा दिया उड़ने के बजाये फटने का बटन :** घटना के संबंध में इंटर के शिक्षक मोहम्मद शाहिद इकबाल ने बताया कि मॉडल प्रदर्शनी के दौरान नफीस अख़्तर, कुलसुम परवीन एवं उमे अच्का द्वारा राकेट का मॉडल तैयार किया गया था, जिसका पहले पूरी तरह परीक्षण किया गया सफल होने के बाद सोमवार को इसे प्रदर्शनी के लिए रखा गया। अतिथियों द्वारा अवलोकन किये जाने के दौरान छात्रों ने बताया कि यह रॉकेट उड़ कर ऊपर फटता भी है। इसके बाद खुले जगह में इसे उड़ाने की तैयारी चल ही रही थी कि किसी दूसरे बच्चे ने उड़ने के बजाय फटने वाला बटन दबा दिया। इसके कारण जमीन पर ही रॉकेट फट गया। आसपास खड़े बच्चे इसकी चपेट में आ गये, जिससे उन्हें हल्की चोटें आयी हैं।

**प्रदर्शनी में लगाये गए थे कुल 39 मॉडल :** बताया जाता है कि इस रॉकेट मॉडल को बनाने में पोटैशियम, नाइट्रेट तथा शुगर का इस्तेमाल किया गया था। इसके जो भी मैटेरियल्स थे सभी पीवीसी के थे। इसका वजन लगभग दो किलो था। शिक्षकों ने बताया कि इस घटना में घायल हुए सभी बच्चे घबराए हुए हैं, परंतु स्थिति सभी की सामान्य है। वैसे इस प्रदर्शनी में भौतिक विभाग की ओर से कुल 39 मॉडल लगाया गया था। घायल छात्र-छात्राओं में सौरभ नामाता, राहूल कैयवर्त, सुनील महको, अमन कुमार झा, आरती हेंब्रम, सुदीप साह, अभि अख्तर, कुलसुम परविन शामिल है।

# राहरगोड़ा में एबीएपी आदर्श उच्च विद्यालय की 60वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** राहरगोड़ा में एबीएपी आदर्श उच्च विद्यालय का 60 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष सह महाप्रबंधक टाटा मोटर्स डॉक्टर डी एस पदान एवं उनकी धर्मपत्नी रीना पदान, विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सह वरीय प्रबंधक टाटा मोटर्स सुजीत कुमार झा उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से गवारा उड़ाकर विधिवत खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक जनार्दन गिरी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रंगारंग मार्च पास्ट,पी टी डिस्प्ले एवं आकर्षक शपथ ग्रहण के साथ खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूवात हुई। खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के 400 छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विभिन्न आयु वर्गो में विभाजत 08 ग्रुप में खिलाड़ीओ को बाटा गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद,ऊंची कूद के अलावा 100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर, 800 मीटर, 4गुणा100 मीटर रिले दौड़ का आयोजन किया गया। छोटे बच्चों के लिए जलेबी रेस,बिस्किट रेस,मैच द पिक्कर, मैथ रेस, बैलून फोटो दौड़, 50 मीटर की दौड़, 75 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के द्वारा विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक उच्च विद्यालय बारीगोड़ा, विद्यासागर उच्च विद्यालय बामनगोडा, आदर्श उच्च विद्यालय लक्ष्मीनगर, गोपाबंधु विद्यापीठ उच्च विद्यालय टेल्को और विवेक विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक प्रधानाध्यापिकाओं एवं विभिन्न विद्यालयों से आये खेल शिक्षक शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 146 अंकों के साथ रेड हाउस ओवरऑल विजेता का खिताब और 98 अंकों के साथ ब्लू हाउस को उपविजेता का खिताब प्रदान किया गया। दूसरी ओर बेहतर मार्च पास्ट के लिए येलो हाउस को विजेता एवं ग्रीन हाउस को उपविजेता का ट्रॉफी प्रदान किया गया। बालक वर्ग में राहुल कुदादा और बालिका वर्ग में संजना कुमारी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय गीत के बाद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जनार्दन गिरी, खेल शिक्षक राणा रंजीत सिंह एवं अन्य शिक्षक का योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## महिला संगठन ने लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** जेएसएलपीएस की ओर से नयी चेतना अभियान के तहत लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई। जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में जेंडर सीआरपी, सीएलएफ के सदस्यों के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी की छात्राएं शामिल थी। प्रखंड कार्यालय से निकाली गई रैली में शामिल लोग हाथ में तख्ती लिए महिला हूं इज्जत और सम्मान चाहिए, हम भारत की नारी हैं, फूल नहीं चिंगारी हैं। ईर्ष्या नहीं अधिकार चाहिए, महिला हूं मुस्कान चाहिए, इज्जत और सम्मान चाहिए। आदि नारे लगाते हुए रैली दिलबोध टोला, मुंडल टोला से होते हुए मेराल अस्पताल चौक होते हुए पुनः प्रखंड कार्यालय पर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में मुख्य रूप से लाली कुमारी, शबाना खातून, आरती कुमारी, दुर्गावती कुमारी, रेहाना खातून, उषा कुमारी, सीमा कुमारी, किरण देवी, पूनम देवी, पूजा कुमारी, डोली देवी, शीला देवी सहित बड़ी संख्या में छात्रायें शामिल थीं।

## दो-दो डिसमिल जमीन आवास बनाने के लिए आवंटित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सेल भूमि पर बरसों से रह रहे भवनाथपुर पंचायत सिंदुरिया पंचायत पंडरिया पंचायत के 55 लाभुकों को आवास आवंटित किये जाने के बावजूद अब तक आवास निर्माण में काम नहीं लगाने को लेकर सिंदुरिया पंचायत भवन में बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में पंडरिया पंचायत के लाभुक महेंद्र साह, ददुली साह, बिनोद साह, सिंदुरिया पंचायत के मिना देवी, बुधूआ मुंडा सहित लाभुकों ने कहा हम लोग बरसो से सेल भूमि पर रह रहे हैं। झारखंड सरकार के द्वारा हम लोगों को दो-दो डिसमिल जमीन आवास बनाने के लिए आवंटित किया गया है, जिस पर हम लोगों का गुजर-बसर नहीं हो पायेगा। हम लोग वर्तमान में जहां रह रहे हैं वही हम लोगों को आवास बनाने का अनुमति दी जाये तो हम लोग बना पायेंगे। बीडीओ जयपाल महतो ने कहा आप लोगों की मांग को सरकार के पास भेजेंगे। जो निर्देश प्राप्त होगा उसका पालन किया जायेगा। बैठक में प्रमुख शोभा देवी, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, उप मुखिया वैस खान, बीडीसी संजू देवी, अरसली दक्षिणी मुखिया प्रतिनिधि सोना किशोर यादव, पंडरिया मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार चौबे, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी सहित लोग उपस्थित थे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय के मैदान में ह्यूमन रिसोर्स ट्रस्ट के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच विशुनपुरा एवं भोजपुर टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी विशुनपुरा की टीम ने निर्धारित बारह ओभर में चार विकेट खोकर 136 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी भोजपुर की टीम ने 10 ओभर में ही 6 विकेट खोकर 137 रनों के लक्ष्य हासिल कर लिया। भोजपुर टीम ने इस मैच को 4 विकेट से जीत लिया। इस मैच में अंपायर के रूप में रमेश ठाकुर एवं अरविंद प्रताप देव ने अहम भूमिका का निभायें। वही ट्रस्ट के माध्यम से उपहार योजना के तहत 1 मोटरसाइकल, 9 वासिंग मसीन, 3 फ्रिज, 18 पिट्ठू बैग, 9 ट्राली बैग का बितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार, शिवकुमार ठाकुर, यासीन अंसारी सहित कयी लोग उपस्थित थे।

# गढ़वा जिला में 21वीं अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 21 दिसंबर से

## प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में कोरोना के कारण दो बर्ष बाद 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 21 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित किया जायेगा। जूनियर वर्ग में वर्ग छह से आठ के छात्र भाग ले सकते है वही सीनियर वर्ग में दसवीं के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्रा शामिल हो सकती है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 18 दिसंबर रखा गया है, प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो और आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए सह सचिव प्रिंस सोनी के मोबाइल नंबर 9955231755,और कमलेश दुबे के मोबाइल पर संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को आगे लाने और खेल का विकास करना मुख्य उद्देश्य है इस बार खेल के पूर्व खिलाड़ियों की काउंसलिंग करने पर भी विचार कमिटी कर रही है। ताकि खेल के अनुशासन को खिलाड़ी अपने जीवन मे उतारकर अपना और समाज एवं देश का भला कर सकें। उन्होंने कहा कि आज के किशोर लोगो को समझना और उन्हें सही मार्ग दिखाना दुनिया के कठिन कार्यों में से एक है।प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियो कि प्रतिभा को सामने लाना मुख्य उद्देश्य है। जिससे वह खेल में भी कैरियर बना सकें। अध्यक्ष मदन केशरी ने कहा कि यह आयोजन राज्य का सबसे बड़ा क्रिकेट प्रतियोगिता है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि प्रतियोगिता के बारे में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्षों के बाद फिर से शुरू की जा रही है।



### बैठक में ये थे शामिल

बैठक में उपाध्यक्ष सुशील केशरी, धनंजय सिंह, सियाराम शरण वर्मा ,जितेंद्र सिंह, कमलेश सिन्हा अशोक विश्वकर्मा चंद्र भूषण सिन्हा, नवनीत शुक्ला, पीके दुबे, दीपक, पंकज सोनी, आयुष तिवारी, सोनू, मनोज तिवारी, सुशांत,मनीष पाठक, आशुतोष सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे,सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, प्रवीण मिश्रा, अमित उपाध्याय, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आलोक गुप्ता, मनीष पाठक, हेमंत, प्रिंस खान, सूर्य प्रकाश, आदित्य तिवारी, अश्विनी चौबे, शुभम कुमार शामिल थे।

# शिक्षा विभाग के उप सचिव भंडरिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** शिक्षा विभाग के उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने सोमवार को भंडरिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय में रहकर शिक्षण कार्य पर अधिक ध्यान दें। एमडीएम किसी भी हाल में बंद ना हो इसका ख्याल रखें । विद्यालय को पूरी तरह साफ सुथरा रखें । इस दौरान उन्होंने भंडरिया प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रार्थना सभा में शामिल हुए। प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद यहां शिक्षण कार्य संतोषजनक बताया । इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया । कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सुसज्जित व्यवस्था देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने ने कहा कि भंडरिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहुत ठीक है। इसके लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता के कार्यों की सराहना की ।उन्होंने कहा कि इनके मेहनत के बदौलत ही यहां के शिक्षण कार्य सफलीभूत हो रहा है। उप सचिव श्री तिवारी ने बडगड प्रोजेक्ट हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया ।वहां शिक्षकों को निर्देश दिया कि शिक्षक को जब आकस्मिक अवकाश लेना हो तो उसके लिए वरीय पदाधिकारी को सूचना दें ।और आकस्मिक अवकाश से संबंधित पंजी में अवकाश की सूचना संधारित कर ही बाहर जाएं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामर का भी निरीक्षण किया। वहां विद्यालय में बन रहे एमडीएम की जांच की । एमडीएम में गड़बड़ी पाया। वहां एमडीएम में सुधार लाने का निर्देश शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह को दिया है ।उन्होंने कहा कि एमडीएम में किस तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर जिला कार्यालय के सहायक सुरेंद्र चौधरी, भंडरिया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता, सीआरपी सत्यनारायण यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।




**जनता दरबार का आयोजन किया:** गढ़वा। उपयुक्त रमेश घोलप के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी सुनी एवं उसके निष्पादन हके लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज जनता दरबार मे राशन कार्ड, जमीन विवाद, बिजली बिल से संबंधित समस्या, पेंशन, पोषाहार, अतिक्रमण, धोखाधड़ी, राशन वितरण में अनियमितता, आवास, सड़क निर्माण, बकाया भुगतान आदि अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों का बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दुरभाष से संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन भी उपस्थित थे।

## जनजातीय गौरव दिवस मनाने को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र के बाहाहारा पंचायत में जनजातीय गौरव दिवस मनाने को लेकर गढ़वा जिला वनवासी कल्याण केंद्र के अध्यक्ष रंजय गौड़ और अरविंद केसरी के संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रताप सिंह को अध्यक्ष दीनबंधु सिंह को उपाध्यक्ष संतोष सिंह को सचिव प्रेम सिंह को सह सचिव सत्यनारायण सिंह को कोषाध्यक्ष तथा अशोक कुमार सिंह को संरक्षक बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रंका प्रखंड वनवासी कल्याण केंद्र के अध्यक्ष दीनानाथ चौधरी ने बताया कि 25 दिसंबर को जनजातीय गौरव दिवस महासम्मेल का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारी के लिए पंचायत स्तर पर संगठन का विस्तार किया यह है। इस अवसर पर रंका प्रखंड के सचिव सुल्तानी सिंह, सुनील माली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया सविता गुप्ता की अध्यक्षता में दर्जनो गरीब असहाय महिला पुरुष ग्रामीण जनता के बीच कंबल का वितरण किया गया। ठिठुरन भरी इस जाड़े की मौसम में कंबल पाकर लोग बहुत खुश थे तथा मुखिया सविता गुप्ता को बधाई दी है। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, उप मुखिया रणजीत कुमार सोनी, उपप्रमुख अनुभा सिंह, वार्ड सदस्य दिनेश चंद्रवंशी, बुल्लू चौधरी, चंद्रशेखर तिवारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कंबल का वितरण किया

**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत सचिवालय भवन में मुखिया हसीम अंसारी की अध्यक्षता में दर्जनों गरीब असहाय महिला पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस ठिठुरते ठंडक में कंबल पाकर लोग बहुत खुश थे। इस अवसर पर बीडीसी असमुद्दीन अंसारी, उप मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद शाहिद अंसारी, वार्ड सदस्य जयराम प्रसाद क्यामूद्दीन अंसारी, असगर अंसारी, हाकमउद्दीन अंसारी, बिहारी राम, चंदीप कुमार रवि, रियाजुद्दीन अंसारी, इरफान अंसारी, युसूफ अंसारी, सुरेश राम, सरिता कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में भौगोलिक भ्रमण कराया



**गढवा (आजाद सिपाही)।** डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष रविवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं को भौगोलिक भ्रमण के लिए क्रमशः बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला और केचकी संगम का भ्रमण कराया गया है। जहां बच्चों को इस झारखंड के ऐतिहासिक प्रयटक के बारे में संक्षिप्त परिचय भी दिया गया जो। पलामू किला भारत के झारखंड राज्य में औरंगा नदी के तट पर लातेहार जिले के बेतला राष्ट्रीय उद्यान से 3 किमी दूर स्थित दो खंडहर किले हैं मैदानों में स्थित पुराना किला, जो चेरो वंश के पहले भी अस्तित्व में था का निर्माण रक्सेल वंश के राजा ने करवाया था मैदानी इलाकों में मूल किला और आसपास की पहाड़ी पर दूसरा किला चेरो वंश के राजाओं को दिया जाता है। मैदानी इलाकों में किले की तीन तरफ सुरक्षा और तीन मुख्य द्वार थे। नया किला राजा मेदिनी रे द्वारा बनवाया गया था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने इस किले का इस्तेमाल तिरोहा के नारायण पेशवा और 1857 के राजा राधाकृष्ण उर्फ सूबेदार आफताब सिंह विद्रोहियों को जेल में डालने के लिए किया था। पलामू व्याघ्र आरक्षित वन झारखंड के छोटा नागपुर पठार के पलामू ज़िले में स्थित है। यह 1974 में बाघ परियोजना के अंतर्गत गठित प्रथम 9 बाघ आरक्षों में से एक है। पलामू व्याघ्र आरक्ष 1026 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें पलामू वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्रफल 980 वर्ग किलोमीटर है। अभयारण्य के कोर क्षेत्र 226 वर्ग किलोमीटर को बेतला राष्ट्रीय उद्यान के रूप में। अधिसूचित किया गया है। पलामू आरक्ष के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं बाघ, हाथी, तेंदुआ, गौर, सांभर और चीतल। पलामू ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। सन 1857 की क्रांति में पलामू ने अहम भूमिका निभाई थी। चेरो राजाओं द्वारा निर्मित दो किलों के खंडहर पलामू व्याघ्र आरक्ष में विद्यमान हैं। पलामू में कई प्रकार के वन पाए जाते हैं, जैसे शुष्क मिश्रित वन, साल के वन और बांस के झुरमुट, जिनमें सैकड़ों वन्य जीव रहते हैं। पलामू के वन तीन नदियों के जलग्रहण क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करते हैं। ये नदियां हैं उत्तर कोयल औरंगा और बूढ़ा। 200 से अधिक गांव पलामू व्याघ्र आरक्ष पर आर्थिक दृष्टि से निर्भर हैं। इन गांवों की मुख्य आबादी जनजातीय है। इन गांवों में लगभग 1,00,000 लोग रहते हैं। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि यह विधि पर्यावरणीय अध्ययन की निरसता को दूर कर उसे सरस और आकर्षण बनाती है। भ्रमण के द्वारा बालकों की सामान्य बुद्धि का विकास होता है। यह विधि पाठ्यक्रम के अनुभवों को समृद्ध बनाती है। इस विधि से बालक सामाजिक वातावरण का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करते हैं। विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार उपप्राचार्य मधु कुमारी, सचिव सुनैना विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पारस नाथ विश्वकर्मा शिक्षक/शिक्षिकाओं में रिजवान अंसारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, प्रियंका कुमारी , रेनू कुमारी, अमिता कुमारी, सूफिया नाहिद, बबिता कुमारी और कर्मचारियों में बलराम साह, मानिक चंद, श्रवण कुमार इत्यादि लोग सहयोग के साथ उपस्थित रहें।

### किस्मत : जाको राखे साइयां मार सके ना कोय

# कार लुढ़क कर कर खाई में गिरी, तीन पौधों में अटकी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** जाको राखे साइयां मार सके न कोई कुछ इस तरह की घटना भंडरिया बिंदा मुख्य मार्ग के बिंदा घाटी में सोमवार की दोपहर देखने को मिली। रमकंडा के छह युवक एक कार पर सवार होकर सोमवार को पिकनिक मनाने मंडल डैम जा रहे थे। इसी दौरान कार बिंदा घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई तथा लुढकते हुए खाई में जाने लगी 15 से 20 फीट खाई में जाने के बाद कार 3 पौधों में अटक गई। अगर कार पौधे में नहीं अटकती की तो कार डेढ़ सौ फीट नीचे खाई में जा गीरती तथा एक बड़ी घटना घट जाती। 3 पौधों के कारण कार सवार 6 युवकों की जान बाल-बाल बच गई तथा एक बहुत बड़ी अनहोनी टल गई। कार दुर्घटनाग्रस्त होने का वजह कार सवारों के द्वारा कार का ब्रेक नहीं लगना बताया गया। सूचना मिलते ही भंडरिया पुलिस घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी ली तथा कार सवारों को कार से बाहर निकाला।

### सभी कार सवार कुशल

जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर रंजीत महतो ने बताया कि कार संख्या जेएच 01 जे 9119 पर सवार होकर रमकंडा के छह युवक विजय विश्वकर्मा, पंचम विश्वकर्मा, रमेश कुमार, विकास विश्वकर्मा, लल्लू सिंह, सुनील विश्वकर्मा कार पर सवार होकर रमकंडा से पिकनिक मनाने मंडल डैम जा रहे थे। इसी क्रम में बिंदा घाटी के पास इनका कार दुर्घटनाग्रस्त हो गया तथा 20 फीट नीचे खाई में जा गिरा। गनीमत रहा कि कार पौधे में अटक कर रह गई नहीं तो एक बहुत बड़ी घटना घट जाती। सभी कार सवार कुशल हैं कार चालू को हल्की चोट आयी है। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया में कराया जा रहा है। पुलिस कार को खाई से निकालने की प्रक्रिया में लग गई है।

# लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता




**बंशीधर नगर।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सोमवार को सिंहपुर ग्राम के महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्राथमिक विद्यालय परिसर से निकलकर गांव के टोलों का भ्रमण करते हुये पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। रैली में शामिल महिलायें-हम भारत की नारी हैं- फूल नहीं चिंगारी है, नारी -नारी की पुकार, नही सहेंगे अत्याचार आदि नारे लगा रहे थे। जेंडर सीआरपी सुनीता कुमारी ने बताया कि यह अभियान आगामी 23 दिसंबर तक चलाया जायेगा। रैली में ग्राम संगठन के अध्यक्ष परमशीला देवी, ममता कुंवर, पूजा देवी, कमला देवी, देवंती देवी, मालती देवी, संगीता देवी, गुड़िया देवी, प्रीति देवी, शीला देवी, कमलावती देवी, अनिता देवी, ममता देवी, विमला देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की अन्य महिलाएं शामिल थी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
08

## नीमडीह में मनाया गया मारांगबुरु पर्व

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नीमडीह मे मारांगबुरु पूजा के अवसर पर विधायक सुदेश महतो भी पहुंचे। लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर धरोहर को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि मारांगबुरु को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित किया जाएगा। जो भी जरूरत होगा उसे पूरा किया जाएगा। इसके पूर्व पाहान सोमा मुंडा और लेनिन मुंडा द्वारा बुरू पूजा किया गया। मेले में बतौर मुख्य अतिथि गुंजल इकीर मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि शिव शंकर कांडेयों मौजूद थे। मेला को सफल बनाने में तारणी सिंह मुंडा, विकास मुंडा, कलेश्वर मुंडा, जगरनाथ मुंडा, प्रताप मुंडा, फणिभूषण मुंडा, ठाकुर मनमोहन सिंह, रविंद्र मुंडा आदि मौजूद थे।

## अड़की में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित



**अड़की (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद सदस्य रेखा देवी ने सोमवार को नौढी राधारानी मंदिर परिसर मे में गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। कंबल पाकर लोग काफी खुश दिखे। जिप सदस्य ने कहा कि अड़की प्रखंड के सभी गांवों मे कंबल का वितरण किया जा रहा है। इसके बाद बालालौग व सारगेया पंचायत में भी कंबल का वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर कमला देवी, सुषमा देवी, लखी विलास देवी, शशी कला देवी, फूलेशवरी देवी आदि मौजूद थीं।

## बुंडू से शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पंगुरा बारेडीह रोड से एक युवक को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान बंदी राम मुंडा के रूप में हुई है। वह अड़की प्रखंड के बांदु करम टोली का रहने वाला है। बुंडू थाने के एसआई संतोष कुमार ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अड़की से अवैध महुआ शराब लेकर तुंजू बारेडीह गांव में बेचता है। इसके बाद पुलिस टीम बनाकर पहुंची और बंदी राम मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक बाइक भी जब्त किया गया है। बाइक पर ही सात लीटर शराब लदे थे।

### आश्वासन : उच्च शिक्षा सचिव ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# खूंटी जिले में उच्च शिक्षा के स्तर का होगा विकास : राहुल पुरवार

**नॉलेज सिटी स्थल का किया निरीक्षण, कहा- उच्च शिक्षा के स्तर में बढोतरी के लिए मिलकर करें सार्थक प्रयास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले में उच्च शिक्षा के स्तर को बेहतर करने की दिशा में उचित प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार द्वारा जिले के डीसी, एसपी, डीडीसी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिले के अन्य पदाधिकारीयों, बिरसा कॉलेज के प्राचार्य सहित राज्य स्तरीय अन्य उपस्थित पदाधिकारीयों के साथ खूंटी परिसदन में बैठक की। नॉलेज सिटी, महिला कॉलेज, ओपन यूनिवर्सिटी एवं बिरसा कॉलेज को विकसित करने के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में इन बेहतर प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों और ग्रामीणों को सशक्त करने का भी उद्देश्य पूर्ण होगा। सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि उच्च-शिक्षा के क्षेत्र के विकास-विस्तार में विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका है। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। खूंटी में बनने वाले नॉलेज सिटी को लेकर बिरहु में स्थल निरीक्षण कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश भी दिए। कहा कि नॉलेज सिटी के अंदर कई इंजीनियरिंग और अन्य शिक्षण संस्थान के संचालन को लेकर भी विशेष कार्य योजना के आधार पर उचित कार्य किए जायेंगे। सचिव ने बताया कि वर्तमान समय की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें। छात्र-छात्राओं के अकादमिक सफलता के साथ ही इनका विकास सुनिश्चित कर इन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से जिले में भी चरणबद्ध रूप से शिक्षण व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में प्रयास किये जायेंगे। साथ ही बिरसा कॉलेज में आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था एवं समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान डीसी ने जिले में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा के विकास से जिले का बहुआयामी विकास सुनिश्चित होगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों का उचित अनुश्रवण सुनिश्चित करें।



नॉलेज सिटी स्थल का निरीक्षण करते उच्च शिक्षा विभाग के सचिव व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### इंटर कॉलेज चयन प्रतियोगिता के लिए सिल्ली कॉलेज के वुशू खिलाड़ी रवाना

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सिल्ली कॉलेज के 16 वुशू खिलाड़ी सोमवार को रांची के लिए रवाना हुए। रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता का आयोजन रांची विमेंस कॉलेज के सहयोग से मंगलवार को मोराबादी फुटबॉल मैदान में किया गया है। कॉलेज के 16 सदस्यीय दल में दीपक महतो, सूरज महतो, शशिकांत महतो, भुनेश्वर शर्मा, विनोद चक्रवर्ती, इंद्रसिश रॉय, समीर बावरी, अभिनेश कोइरी, शरद कुमार भगत, मनोज महली, सलोनी कुमारी, सविता कुमारी, अंजना कुमारी महतो, ज्योति कुमारी,वर्षा रानी, देवंती कुमारी शामिल है। सिल्ली कॉलेज के प्राचार्य मुकुंद महतो, प्रो त्रिभुवन महतो, प्रो अनंत कुमार महतो, प्रो भवानंद चौधरी, प्रो नकुल चंद्र महतो, प्रो हेमंत सिंह, श्यामल दे सुमन महतो आदि ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया।

### दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के कूल्डा जंगल के पास सोमवार की शाम दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि इसी हादसे में दो अन्य घायल हो गए। घटना शाम लगभग पांच बजे खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ के कूल्डा जंगल के पास घटी। कोलेबिरा के रामजड़ी निवासी अनमोल डांग (19) व छोट केतुंगा गांव निवासी दिनेश सिंह (21) अपनी बाइक से रांची से कोलेबिरा जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से मरचा मिशन निवासी सिरनुस तोपनो (38) अपनी बाइक से तोरपा की ओर जा रहा था। इसी बीच कुल्डा जंगल के पास दोनों बाइक में जोरदार टक्कर हो गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेस द्वारा घायलों को रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने सिरनुस तोपनो को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनमोल डांग व दिनेश सिंह गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद दिनेश सिंह को रांची के रिम्स रेफर कर दिया। उदर, घटना की सूचना पाकर तोरपा थाने के एसआइ विवेक प्रशांत मौके पर पहुंचे और दोनों बाइक व मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद सिरनुस के स्वजनों को सांत्वना देने जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, झामुमो केंद्रीय सदस्य सुदीप गुड़िया रेफरल अस्पताल पहुंचे।

### मृतक के परिजन को पांच लाख मुआवजा देने के आश्वासन के बाद उठाया गया शव




**खलारी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चूरी पिपरवार मुख्य मार्ग पर रविवार को सड़क दुर्घटना में मारे गए परिवार को पांच लाख रुपया मुआवजा देने के आश्वासन पर शव उठाया गया। राहुल ठाकुर नामक युवक का शव 24 घंटे के बाद उठाया गया। घटना के बाद से आक्रोशित ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर शव के साथ सड़क पर ही बैठे रहे। इस दौरान कोयला ढुलाई और चूरी खदान के काम को बंद करा दिया था। मंगलवार को मृतक के आश्रित को पांच लाख रुपए का मुआवजा देने पर सहमति बनी। जिसके बाद शव को उठाया गया। इस दौरान घटनास्थल पर मौजूद लोगों के सामूहिक पहल पर सीसीएल और मोनेट कंपनी द्वारा मृतक के पिता को दो लाख रुपये तत्काल मदद दी गई। वहीं, खलारी अंचल की ओर से एक लाख रुपये व सड़क दुर्घटना प्रावधान के तहत दो लाख और देने का भरोसा दिया गया। खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य ने भी तत्काल सहयात के रूप में पांच हजार रुपये दिया। जिसके बाद खलारी पुलिस द्वारा शव उठाकर अंत परीक्षण के लिए रांची भेजा गया। इस मौके पर खलारी इंस्पेक्टर फरीद आलम, खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, पूर्व जिला परिषद अब्दुल्ला अंसारी, पूर्व जिला परिसद पाश्चमी रतिया गंझू, दिनेश भर, अनिल पासवान, शैलेंद्र शर्मा, आनंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, चुरी मुखिया सेवा उरांव, अनिल पासवान, रंथू उरांव, प्रेम कुमार, राम चंद्र उरांव और इकबाल हुसैन सहित सैकड़ों लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

### तोरपा प्रखंड प्रमुख ने गरीबों में बांटा कंबल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा प्रखंड के प्रमुख रोहित सुरीन के सौजन्य से सोमवार को तोरपा पश्चिमी ग्राम पंचायत के तोरपा बड़का टोली गांव में बुजुर्गों और जरूरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। प्रारंभ में पड़हा राजा, ग्राम सभा अध्यक्ष, हातु मुंडा, पहान पुजारी को पान पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तोरपा प्रखंड प्रमुख रोहित सुरीन ने की। कंबल वितरण के दौरान पड़हा राजा बिरसा तोपनो और ग्राम सभा अध्यक्ष दुगा तोपनो के अलावा हातु पहान पुजारी दिवा पाहन और अधिवक्ता जुनूल होरो को सम्मानित किया गया। वहीं, कंबल पाकर महिलाओं और बुजुर्गों ने प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रमुख ने इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन योजना की जानकारी दी और जरूरतमंदों को आश्वस्त किया कि योजना का लाभी उन्हें जल्द दिलाया जाएगा। इस मौके पर देवनिस तोपनो, जयदीप तोपनो, जेम्स तोपनो, दीपक तोपनो, पुष्पिका आईन्द आदि मौजूद थे।

### बीएलओ और सुपरवाइजरों की बैठक



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में मतदाता सूची पूणरिक्षण कार्य को लेकर सोमवार को बीडीओ सह इआरओ नीशा कुमारी सिंह ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक की। इआरओ ने सभी को निर्देश दिया कि फार्म-7 भरते समय दो, तीन गवाहों को भी फार्म पर हस्ताक्षर आवश्य करवाएं। फॉर्म-6 में जो एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, उनका फॉर्म जरूर भरे। किसी भी हाल में ट्रांस्जेंडर एवं दिव्यांग छूटने नहीं चाहिए।

### किशोरियों ने निकाली जागरूकता रैली

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को तेजस्विनी परियोजना, मुरहू के मार्गदर्शन में तेजस्विनी क्लब की किशोरियों-युवतियों द्वारा मानव अधिकार एवं संरक्षण विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। रंगोली प्रतियोगिता एवं गोष्ठी का आयोजन विभिन्न क्लबो में किया गया। किशोरियों ने ग्रामीण पुरुष व महिलाओं को उनके अधिकार से अवगत कराया।

# गांव में बुनियादी सुविधाओं को किया जायेगा बहाल: सुदेश महतो

**विधायक ने किया सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू/बुंडू।** विधायक सुदेश महतो ने सोमवार को प्रखंड के टांगटांग मोड़ में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत टांगटांग से गाड़ाडीह तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया।

एक करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सड़क मरम्मत कार्य को पूर्ण किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया जायेगा। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। इस दौरान गांव से जोड़ने वाले अन्य दो सड़क का निर्माण जल्द करने का भई आश्वासन दिया।

# महाप्रबंधक से मिला एनके एरिया रैयत विस्थापित मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल

**सीसीएल एवं विस्थापितों के रोजगार पर कुठाराघात करने वालों पर कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को महाप्रबंधक से मिला। मोर्चा ने प्रबंधन को कई बातों से अवगत कराया। महाप्रबंधक को बताया कि कुछ लोग सीसीएल से लाभ लेकर सीसीएल और रैयत विस्थापितो को ही नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। औद्योगिक माहौल भी बिगाड़ रहे हैं। जिससे प्रबंधन को कोयला खदान चलाने में परेशानी हो सकता है। यही नहीं ऐसे स्वार्थी तत्वों को प्रबंधन को भी पहचानने की जरूरत है। मोर्चा ने कहा कि ऐसे स्वार्थी तत्वों के कारण रैयत विस्थापितो के रोजगार पर भी कुठाराघात हो रहा है। प्रबंधन ऐसे लोगों का कोई काम ना करे। उनपर कार्रवाई करे नहीं तो रैयत खदान विस्तारीकरण में कोई भी सहयोग नहीं करेगा और एक इंच भी जमीन सीसीएल को नहीं देगा। वहीं, महाप्रबंधक संजय कुमार ने मोर्चा को आश्वासन दिया कि ऐसे लोग जो सीसीएल से ही लाभ लेकर सीसीएल को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं उनके खिलाफ समूचित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एम किंडो और मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, जालिम सिंह, नरेश गंझू, जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, विनय खलखो, धनराज भोगता, भूषण यादव, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, राजेंद्र उरांव, शिवनारायण लोहरा, सुनील यादव, नरेश यादव, अर्जुन महतो, रामधारी गंझू, खीरु गंझू, हेमलाल गंझू, प्रभु गंझू, कीनू गंझू आदि शामिल थे।

# बुंडू की चार जगहों पर सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से बुंडू के चार स्थानों पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मरम्मतीकरण के कार्यों का शिलान्यास हुआ। इन सड़कों में 2.30 किमी लंबी मांझी टोली से आमजोरा पथ का जीर्णोद्धार, एदलहातू से पंचा भाया बानाबुरु पर 4.60 किमी, बाघाडीह से चिटोडीह तक पथ 3.60 किमी और हुमटा से मुइसूडीह पथ 6.37 किमी शामिल है। इस मौके पर प्रमुख राजकुमार बिंझिया, मैथा पाल, गौतम पाल, कालेश्वर मुंडा, ऋषिकेश महतो, बुद्धू शर्मा, पूर्व प्रमुख शिवनाथ मुंडा, अरविंद सिंह आदि शामिल थे।

# धरना से अलग हुए विस्थापित प्रभावित एकता मंच के अध्यक्ष

**प्रबंधन के आश्वासन पर लिया निर्णय**


आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया के केडीएच खदान के निकट विगत 19 दिनों से धरना दे रहे विस्थापित प्रभावित एकता मंच के अध्यक्ष विक्रम सिंह उर्फ वीरू सिंह ने खुद को आंदोलन से अलग कर लिया है। वहीं मंच का अध्यक्ष पद छोड़ने की भी घोषणा कर दी है। इसके अलावा उनके सहयोगी राजेंद्र प्रसाद, असलम अली व संजीत सिंह ने भी धरना से अलग होने की घोषणा की है। वीरू सिंह ने बताया कि जेहलीटांड़ के ग्रामीणों ने मंच के बैनर तले सात सूत्री मांग एनके एरिया प्रबंधन को सौंपा था। इसके आलोक में 10 दिसंबर को केडीएच पीओ के साथ वार्ता हुई। वार्ता में प्रबंधन द्वारा सभी मांगे मान ली गई। वार्ता में केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण के लिए ग्रामीणों, रैयत, प्रभावितों, विस्थापितों का सकारात्मक सहयोग देने का भरोसा दिया गया। प्रबंधन की ओर से आश्वस्त किया गया कि फारेसट क्लीयरेंस मिलने के बाद परियोजना अपनी क्षमता के अनुसार उत्पादन करने पर विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत ग्रामीणों, रैयत, प्रभावितों, विस्थापितों के लिए रोजगार की समूचित व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में नौ घरों का दस्तावेज सही होने के कारण मुआवजा से संबंधित फाइल मुख्यालय भेज दिया गया। जल्द ही इन्हें भुगतान कर दिया जाएगा। बाकी बचे आठ घरों का मुआवजा सही दस्तावेज उपलब्ध कराने पर किया जाएगा। मुआवजा पुनर्वास के लिए सभी आवश्यक कारवाई की जा रही है। जलापूर्ति के लिए सभी आवश्यक कारवाई प्रारंभ कर दी गई है और नियमित रूप से व्यवस्था किया गया है। नियमित जल छिड़काव की व्यवस्था कर दी गई है। ब्लास्टिंग नियमपूर्वक किया जाएगा और मस्जिद निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू किया जाएगा। विक्रम सिंह ने कहा कि इतने सकारात्मक आश्वासन के बाद आंदोलन का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। उन्होंने कहा कि वे दूसरे साथियों को प्रबंधन के फैसले से अवगत कराते हुए समझाने की कोशिश किए, लेकिन वे संतुष्ट नहीं हुए। इसलिए खुद को व वार्ता से संतुष्ट दूसरे साथियों के साथ आंदोलन से अलग हो रहे हैं।

# देवी नेत्रालय आई हास्पिटल ने मनायी वर्षगांठ, नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** मुरी सिंगपुर स्थित देवी नेत्रालय आई हास्पिटल में सोमवार को अस्पताल का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश महतो, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, अस्पताल के निदेशक के पिता संतोष अग्रवाल और मां पुष्पा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर वर्षगांठ का केक काटा। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 लोगों के आंखों की जांच की गई। विधायक ने कहा कि यह हॉस्पिटल क्षेत्र का पहला नेक्ष अस्पताल है। स्थानीय लोगों के लिए यह अस्पताल पिछले एक वर्ष से अपनी सेवा उपलब्ध करा रहा है। क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए निश्चित रूप से अब बड़े शहरों के भरोसे नहीं रहना पड़ेगा। इस मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉ अंकित अग्रवाल और डॉ राहुल दूबे ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि इस अस्पताल में आंखों से जुड़ी सभी समस्याओं का उपचार किया जाता है। इसके लिए अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम है। इस मौके पर डॉ डीएस महापात्र, डॉ नवीन कुमार महतो, सरोजनी कुमारी महतो, सरोज महतो आदि उपस्थित थे।

### आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ करना चाहिए काम : लक्ष्मण मुंडा

# सबके सहयोग के होगा तमाड़ प्रखंड में योजनाओं का क्रियान्वयन : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड सभागार में विकास योजनाओं के सही क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख अजय मुंडा और संचालन बीडीओ गिरिजा शंकर महतो ने किया। बैठक में विकास योजनाओं के सही संचालन के लिए ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि चाहे मनरेगा हो, 15 वें वित्त मुखिया, या पंचायत समिति फंड हो या जिला योजना मद हो प्रखंड में हर योजनाओं के चयन में प्राथमिकता देनी चाहिए। आपसी समन्वय और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। अंचल अधिकारी से आग्रह किया कि जमीन का ऑनलाइन रसीद, दाखिल खारिज का मामला हो या आय, जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाने का मामला हो, आम आदमी को बिना किसी परेशानी के समाधान करना चाहिए, क्योंकि ऐसी शिकायतें मिलती रहती है कि राजस्व कर्मचारियों द्वारा आम जनों को परेशान किया जाता है। बैठक में ग्राम प्रधान यदुगोपाल सिंह मुण्डा, मानकी जगन्नाथ सिंह मुण्डा ने भी अपने-अपने विचार रखे। प्रधानमंत्री आवास, योजनाओं में वेंडरों की मनमानी करने के साथ ही कई प्रधान और डाकुआ को अभी भी मानदेय नहीं मिलने पर दुख प्रकट किया गया। साथ ही जल्द भुगतान का आग्रह किया गया। वहीं,सभी की बातों को सुनने के बाद बीडीओ ने कहा कि बैठक में ग्राम प्रधानों की बातें सम्मान जनक है। सबके सहयोग के प्रखंड में योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। वहीं अंचल अधिकारी ने भी कहा कि वे उनके सुझावों के अनुरूप अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को ससमय आम जनों के काम का निराकरण कराएंगे। बैठक में उप प्रमुख शकुंतला खंडित, जिप सदस्य दिलीप सेठ, राजेंद्र सिंह मुंडा, शिवलोचन सिंह मुण्डा, राधा गोविन्द सिंह मुंडा, श्याम सिंह मुंडा, मुखिया सह ग्राम प्रधान दीपाली देवी, पेयजल कनिय श्रीराम उरांव और हरि सिंह मुंडा आदि शामिल थे।



ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करते प्रखंड प्रमुख अजय मुंडा व बीडीओ गिरिजा शंकर महतो।

## बेड़ो में मुखिया संघ मांडर विधानसभा की बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ मांडर विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सोमवार को बेड़ो प्रखंड के जामटोली डैम के समीप किया गया। इसमें मुखिया संघ द्वारा शीत कालीन सत्र से पहले सभी मुखिया पंचायती राज विभाग मंत्री आलमगीर आलम, वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव, स्थानीय विधायक एवं सांसद से मुलाकात कर अपनी मांगों को रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही मांगों पर उचित कार्रवाई के अभाव में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मुखिया संघ द्वारा 29 विभागों का पूर्ण रूपेण अधिकार देने, विधायक एवं सांसद के तर्ज पर त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों को भी उचित वेतन देने,कार्य अवधि के दौरान अगर प्रतिनिधियों के साथ किसी तरह की दुर्घटना हो जाती है तो उचित मुआवजा एवं उनके एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने व झारखंड राज्य में अविलंब अन्य राज्य की तरह पंचायती वित्त आयोग का गठन करने आदि का मांग किया गया। वहीं बैठक में मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के मुखिया मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता बेड़ो मुखिया संघ अध्यक्ष रमेश उरांव एवं संचालन मांडर प्रखंड सरवा पंचायत के मुखिया वीरेंद्र उरांव ने किया।

## समाजसेवी ने किया कंबल का वितरण

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बिजुलिया गुड्डु में सोमवार को समाजसेवी ओम प्रकाश तिवारी ने बढ़ती टंड को देखते हुए सैकड़ों असहाय, वृद्ध एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। महादेव टंगरा विकास समिति बिजुलिया गुड्डु के प्रांगण में आयोजित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आसपास के गांव गुड्डु, बिजलिया, अगडू, चपाटोली, चिपरा, भोंडा, तिगरा, बाजपुर, हिसरी के अलावा अन्य गांव के वृद्ध, असहाय, विकलांग एवं जरूरतमंद लोग कंबल लेने पहुंचे। देर शाम तक कम्बल वितरण कार्य चलता रहा। कंबल मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरे में खुशी देखने को मिली। समाजसेवी ओम प्रकाश ने कहा कि बढ़ती हुई टंड को देखते हुये कंबल का वितरण किया जा रहा है। आगे भी अन्य जगहों पर कार्यक्रम कर लोगो के बीच कंबल बांटा जायेगा। उन्होंने कहा कि समाज मे गरीबों की सेवा व सहयोग ही सबसे बड़ी पूजा है। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी महावीर विश्वकर्मा रामनन्दन महतो, पाउरुष तिर्की, महादेव टंगरा के पदाधिकारी एवं सदयस्य के अलावा शिवचरण महतो समाज सेवी कामेश्वर महतो, रमेशचंद्र महतो, सुरज साहू, दिपक, पंचम महतो, अमर सिंह, रौनक चौधरी के अलावे दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गोला के केशव गोस्वामी हुंडरू फॉल से लापता



**सिकिदिरी( आजाद सिपाही)।** हुंडरू फॉल घुमने पहुंचे 50 वर्षीय रामगढ़ जिला के गोला निवासी केशव गोस्वामी रविवार की शाम से लापता हो गया है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ जिला के डी भी सी चौक गोला के 10 लोग ऑटो से शनिवार को हुंडरू फॉल घूमने पहुंचे थे। ये सभी लोग हुंडरू फॉल में पिकनिक मनाये। शाम को घर जाने का सभी लोग तैयारी करने लगे तो देखा कि केशव गोस्वामी नहीं था। सभी लोगों ने अपने स्तर से शाम को काफी खोज बीन किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। वहीं सोमवार की सुबह से उनके परिजन अपने स्तर से काफी खोज बीन किया। लेकिन खबर भेजे जाने तक कोई सुराग नहीं मिला था। उनके परिजन सिकिदिरी थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। वहीं सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने अपने स्तर से छान बीन कर रहा है। आशंका जतायी जा रही है कि हुंडरू फॉल के नदी में ही घटना घटी होगी। इधर झारखंड सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद व बालेश्वर बेदिया के नेतृत्व में पुरे खोज बीन में लगे हुए थे।

## जतरा आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासतः नन्हे कच्छप

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जतरा आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत है। हमारी गौरवपूर्ण कला संस्कृति आज आधुनिकता के चपेट में आ कर खोती जा रही है। जिसे संवारना और संरक्षित करना हम सभी का कर्तव्य है। उक्त बातें हहाप पंचायत के बेड़ाडीह गांव में 12 दिसंबर को लेते बुरु आयोजन समिति बेड़ाडीह द्वारा आयोजित ऐतिहासिक सोहराई जतरा में मुख्य अतिथि के रुप में हहाप मुखिया नन्हे कच्छप ने कहीं। उन्होंने कहा कि पुरखों ने आदिवासी समाज को बहुत सारी चीजें विरासत में सौंपी है। जिससे समाज में भाईचारा और आपसी सदभाव बढ़ता है। इस एतिहासिक जतरा में पाहन, पुजार के साथ आसपास के गांव के लोग जतरा देखने पहुंचे थे। विभिन्न गांव के खोड़हा दलों ने नृत्य दिखाकर जतरा में आये लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान लोगों ने मिठाई, ईख आदि सामानों की जमक र खरीदारी की। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बिरीस मिंज, ग्राम प्रधान सोगोद सोहराई मुंडा, मनपूरन मुंडा, लक्की मुंडा, दयानंद मुंडा, करम सिंह मुंडा, हिटराम मुंडा, बिरसा मुंडा, विवेक मुंडा, महादेव मुंडा, नरेंद्र मुंडा, दीपक मुंडा सहित ग्रामीण शामिल थे।

## ताला तोड़कर जरूरी कागजात की चोरी

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के सिकिदिरी ओरमांझी सड़क के ईद मोड़ के समीप बैजनाथ करमाली के घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर जरूरी कागजात की चोरी कर ली। घटना रविवार रात की है। अज्ञात चोरों के विरुद्ध सिकिदिरी थाने में बैजनाथ करमाली ने मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार बैजनाथ करमाली कांके संग्रामपुर में रहता है। सिकिदिरी पुलिस अपने स्तर से मामले की छान बीन कर रही है।

## परफेक्ट कंपनी ने किया किसान गोष्ठी का आयोजन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** महतो बीज भंडार उकरीद के तत्वावधान में परफेक्ट क्रॉप सिड्स कंपनी के द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कंपनी के सेल्स मैनेजर के द्वारा बीजारोपण से लेकर कटाई तक के बारे विस्तार से बताया गया। फसलों में दिये जाने वाले पोषक तत्वों और कीट पतंगों से रक्षा के लिए पर्फेक्ट क्रॉप साइंस की दवा और पोषक तत्व को बेहतर और उपयुक्त बताया गया। किसानों के बीच कंपनी के द्वारा क्विज का भी आयोजन किया गया। क्विज में पुछे गये प्रश्न के जवाब देने के बिगु महतो को प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन कंपनी के तरफ से दिया गया। अन्य किसानों को स्प्रे मशीन, कुदाल आदि पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में महतो बीज भंडार के कामेश्वर महतो और कंपनी के जयराम महतो का विशेष योगदान रहा।

### सरपंच सह कांग्रेस नेता पर राजस्व उपनिरीक्षक के साथ मारपीट का आरोप, धरना पर बैठे रहे अंचलकर्मी

# सीओ, राजस्व उपनिरीक्षक और पूर्व मुखिया ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके अंचल कार्यालय में आज दोपहर बाद अचानक माहौल गर्म हो गया। जब राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत ने पंचायत समिति सदस्य सह रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अइनुल हक अंसारी और ईचापीढी पंचायत के पूर्व मुखिया सोमरा उरांव पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, गाली गलौज करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए सभी कर्मचारियों के साथ कार्यालय समक्ष धरने पर बैठ गये और नेताओं पर कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे। धरना लगभग 4 घंटे तक चला इसके बाद कांके सीओ दिवाकर सी द्विवेदी, राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत और पूर्व मुखिया सोमरा उरांव ने अपने अपने आवेदन देकर कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी। प्राथमिकी में सभी ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाये हैं। थाना में दिये आवेदन अनुसार अचंल कार्यालय के राजस्व उपनिरीक्षक जयवीर भगत ने इचापीड़ी पंचायत समिति सदस्य अइनुल हक अंसारी एवं इचापीड़ी पंचायत के पूर्व मुखिया सोमरा उरांव पर मारपीट एवं गाली गलौज करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, अनावश्यक काम का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। आवेदन में जयवीर भगत ने कहा हैं कि सोमवार दोपहर लगभग एक बजे अइनुल हक अंसारी, सोमरा उरांव एवं उनके साथ एक दर्जन लोग कार्यालय में आकर गलत तरीके से भू-संबधी सुधार कार्य करने का दबाव बना रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर जाति सूचक गाली देते हुये मारपीट किया। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं पंजी-2 फाड़ने का प्रयास किया। वहीं सीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने भी अइनुल हक अंसारी पर राजस्व कर्मचारियों एवं अंचलकर्मियों पर लगातार गलत कार्य करवाने का दबाव बनाने, धमकी देने सहित सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाकर कानूनी कारवाई करने की बात कही है। धरने पर बैठे राजस्व उपनिरीक्षक व अचंल कर्मियों ने दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कार्य बहिष्कार कर धरना पर बैठे रहे। इधर,पूर्व मुखिया सोमरा उरांव व ऐनुल हक अंसारी ने भी कांके थाना को दिये आवेदन में कहा है मेरे मरवा मौजा के नाईसू उरांव द्वारा अंचल कार्यालय को अपने तीन अलग अलग खाता की ऑनलाइन पंजी में सुधार कर मालगुजारी रसीद निर्गत करने के लिए आवेदन दिया था।



### पिछले चार महीनों से ऑनलाइन पंजी सुधार संबधी कार्य लंबित

**उनकी जमीन की ऑनलाइन पंजी सुधार संबधी कार्य पिछले चार महीनों से लंबित है। जिसका कार्य नहीं किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि होने के नाते इसकी जानकारी लेने स्वयं राजस्व कर्मचारी के पास गये थे। इसी बीच हल्का कर्मचारी जयवीर भगत द्वारा उन दोनों को जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी मिलते ही दर्जनों की संख्या मे कांग्रेसी कांके थाना पहुंचे और देर शाम लगभग 5 बजे कार्यकर्ताओं ने अंचल कार्यालय पहुंचे, लेकिन सीओ 5 बजे कार्यालय से निकल जाने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। कांके थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच करने के उपरांत जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कानूनी कारवाई की जायेगी।**

# संजीव सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच की विजेता बनी सोनेट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** जैक मैदान बरगांवा में आयोजित संजीव सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हुआ। जिसमें कुल आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच काउंसिल चायबगान और सोनेट क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें सोनेट की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुये 10 ओवर में 76 रन बनाये जबकि कांउसिल की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुये 10 ओवर में 75 रन ही बना पायी। सोनेट की टीम 1 रन से मैच जित गया। फाइनल मैच में अतिथि के रुप में जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, बरगांवा मुखिया अनिता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, पंसस पियूष सिंह ने संयुक्त रुप से कहा कि हमें खुशी होती है कि हमारे क्षेत्र में इस तरह के आयोजन होने से लोगों में एकता और अनुशासन का विकास होता है। विजेता सोनेट की टीम को 11 हजार नगद और एक बल्ला व उपविजेता कांउसिल की टीम को 5 हजार नगद देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ द सीरीज संदीप कुमार को दिया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से सुमित सिंह, आदर्श सिंह, मनोज वर्मा, अनिल सिंह, मनीष कुमार, प्रभाष झा, सुनील ठाकुर, सुरेंद्र झा, संतोष कुमार, राकेश वर्मा, धीरज सिंह, सूरज सिंह, विकास कुमार, शशि सिंह, गोपाल सिंह, अमित सिंह, श्याम सिंह, कौशल सिंह, दिलीप सिंघ्रिवाल, रामप्रवेश राय, सन्नी सुषांत, बिक्की, गोलू, जैकी सहित टूर्नामेंट के सदस्य शामिल थे।






**कार्मेल स्कूल ने मनाया छठा वार्षिकोत्सवः मांडर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम ब्राम्बे स्थित कार्मेल स्कूल में सोमवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान विधायक ने स्कूल मे अव्वल आये छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। इससे पहले विधायक को शॉल ओढाकर, मोमेंटो एवं एक वृक्ष देकर सम्मानित किया। मौके पर बिशप स्वामी, शमसुल खान, जावेद खान, प्रकाश तिग्गा, इंदु तिग्गा, जयवंत तिग्गा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## रातू के हुरहुरी बाड़ीटोला में पुआल में लगी आग

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी बाड़ीटोला में एक मैदान में रखे पुआल में अचानक आग लगने से सारा पुआल जल कर खाक हो गया। पुआल में आग लगने का कारण मालूम नहीं चल पाया है। सोमवार की दोपहर पुआल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें काफी तेज हो गई। जिससे आसपास लोगो की भीड़ लग गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा बड़ी मुश्किल से आग को बुझाया गया। तब तक दो किसान स्व सुरेश उराव और संतोष उरांव का पुआल जलकर खाक हो गया। पुआल की कीमत लगभग 10 हजार रुपया बतायी जा रही है।

### पिछले 21 दिनों से लगातार दिन-रात शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं ग्रामीण

# एक सप्ताह में इसका निदान नहीं निकला, तो 50 दिनों का करेंगे जलसत्याग्रह

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** 21 दिनों से नयासराय के मुड़मा गांव के देवी, मंडप रोड़ में स्थित बुढ़ा महादेव, देवी मंडप और धार्मिक आस्था के केंद्र बने तालाब के मार्ग को बचाने के लिए नयासराय, मुड़मा के लिए दर्जनों ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना जब तक हमारी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक हमारा आंदोलन दिन रात अनवरत चलता रहेगा। हमारी एक मात्र मांग है कि नयासराय के मुड़मा गांव में बन रही है। आइआइएम और गेल इंडिया कंपनी के अधिकारी जो हमारी आस्था के मार्ग पर चारदिवारी कर रही है। वह उसे हर हाल में बंद करें वह स्थल हमारी सनातन धर्म की जान है। हमारे पूर्वज सैकड़ों बर्ष पहले इस जगह पर देवी मंडप, बुढ़ा महादेव, में पुजा अर्जन करते आ रहे हैं। जिसका पालन यहां के 1500 सौ सरना सनातन धर्म के निवासी आज भी करते आ रहे हैं। यहां जो तालाब है उसमें नेम निष्ठा का महापर्व छठ, मूर्ति विर्सजन, जन्म से मरण तक कर्म कांड, यही करते हैं तो कैसे छोड़े हम अपनी धर्म आस्था को क्या झारखंड सरकार का अपनी जनता के हितों की चिंता करना बंद कर दी है तो हम कहां जायें और किसे अपनी जमीन को बचाने के लिए गुहार करें। सरकार और इन कंपनी के अधिकारियों से क्यों नहीं कहती की हमारी ग्रामीणों की आस्था पर चोट ना पहुंचाए। सरकार हमारी मांग पर खुले मन से समर्थन करें ताकि नयासराय मुड़मा के हजारों ग्रामीणों का आस्था सदैव बनी रहें बुढ़ा महादेव और नयासराय मुड़मा का एक मात्र तालाब हमारी जान है और इन तक पहुंचने के लिए एक मात्र मार्ग यही इसे हम किसी हाल में नहीं छोड़ेंगे हमारी मांग पर सरकार और कंपनी विचार करें। सभी ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि हमारी आंदोलन को आगे बढते हुए निर्णय ले रहे हैं। आने वाला एक सप्ताह में सरकार और ये दोनों कंपनी हमारी मांग नहीं मानती है तो हम सभी ग्रामीण इसी तालाब में 50 घंटा का जल सत्याग्रह आंदोलन आंरभ करेंगें।



### मौके पर ये रहे उपस्थित

**मौके पर आंदोलन को सफल बनाने में नयासराय गांव के वरीय समाजसेवी शंभु नाथ देवघारिया, उतरी टूंडूल के मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना परवीन, समाज सेविका सह पूर्व पंसस श्वेता देवी, लक्ष्मी मिर्धा,हरि नाथ महतो, शिव शंकर बैठा, मुत्युंजय बर्मन, पुष्पा देवी, सोमरी मुंडाइन, प्रभा देवी, कलावती देवी, लीलावती, देवी, राधा देवी,रूपन देवी, अमरदीप महतो, पंचम कुर्मी, ज्योति देवी, सीता देवी, गीता देवी राजू राजवार, मनोज महतो, धीरज महतो, सुधु मुंडा, देवनाथ महतो, लखन महतो,रामविजय महतो सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हैं।**

## केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की समीक्षा बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव स्थित सिमोन डैम के परिसर में सोमवार को केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिशिर लकड़ा ने किया। बैठक में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज का विकास करने के लिए शोषण एवं अत्याचार जैसे कुरीतियों को खत्म करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी आगे आयें। समाज को एकजुट होकर इसे रोकना होगा। समाज में जागरूकता लाने के लिए पंचायत के गांव-गांव में पड़हा संचालन समितियों का गठन किया जायेगा। उपाध्यक्ष राकेश भगत ने कहा अब आदिवासी समाज अपना शोषण किसी भी कीमत पर नहीं सहेगा। समाज अपने हक के लिए आनेवाले समय में जन आंदोलन भी करेगा। जिसमें पूरे प्रखंड से समाज के लोगों को पड़हा व्यवस्था के माध्यम से एकजुट किया जायेगा। वहीं शिशिर लकड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज में किसी भी प्रकार का शोषण व अत्याचार अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ऐसा करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इसे रोकने के लिए सभी लोगों को आगे आने की जरूरत है। वहीं अन्य वक्ताओं द्वारा भी समाज को एक सूत्र में रखने, प्रतिमाह बैठक करने एवं सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया गया। बैठक में ग्राम प्रधान पेरू उरांव, पूर्व दिवान बंधु,पीटर तिर्की,धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, पीटर तिर्की, जगरनाथ उरांव, देवनिश तिग्गा, दिलीप उरांव, सुका उरांव, सुनील टोपनो, राहुल केरकेट्टा, अनिल मिंज, सोमरा लोहरा, बुधराम लोहरा, रौशन तिर्की, मंटू उरांव, बंदे उरांव एवं बुदु उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सिंगबोंगा जतरा का भव्य आयोजन

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के जमुआरी गांव में सोमवार को सिंगबोंगा जतरा का भव्य आयोजन किया गया। जतरा की शुरूआत जतरा स्थल पर पारंपरिक पूजा के बाद की गई। पूजा में रतन तिर्की, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, प्रभाकर तिर्की एवं अन्य लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में अपनी परंपरा एवं संस्कृति को बचाना बहुत ही जरूरी है। परंपरा और संस्कृति के बिना हम झारखंड की पहचान मिट जाएगी। हमें अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा , रीति- रिवाज, धार्मिक विश्वास और मान्यताओं को हर हाल में सहेज करके रखना होगा। जतरा जैसे आयोजन इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करता है। कार्यक्रम में फादर महेंद्र पीटर पीटर तिग्गा, अनिल ठाकुर, दिव्यानंद महाराज, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक व जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बेड़ो के ईंटा गांव में डालसा के कार्यक्रम में ग्रामीणों को नालसा और झालसा स्कीम की मिली जानकारी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्गदर्शन में प्रखंड के ईंटा पंचायत स्थित चिल्द्री गांव में सोमवार को डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पीएलवी शारदा देवी,ज्योत्सना गोराईं, सतीश कुमार,सधनी कुमारी एवं राजा उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। पीएलवी शारदा देवी ने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। सधनी देवी ने नालसा एवं झालसा के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। सतीश कुमार एवं ज्योत्सना गोराईं ने लोगों को पीड़ित मुआवजा तथा लोक अदालत के बारे में जानकारी दिया। ज्ञात हो कि आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गयी। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलझाने का लक्ष्य रखा गया है। पीएलवी के द्वारा लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

## 25वें बाल अधिकार कांग्रेस में नीरजा सहाय डीएवी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित सामाजिक विज्ञान श्रेणी में जूनियर वर्ग में डीपीएस बोकारो में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में बाल अधिकार कांग्रेस में 'राइट ऑफ एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन' के लिए कक्षा आठवीं की श्रेया मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय की इस उपलब्धि पर सामाजिक विज्ञान संकाय एवं समस्त विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर देश भर में नीरजा सहाय डी ए वी का नाम रोशन करने का आशीर्वाद भी दिया। राष्ट्रीय स्तर पर टीम दिल्ली में 17 दिसंबर को शामिल होगी। विद्यार्थी एवं विद्यालय इसके लिए कमर कस कर तैयारी कर रहे हैं।

## अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने का निर्णय

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के बोकरन्दा पंचायत के पबीरा और लोहागड़ा के ग्रामीणों ने लोहागड़ा नदी से बाहर के लोगों को बालू उठाने नहीं देने का निर्णय लिया है। लोहागड़ा नदी में बालू माफिया की नजर लग गई है। ट्रैक्टर से निकलकर बड़े वाहन से शहर में अधिक मूल्य पर बिकने के लिए जाता है। इसी तरह बालू का दोहन होता रहा तो गांव के लोगो को अपना घर बनाने के लिए बालू नही मिलेगी। पबीरा के ग्राम प्रधान सोमरा मुंडा, वार्ड सदस्य सीनू मुंडा, लोहागड़ा के ग्राम प्रधान हीरा उरांव, पुजार चंद्रपाल उरांव, के नेतृत्व में नदी का बालू उठाने नहीं देने का निर्णय लिया गया। वहीं बालू उठाव करने पर ग्रामीणों द्वारा कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गई साथ ही नदी में बांस लगाकर चेक नाका भी बना दिया गया है। मौके पर विश्वनाथ मुंडा, पूरण मुंडा, पहारु लोहरा, डेरा मुंडा, जीत पहान उरांव, मनदीप महतो, राजेंद्र लोहरा, अजय उरांव, बजिनाथ भगत,जूनास मुंडा, कैलाश मुंडा विनोद महतो, तुलसी साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अनगड़ा के ग्राम प्रधानों ने की अधिकार सभा हक-अधिकार के लिए एकजुटता का प्रदर्शन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सभी राजस्व ग्राम के ग्राम प्रधानों की अधिकार सभा सोमवार को पंचायत भवन अनगड़ा मे उमेश बड़ाइक की अध्यक्षता मे हुई। सभा मे विशेष रूप से ग्राम प्रधानों को पेशा कानून के तहत प्रदत सवैंधानिक अधिकारों को प्रमुखता के साथ लागु करने सहित अन्य मुद्धों पर चर्चा की गई। सभा मे उपस्थित ग्राम प्रधानों ने कहा कि पेशा कानून के तहत प्रखंड के प्रत्येक राजस्व ग्राम में ग्राम प्रधान की नियुक्ति हुए 16 वर्ष गुजर गये पर अभी तक उन्हें सवैंधानिक अधिकार नहीं मिला है। मौके पर ग्रामप्रधान लोकनाथ पाहन, उमेश बड़ाईक, भीमसिंह मुंडा, सोमरा उरांव, शिबु मुंडा, किस्टो कुजूर, दुतिलाल बेदिया, तुलेश्वर पाहन, श्रीपद मुण्डा, सुखराम उरांव आदि ने कहा कि पेशा कानून के अस्तित्व मे आने के बाद पांचवी अनुसूची क्षेत्र मे रहने वाले लोगों मे खासा उत्साह था। उन्हें लगने लगा था कि इस कानून की बदौलत स्थानीय संसाधनों जल. जंगल जमीन पर उनका नियंत्रण सुरक्षित रह सकेगा। लेकिन अभी तक स्थिति ज्यों की त्यों है। ग्रामसभा की अनुमति के वगैर भूमि अधिग्रहण तथा खरीद-फरोख्त धड़ल्ले से जारी है। वहीं विकास कार्यों के क्रियांवयन मे ग्रामसभा एवं ग्रामप्रधान की भुमिका को भी गौण कर दिया गया है। ग्राम प्रधानों ने सरकार से पेशा कानून और सीएनटी एक्ट को प्रमुखता से लागू करने तथा भू संबंधी और विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में ग्राम प्रधानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है। सभा में ग्राम प्रधानों की अगली अधिकार सभा 19 दिसंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि अगली सभा मे ग्राम प्रधानों की एक कार्यकारिणी कमेटी का भी गठन किया जायेगा। संचालन लोकनाथ पहान ने किया। मौके पर धर्मनाथ बेदिया, धर्मनाथ पहान, बाबुलाल मुंडा, हीरालाल बेदिया, मोहन मुंडा, रमेश मुंडा, सुरेश करमाली, लालचंद मुंडा, राजू मुंडा, तेजुवा बेदिया आदि ग्रामप्रधान मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in
10

# पलामू प्रमंडल में फलों की खेती का हो विस्तार : आयुक्त

## पॉलीहाउस में हो रही खेती से किसानों को प्रेरित होने की जरूरत

- रसदार फलों के उत्पादन की बेहतर संभावनाएं
- आयुक्त ने चियांकी स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण कर कृषि संबंधी हो रहे अनुसंधान की बारिकियों को जाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू आयुक्त जटा शंकर चौधरी सोमवार को चियांकी स्थिति क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण कर रसदार फलों की खेती एवं कृषि संबंधी विभिन्न प्रजाति के बीजों पर हो रहे अनुसंधान कार्यों की बारीकियों को देखा और उससे संबंधित जानकारी ली। उन्होंने रसदार फलों की खेती यथा संतरा, मौसंबी, किनो एवं नींबू वर्गीय अन्य प्रजाति के पौधों एवं फलों का अवलोकन किया। साथ ही पेड़ों पर लगे फलों को देखा और उसके लिए तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रयोगों से अवगत हुए। पेड़ों पर लगे सामान्य से अत्यधिक फलों को देख प्रभावित हुए। उन्होंने सक्षम प्रभेद के अमरूद के बाग को भी देखा। साथ ही पॉली हाउस में लगे टमाटर, ब्रोकली, शिमला मिर्च पर किए गए अनुसंधान को देखा और उसकी बारीकियों से अवगत हुए। साथ ही क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र परिसर में लगे चना, गेहूं आदि रवि फसल के साथ-साथ सरसों के विभिन्न प्रभेदों को देखा और पलामू में उसकी उत्पादन क्षमता की जानकारी ली। इसके अलावा आयुक्त ने आम, अमरूद, आंवला, नींबू, संतरा, किनो मौसंबी आदि के नर्सरी को देखा। साथ ही ड्रैगन फ्रूट के पौधों का अवलोकन किया और पलामू के मिट्टी में ड्रैगन फ्रूट के फल के स्वाद की जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में रसदार फलों की खेती की जा रही है। साथ ही रसदार फलों एवं अन्य फलदार पौधों की नर्सरी तैयार की गयी है। इन पौधों को किसानों को ले जाकर अपने खेतों में पौधरोपण करने की आवश्यकता है, ताकि पलामू प्रमंडल क्षेत्र में फलों की खेती का विस्तार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में पॉली हाउस में खेती की जा रही है। इसे आसपास के किसान को आकर देखने की जरूरत है। इससे खेती के प्रति उनके मन में भावना जागृत होगी और वह अपना किचन गार्डन विकसित कर अपने द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जियों की का सेवन कर सकेंगे। इससे उनकी खेती सेहत ठीक हो सकेगी। आयुक्त के परिभ्रमण के दौरान वैज्ञानिक प्रमोद कुमार एवं लिपिक ऋषि सुमन झा ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में किए जा रहे कृषि संबंधी विभिन्न प्रभेदों के अनुसंधान से संबंधित जानकारी दी।

## पलामू के पुलिस चेक पोस्ट पर लटका है ताला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में बढ़ते अपराध को देखते हुए जिलेभर के चौक-चौराहों पर पुलिस चेकपोस्ट बनाया गया था। ताकि जिले में क्राइम कंट्रोल और तेज रफ्तार बाइकर्स को रोका जा सके। लेकिन शहर के चैनपुर थाना क्षेत्र के कोयल नदी के किनारे में बने पुलिस चेकपोस्ट पर ताला लटक रहा है। ऐसे में कैसे अपराध और बाइकर्स गैंग पर पर लगाम लगेगा। पुलिस चेक पोस्ट बंद रहने के कारण आए दिन बाइकर्स का तांडव देखने को मिल रहा है. कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस संदर्भ में लगातार डॉट इन की टीम ने पलामू के सदर एसडीपीओ आईपीएस ऋषभ गर्ग से बात की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही वह एसडीपीओ का पदभार संभाले हैं, पता करते हैं, तभी ही कुछ बता पाएंगे।

## अवैध बालू पर रोक लगाने को लेकर बालू घाटों पर एसडीओ ने प्रतिनियुक्त किये दंडाधिकारी

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने बालू के अवैध धंधे को रोकने के लिए अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है।विदित हो कि विगत दिनों अनुमंडल कार्यालय परिसर में अवैध उत्खनन एवम परिवहन पूर्णतः रोक लगाने से संबंधित आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मद गंज के द्वारा अनुमंडल क्षेत्र के सभी बालू घाटों पर अवैध बालू की निकासी व उठाव के रोक थाम के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त करने का आग्रह अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद से किया गया था। इसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है।संबंधित थाना प्रभारी व दंडाधिकारी की उपस्थिति में छापामारी अभियान चलाया जाएगा।हुसैनाबाद प्रखंड परिसर के सामने अंचल निरीक्षक औसाफ अहमद,कनीय अभियंता आशीष कुमार, अरुण कुमार यादव,अभिषेक कुमार,देवरी ओपी परिसर के समीप राजस्व उप निरीक्षक सचिन कुमार गुप्ता,कनीय अभियंता शिवनाथ राम,मणिकांत कुमार,पंकज कुमार,दीवान बीघा नहर पुल के समीप राजस्व उप निरीक्षक प्रशांत सागर,कनीय अभियंता नीरज कुमार गुप्ता,प्रखंड समन्वयक बिजय पासवान,बीपीएम जय राम मेहता की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं हैदरनगर थाना परिसर के समीप राजस्व उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह,दीपक रंजन,कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार,रजा अंसारी की प्रतिनियुक्ति हुई है। जबकि मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनिया नहर के पास राजस्व उप निरीक्षक मुकेश कुमार,प्रेमचंद कुमार,कनीय अभियंता मीना हाज आलम,संतोष कुमार रजक की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सम्बंधित चेक पोस्ट पर प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक बालू के अवैध निकासी की रोकथाम करेंगे ।

## धनंजय तिवारी बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद निवासी सह कांग्रेस के युवा कर्मठ नेता धनंजय कुमार तिवारी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव और मोहम्मदगंज के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह को प्रदेश महासचिव बनाए जाने और प्रदेश में जिम्मेवारी दिए जाने पर युवा कर्मठ संघर्षशील नेता धनंजय तिवारी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी आदरणीय अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है ।प्रदेश सचिव बनाए जाने पर श्री तिवारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि वे पहले से ही पार्टी के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहे हैं और अब जवाबदेही तय हो गई है तो पार्टी आलाकमान के हर निर्देश का निष्ठा पूर्वक पालन करेंगे ।वही क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया है । बधाई देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कामेश्वर तिवारी, नवल किशोर पाठक, लल्लू प्रसाद सिंह, अवध बिहारी सिंह, शंभू सिंह, मसरूर अहमद, शैलेश सिंह, रघुराई यादव, नदीम खान, गुप्तेश्वर पांडे, जुबेर आलम , अमित पांडे, जगदीश राम , कमल कुमार कौशल, प्रवीण तिवारी, अंबिका सिंह ,संजय सिंह, राजेंद्र पासवान , अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, पप्पू यादव, कृष्णा चौधरी एवं लव चौधरी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं का नाम शामिल है।

## विद्यार्थी परिषद ने तमिल साहित्यकार सुब्रमण्यम भारती की जयंती मनायी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महान देश भक्त और तमिल साहित्यकार महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जयंती के अवसर पर विद्यार्थी परिषद पलामू के द्वारा 'भारतीय भाषा दिवस' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद द्वारा मेदिनीनगर शहर में स्थित धीरज क्लासेस में छात्रों के बिच मातृ भाषा में हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सह मंत्री नितीश दुबे ने किया। उक्त अवसर पर उपस्थित नगर उपाध्यक्ष धीरज उपाध्याय ने कहा कि महान दार्शनिक एवं महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के जयंती पर लोगों को अधिक भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करने और लोगों को विविधता में एकता का अनुभव कराने के लिए भारतीय भाषा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि भारतीय भाषाओं के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलेगी आज इस अवसर पर हम सभी अपने मातृ भाषा के साथ-साथ अन्य भारतीय भाषा को सीखने का संकल्प लें। जिला स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के संयोजक गोविंद मेहता ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुब्रमण्यम भारती जी एक तमिल कवि थे, उनको 'महाकवि भारतियार' के नाम से भी जाना जाता है। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक, पत्रकार तथा उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत के मध्य एकता के सेतु समान थे। उनके द्वारा गद्य और पद्य की लगभग 400 रचनाओं का सृजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक अभय वर्मा जिला, सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, विनीत पांडे, रोहित गुप्ता, राहुल कुमार चेरो,पल्लवी कुमारी, जया कुमारी, शशि भूषण यादव, प्रकाश पांडे, रोहित पांडे, गणेश लाल लाल महाविद्यालय के कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## हुसैनाबाद में एचपीएल के फाइनल में हैदरनगर ब्लास्टर ने छतरपुर को 3 विकेट से हराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने व खिलाड़ियों में निखार लाने को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में पहली बार एचपीएल का आयोजन किया गया । सोमवार को फाइनल मैच छतरपुर व हैदरनगर के बीच खेला गया। एचपीएल के आयोजन से युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। टीम सूर्या के बैनर तले सूर्या सिंह ने पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट की शुरूआत अनुमंडल मैदान से की है। यह आगे भी जारी रहेगा। एचपीएल का फाइनल मैच हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में खेला गया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में एचपीएल की शुरूआत कर युवाओं और खेल प्रेमियों में नई ऊर्जा का संचरण कर दिया है। गांव गांव में युवा खेल के प्रति उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही स्टेडियम तक जाने के लिए दाता नगर की ओर से पुल का निर्माण कराएंगे। युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि इस तरह का आयोजन पलामू प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आएगा। उन्होंने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में एचपीएल का आयोजन अपने आप में अनोखा प्रयास है। इससे युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा। फाइनल मैच अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर और छतरपुर के बीच खेला गया। टॉस जीत कर छतरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। उन्होंने सभी विकेट खोकर 98 रन बनाया। दूसरी पारी में अंशु अग्रवाल की टीम हैदरनगर ब्लास्टर ने 99 रन बनाकर 3 विकेट से कप पर कब्जा जमा लिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्ता एसएम रजा,असगर खान, दसरथ झा, रामजी पासवान, अफजल हुसैन, अनवर खान, अमित पासवान, जिसान हसन, रविन्द्र कांस्यकार, क्वाल, मिंटू, सिकेंद्र, अनिल ने सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।मौके पर बिनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, वार्ड पार्षद नजीर अहमद, प्रिंशु अग्रवाल, साइन कम्प्यूटर इंस्च्यूट के निदेशक संजीत कुमार,बिनय पासवान, पप्पू सिंह, रतन लाल समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

## स्व. रघुराज प्रसाद के द्वितीय पुण्यतिथि पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सरईडीह रोड स्थित माँ ललिता हॉस्पिटल में सोमवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर की जानकारी देते हुए माँ ललिता हॉस्पिटल के संचालक डां मुरली मनोहर प्रसाद ने बताया कि उनके पिताजी स्वर्गीय रघुराज प्रसाद के द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया हैं । उन्होंने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में आए हुए 398 लोगों का निःशुल्क इलाज, निःशुल्क दवा वितरण तथा कई प्रकार की जांच भी निःशुल्क की गयी है। तथा ऐसे लोग जिनके पास आयुष्मान कार्ड था उन लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए आए हुए लोगों में से लॉटरी के माध्यम से 7 लोगों को इनाम के तौर पर उपहार दिया गया। उपहार पाने वाले में प्रदीप कुमार, दुलारी देवी, भागवत राम, रंजीत, सुचिता, उतिन, शिला देवी का नाम शामिल है। इस चिकित्सा शिविर में जेनरल फिजिशियन के रूप में डां संतोष प्रसाद, डॉ एमएम प्रसाद, डां सत्यम सौरभ, डां तौहीद अहमद और आंख विशेषज्ञ के रूप में डॉ मनोज लोगों को मुफ्त इलाज किये।

## पुलिस लाइन स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। पलामू जिले के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह व सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते ने फुटबॉल को किक कर जिला स्तरीय टूनार्मेंट का शुभारंभ किया साथ ही सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।मौके पर सहायक समाहर्ता श्री विसपुते ने प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और विजय हासिल कर अपने एवं जिले का नाम रोशन करें।वहीं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। इसी क्रम में आज के सभी मैच बालक वर्ग के बीच ही खेला गया। जिला स्तर पर विजई टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी।आज के बालक वर्ग में पहला मैच मनातू एवं पिपरा के बीच खेला गया जिसमें मनातू की टीम 0-1 से विजयी रही।इसी तरह दूसरा मुकाबला पांकी व हुसैनाबाद के बीच खेला गया जिसमें हुसैनाबाद की टीम 0-1 से विजयी रही।वहीं तीसरा मुकाबला तरहसी एवं छतरपुर के बीच खेला गया जिसमें तरहसी की टीम 0-1 से विजयी रही चौथा मुकाबला नौडीहाबाजार एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया जिसमें विश्रामपुर की टीम 0-1 से विजयी रही। इसी क्रम में पांचवा मैच मोहम्मदगंज एवं हरिहरगंज के बीच खेला गया जिसमें मोहम्मदगंज की टीम 0-2 से विजयी रही। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद,जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, कमलानंद दुबे, संजय कुमार त्रिपाठी,सौराज सिंह, साहेब सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत, दामाद पर हत्या का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के पांडेपुर के फंकेनडीह टोला निवासी श्रीराम रजवार (45वर्ष) की संदेहास्पद मौत हो गयी । उसका शव उसके घर से सोमवार को बरामद किया गया। परिजनों ने श्रीराम रजवार की गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि शुरूआती पुलिसिया छानबीन में हत्या की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ भी बताने को तैयार है। जानकारी के अनुसार श्रीराम रजवार रविवार को अपने ही घर के एक कमरे में सो रहे थे। सोमवार को उन्हें मृत पाया गया. शव देखने के बाद परिजन रोने बिलखने लगे। परिजनों का आरोप है कि श्रीराम रजवार के दामाद कमलेश रजवार ने उनकी हत्या कर दी है। बताया जाता है कि हैदरनगर थाना क्षेत्र निवासी बिफन राजवंशी के पुत्र कमलेश रजवार (30वर्ष) रविवार देर शाम शराब के नशे में धुत होकर अपने सास, ससुर और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा, जिससे डर कर घर के सभी सदस्य बाहर चले गए, लेकिन ससुर श्रीराम रजवार घर में ही सोया रह गया। सोमवार को जब सभी लोग अपने घर लौटे तो घर में श्रीराम रजवार को मृत पाया। संदेहास्पद स्थिति में शव को देखा। घर से दामाद फरार मिला।

## हरिहरगंज एनएच 98 विस्थापित रैयतों की 8वें दिन भी धरना प्रदर्शन रहा जारी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरबार पंचायत अंतर्गत ढाब बस स्टैंड पर बिगत आठ दिनों से एनएच 98 फोरलेन विस्थापित रैयतों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं ।इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी या पदासीन जनप्रतिनिधि ने अब तक विस्थापितों की सुधि लेना मुनासिब नहीं समझा है। विदित हो कि जमीन और घर की उचित मुआवजे की पुनर्मूल्यांकन कर राशि बढ़ाने और जिनका ऑनलाइन खतियान थ्री डी में नाम छूट गया है, उसमे नाम चढ़ाकर वास्तविक रैयतों का मुआवजा देने और ढाब से सेमरबार गांव तथा कौआखोह में अंडर पास करने सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। विस्थापित रैयतों में जितेंद्र पासवान, अशोक डीलर, डोमन साव, दीनानाथ प्रसाद जयसवाल, राजेश्वरी यादव, गोपाल प्रसाद जयसवाल, महाराज मेहता, रविंद्र प्रसाद, कृष्णा मेहता, अवध कुमार मेहता, परशुराम मेहता, अखिलेश गुप्ता, विवेक कुमार, सिकंदर मेहता, अनिल मेहता, राजू प्रसाद गुप्ता, नन्हे कुमार, प्रेम कुमार, भागवती देवी तथा शीला देवी सहित कई एनएच 98 फोरलेन विस्थापित रैयत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं।

# स्पोर्ट्स



इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 26 रन से हराया, तीन मैचों की श्रृंखला में ली 2-0 की अपराजेय बढ़त

## बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने के बाद रांची पहुंचे ईशान किशन, जोरदार स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ईशान किशन सोमवार को रांची पहुंचे। रांची में अपने लोकल बॉय का फैंन्स ने जोरदार स्वागत किया. उन्होंने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया. उनसे जब बिहार,झारखंड के लोकल खिलाड़ियों को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने उभरते हुए लोकल खिलाड़ियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं, और सभी अच्छा खेल रहे हैं। वहीं जब रांची में होने वाले टी-20 मैच के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मौका मिला तो जरूर खेलेंगे. वहीं उन्होंने फैंन्स के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। ईशान 13 दिसंबर से होने वाले झारखंड और केरल के बीच रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में हिस्सा लेने के लिए रांची पहुंचे हैं। मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा। आखिरी बार ईशान ने जब जेएससीए में खेला था, तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार 93 रनों की पारी खेली थी. ईशान का फार्म हाल के दिनों में काफी अच्छा है। अपने आखिरी वनडे मैच में ईशान ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। इसके साथ ही वो सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गये।

## रांची में 13 दिसंबर से होने वाले रणजी ट्रॉफी के लिए झारखंड टीम का ऐलान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची ।** भारत के घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद से खेले जाने वाला सबसे बड़ा टूर्नामेंट 13 दिसंबर से शुरू हो रहा है। रणजी ट्रॉफी 2022-23 के लिए झारखंड के टीम का ऐलान कर दिया गया है। बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाने वाले ईशान किशन टीम का हिस्सा हैं। झारखंड की टीम को एलिट ग्रूप सी में रखा गया है। झारखंड का पहला मुकाबला केरल के साथ 13 दिसंबर से रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा।जेएससीए की तरफ से मैच की पूरी तैयारियां कर ली गयी है।

### ईशान किशन, सौरभ तिवारी, नदीम खेलेंगे

गौरतलब है कि झारखंड और केरल के बीच 13 दिसंबर 2022 से रणजी टूनार्मेंट का मैच जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धुर्वा में खेला जाएगा। मैच मंगलवार की सुबह 9:00 बजे से मैन ग्राउंड में खेला जाएगा। केरल की टीम संजू सैमसन की कप्तानी में मैदान में उतरेगी। झारखंड टीम अपने होम ग्राउंड पर जीत के लक्ष्य के साथ अपने कप्तान विराट सिंह के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। झारखंड टीम की ओर से टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन, सौरभ तिवारी, नदीम खेलते नजर आएंगे वहीं केरल की ओर से संजू सैमसन, सचिन बेबी, जलज सक्सेना मैदान पर दिखेंगे।

### झारखंड टीम के खिलाड़ी

ईशान किशन, उत्कर्ष सिंह, नजीम सिद्दीकी, आर्यमान सेन, विराट सिंह, सौरभ तिवारी, कुमार सूरज, कुमार देवव्रत, कुमार कुशाग्र, अनुकूल रॉय, शाहबाज नदीम, मानीषी, राहुल शुक्ला, आशीष कुमार, सुशांत मिश्रा, रौनक कुमार, पंकज कुमार, विकास सिंह, विनायक विक्रम, सुप्रियो चक्रवर्ती।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## बांसजोड़ा 12 नंबर में अग्निप्रभावित स्थल का सर्वे शुरू



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोड़ा 12 नंबर आबादी के बीच धधक रही आग को हटाने की कवायद शुरू हो गई है। सोमवार को अग्निप्रभावित स्थल का सर्वे किया गया। सर्वे अधिकारी आग के चारों की मापी और मेजरमेंट कर यह पता लगाने की कोशिश की। बताया गया कि सर्वे के बाद टेंडर होगा। उसके बाद काम शुरू हो जायेगा। सर्वे शुरू होने से आसपास की 3000 की आबादी खुश है। उनका कहना है कि आग हट जाने से रोजाना की दहशत समाप्त हो जायेगी। बताया जाता है कि डेढ़ साल पहले यहां हल्का गैस का रिसाव शुरू हुआ और देखते ही देखते आग व गैस रिसाव अपना दायरा बढ़ाते गया और 600/800 फिट में फैल गया है। इस स्थल के चारों तरफ आबादी है।

## लोयाबाद के फैजान ने राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबद के मो फैजान रेजा ने पावर लिफ्टिंग में एक बार फिर अपना जलवा बरकरार रखा है। बोकारो सेक्टर 12 में आयोजित राज्यस्तरीय ओपन स्टेट क्लासिक बेंच प्रेस एंड डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर झारखंड चैंपियन बना है। फैजान ने 93 केजी वेट में 165 किलो का भार उठाकर यह सफलता हासिल की है। आयोजकों ने फैजान को चैंपियन के बाद मिस्टर झारखंड घोषित किया है। झारखंड, ओडिशा, मुबई, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अपना परचम लहरा चुका है। फैजान 2017 से बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग में अपना मुकाम लगातार बनाये हुए है। झारखंड चैंपियन बनने से परिवार के लोगों सहित लोयाबाद के लोगों में हर्ष है। फैजान के पिता मकबूल हसन ने कहा कि बेटा अंतराष्ट्रीय मंच पर खेलना चाहता है। हम सभी चाहते हैं कि वह एक बार देश के लिए खेले और नाम रोशन करे। वहीं, फैयाज को बधाई देने वालो में राजू चक्रवर्ती, कोच कैलार बूलम, साकिर अंसारी, असलम मंसूरी, राजकुमार महतो आदि शामिल थे।

## डीएवी-6 की रिद्धि शर्मा और सुश्री गायन का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में 30वां नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस 2022 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल कक्षा आठ की रिद्धि शर्मा, सुश्री गायन, सुनैना और रिया सारथी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विज्ञान व तकनीकी में अत्यधिक सृजनात्मक ज्ञान की प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई। नेशनल काउंसिल फॉर साइंस व कम्यूनिकेशन विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विभाग भारत सरकार और साइंस फॉर सोसाइटी द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रिद्धि शर्मा 27 से लेकर 31 जनवरी 2023 तक अहमदाबाद में आयोजित अपने विषय वस्तु फ्रेग्ररेन्स फ्रॉम वेनेरेसन वेस्टज पर अपना मॉडल प्रस्तुत करेगी। इसी प्रकार 25 वां सीआरसी के तहत कनीय वर्ग में सुश्री गायन द्वारा दूषित भूमिगत जल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा विषय पर भी अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करेगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखण्ड के विभिन्न जिलो से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया था। राज्य स्तर पर चयनित होने पर विद्यालय परिवार में उत्साह है। डीएवी सेक्टर- 6 के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रोजेक्ट का चयन सफलता का सूचक है। प्राचार्य एसके मिश्र ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने अपने विषय वस्तुओं को नेशनल लेवल पर प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि छात्रों में वैज्ञानिक सोच का होना आवश्यक है। चिंतन मंथन के आधार पर छात्र अपने विषय वस्तु को सही तरीके से प्रस्तुत कर सकेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक डीपीएस सेक्टर 4 में हुआ था।

## बंगाल के तारापीठ से दर्शन कर लौटे रहे युवक की घर से कुछ दूरी पर गिरकर मौत



महुदा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बागड़ा निवासी सुभाष महतो (35) अपने दोस्तों के साथ तारापीठ मंदिर से पूजा अर्चना कर वापस लौटा ही था कि घर के समीप गिरकर मौत हो गई। उसके साथ तीर्थ पर गए दोस्त दिनेश महतो ने बताया कि पश्चिम बंगाल स्थित तारापीठ मंदिर से पूजा अर्चना कर लौटने के क्रम में सुभाष अपने घर से करीब दो किलोमीटर पहले लघुशंका लगने पर गाड़ी से उतरा था। तभी वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। यह देख हम सभी दोस्त उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। पर बड़ा अस्पताल पहुंचने पर वहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से क्षेत्र के लोग सदमे में है। वहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## प्रथम शहीद-बाबू गेनू बलिदान दिवस मनाया और रोजगार सृजन केंद्र का हुआ उद्घाटन

बोकारो (आजाद सिपाही)। स्वदेशी जागरण मंच बोकारो की ओर से सेक्टर चार स्थित स्वदेशी मेला कार्यालय में स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य सोमवार को रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन के साथ ही स्वदेशी के प्रथम बलिदानी बाबू गेनू का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, बिरसा मुंडा व बाबू गेनू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंच के क्षेत्रीय संयोजक सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि रोजगार सृजन केंद्र स्थापित किए जाने से यहां के युवाओं को उनकी स्वरुचि के अनुरूप रोजगार के अवसर मुहैया कराने और बेहतर मार्गदर्शन के उद्देश्य से स्थापित रोजगार सृजन केंद्र स्वदेशी की राह को और सफलता प्रदान करेगी। वहीं बाबू गेनू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 12 दिसंबर 1930 भारत के स्वदेशी आंदोलन का महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन बाबू गेनू ने अपना बलिदान दिया था। कार्यक्रम का संचालन मंच के जिला संयोजक कुमार संजय ने किया। इस मौके पर दिलीप वर्मा, अमरेंद्र सिंह आदि थे।

### झारखंड, बंगाल व ओड़िशा से दिल्ली पहुंचे कुरमी/ कुड़मी समाज के लोगों ने संसद भवन घेरा

# हम आदिवासी थे, हैं और कल भी बने रहेंगे, देना होगा दर्जा : डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता



नई दिल्ली में जंतर मंतर के समक्ष प्रदर्शन करते झारखंड, बंगाल व ओड़ि के विधायक व कुरमी/कुड़मी समाज के लोग।

**बेरमो/बोकारो।** कुरमी/कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की मांग को लेकर सोमवार को नई दिल्ली में संसद भवन का घेराव किया गया। इसमें झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा राज्य के कुरमी/कुड़मी समाज के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। इस क्रम में जंतर मंतर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की जोरदार वकालत की। कहा कि टीआरआई की रिपोर्ट झूठी है। इस रिपोर्ट पर विश्वास नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सब आदिवासी थे, आज भी आदिवासी हैं और कल भी आदिवासी ही बने रहेंगे। सरकार को हमें आदिवासी का दर्जा देना होगा। उन्होंने कहा कि हमने हर मंच पर कुरमी/कुड़मी को आदिवासी का दर्जा मिले, इसको लेकर आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 2004 में कैबिनेट के निर्णय के बाद जो प्रस्ताव आया है, उसे फुटबॉल की तरह राज्य सरकार और केंद्र सरकार इधर-उधर फेंकने का काम नहीं करें, बल्कि कुरमी/कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की दिशा में सकारात्मक रूप से फैसला ले। सभा को तीनों राज्यों से आए सांसद, विधायक व समाज लोगों ने संबोधित किया। वहीं, घेराव कार्यक्रम में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, राज्यसभा सांसद ममता महतो, पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री श्रीकांत महतो, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो, कृष्णा मार्डी, केशव महतो कमलेश, शीतल ओहदार, महेंद्र महतो, आदित्य कुमार महतो, उमेश महतो, संतोष महतो एवं दीपक कुमार महतो आदि थे।

## जिला परिषद संवेदक संघ की बैठक संपन्न मांगो को लेकर आंदोलन करने का निर्णय

धनबाद (आजाद सिपाही)। कला भवन के समीप उत्सव भवन में सोमवार को धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी और संचालन रसाद खान ने किया। बैठक में सभी संवेदको ने एक स्वर में पांच सूत्री मांग नहीं मानने के खिलाफ आंदोलन का निर्णय लिया। मांगों में पूर्व की भांति टीडी/एफडी प्लेज्ड का अधिकार जिला अभियंता को दिए जाने। जिला परिषद मद से पूर्व में की गई निविदा का इकरारनामा किए जाने अन्यथा निविदा शुल्क वापस करने, पूर्व में 15वें वित्त के कार्य का अविलंब इकरारनामा करने, पंचायत चुनाव एवं कोरोनाकाल के कारण कार्य में विलंब होने के बाद विभाग द्वारा काटे गए विलंब शुल्क को वापस करने एवं समय अवधि विस्तार की स्वीकृति प्रदान किए जाना शामिल है। स्थल परिवर्तन विवाद जो कि बोर्ड में पारित है उससे संबंधित सभी योजनाओं का निष्पादित करना भी शामिल है। संवेदकों ने शपथ लेते हुए कहा कि जल्द ही उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो जिला परिषद द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या दो और तीन का सामूहिक बहिष्कार किया जाएगा। जिले के सभी नए संबेदको से भी अपील की कि वे भी बहिष्कार को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में निर्मल उपाध्याय, शंकर सिंह, नवीन सिंह, पप्पू चौरसिया, सुनील सिंह, काशी प्रसाद, सिद्धार्थ सिंह, उपेंद्र यादव, मोहम्मद जियाउल अंसारी, असलम अंसारी, कृष्णा महतो, अजय गुप्ता, राजीव घोष, शंकर भगत, रतीलाल महतो, तीरथ सिंह आदि थे।

## मुंबइ से धनबाद के चतरोचट्टी पहुंचा प्रवासी मजदूर जगरनाथ का शव, गांव में मातम



चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। मुंबई में मारे गए जगरनाथ महतो का शव सोमवार को उसके पैतृक गांव चतरोचट्टी थाना अंतर्गत केकरी खुर्द गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजन चीखने-चिल्लाने लगे। गांव में मातम छा गया। मृतक की विधवा पत्नी के विलाप सुन कर उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गई। मृतक के दोनोम बेटियां मुस्कान, आरती और बेटा भुनेश्वर कुमार व सुमन शव से पास विलाप करते दिखे। बतातें चलें कि गत शनिवार को मुंबई में इलाज के दौरान जगरनाथ महतो का मौत हो गया था। प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली ने भी गहरा दुख प्रकट किया है।

# दिखावे में भरी बंदूक से चली गोली कोयला कारोबारी की मौत, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित व मृतक (बॉक्स) शाबहाज की फाइल फोटो।

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित विकास नगर के समीप रविवार की देर रात गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शाहबाज सिद्दीकी उर्फ बबलू के रूप में हुई है। वह नया बाजार भट्ठा मुहल्ला का रहने वाला था, जो पेशे से कोयला कारोबारी था। जानकारी के मुताबिक देर रात शाहबाज को गोली लगी, जिसके बाद उसे सेंट्रल अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। सोमवार की सुबह घटना जंगल में आग की तरह पूरे जिले में फैल गयी। शुरूआत में पूरे मामले को रंगदारी से जोड़ा जा रहा था। दिनभर जितनी मुंह उतनी बातें होती रहीं। बताते चलें कि पिछले कई दिनों में जिले भर में हुई हत्या व गोलीबारी की घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। कुछ लोग इस घटना में भी गैंगस्टर प्रिंस खान और कुख्यात अमन सिंह के खासमखास आशीष रंजन उर्फ छोटू की संलिप्ता का शक जता रहे थे। उधर, सूचना मिलते ही बैंक मोड़ पुलिस घटना की जांच में जुट गई और कुछ घंटे में ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया।

### दो माह पहले ही जुड़ा था कोयला कारोबार से



बताया जा रहा कि कुछ दिन पहले ही शाहबाज के पार्टनर पप्पू मंडल पर भी गोली चली थी। दो माह पहले ही शाहबाज पप्पू मंडल के साथ कोयले के कारोबार से जुड़ा था। मृतक शाहबाज के पिता रेलवे में ड्राइवर के पद पर थे। शाहबाज धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित बस स्टैंड में एजेंटी के रूप में भी काम कर चुका है। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे ( छह साल की लड़की और दो साल का लड़का भी) है।

### डीएसपी ने बताई सच्चाई

डीएसपी (कानून व्यवस्था) अरविंद कुमार वीन्हा ने बैंक मोड़ थाना में सोमवार की शाम संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि रविवार की रात शाहबाज अपने अन्य साथियों के साथ लिट्टी मुर्गा की पार्टी खत्म करने के बाद अपनी स्कोर्पियो से अपने एक साथी केंदुआडीह निवासी अनिल यादव के साथ चाय पीने के लिए निकला था। तभी शाहबाज पहले से मौजूद अपनी भर्ती पिस्टल को चमकाते हुए अनिल को देने लगा। इसी बीच गोली चल गई, जो शाहबाज की कमर में जा लगी। इसके बाद परिचित लोगों ने शाबहाज को सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शाहबाज के साथी अनिल यादव को गिरफ्तार करने के साथ ही पिस्टल को जब्त कर लिया है। मौके पर बैंक मोड़ इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को मिलेगी बड़ी राहत

# कनकनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तेज हुई प्रसूति विभाग शुरू करने की कवायद

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोयाबाद।** कनकनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के प्रसूति विभाग चालू करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है विभाग ने मामले को लेकर जायजा लिया है। विभाग ने कनकनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के कर्मचारियों से प्रसूति विभाग चालू करने के लिए आवश्यक जरूरतों की जानकारी ली और कलमबंद किया। बताया गया कि प्रसूति विभाग चालू नहीं होनेका मुख्य वजह पानी की कमी है।

साल 2017 से नया भवन बनकर तैयार है। पानी के लिए बोरहोल कराया गया, लेकिन पानी नहीं निकल सका। तब पानी के लिए डीसी को आवेदन दिया गया। यहां तक कि 2021 में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी पानी की समस्या पर लिखित आवेदन कनकनी हेल्थ एन्ड वेलनेस के कर्मचारियों ने दिया था। बावजूद इसके कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने कहा कि पानी व्यवस्था होने के बाद यहां 24 घंटे डॉक्टर और सुरक्षा गार्ड, ममता बहन एएनएम जीएनएम, एम्बुलेंस की जरूरत पड़ेगी।

### पानी की कमी ने फेरा पानी

बतातें चलें कि गर्भवती महिलाओं को पांच किलोमीटर दूर करकेंद स्थित प्रसूति केंद्र जाना पड़ता है। दूर होने से जरूरतमंद प्रसूताओं को काफी परेशानी होती है। इन्हीं कारणों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा नए भवन का निर्माण कराया गया था, ताकि महिला मरीजों को सहूलत मिले। भवन पांच साल पहले बन गया, लेकिन पानी की कमी ने योजनाओं पर पानी फेर दिया। प्रसूति विभाग चालू होने से महिलाओं से संबंधित सभी तरह के इलाज यहां शुरू हो जायेगें।


उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(समाज कल्याण शाखा)
बाल संरक्षण

इच्छा की अभिव्यक्ति
(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत बाल गृह (बालक) (पचास बेड क्षमता) एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (दस बच्चों की क्षमता) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति ;Expression of Interestद्ध संलग्न शर्तो के अनुरूप किशोर न्याय (बाल देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अन्तर्गत बाल देख–रेख संस्थान के पंजीकरण प्रपत्र प्ररूप–27 {नियम–21(2) और 22 (2)} में आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–23 /12/2022 को पूर्वाह्न/अपराह्न 01:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक– 23 /12/2022 को 03:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 284799 Women, Child Development & Social Security(22-23)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/HZB/21/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/21/2022-23 | हजारीबाग जिला के प्रखंड बरकट्ठा अन्तर्गत बेडोकला–केन्दुआ–1 के बीच दुलकी नदी पर पुल निर्माण | 39879600.00 | 798000.00 | 10000.00 | 18 (अठारह) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक 26.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 27.12.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 284841 Rural Development (22-23)_D



कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2022-23

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तो के साथ अंकित की जायेगी।

1 विभाग का नाम :– जिला परिषद सिमडेगा
2 विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, सिमडेगा।
3 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 21.12.2022 (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:30 बजे तक )
4 निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 22.12.2022 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.12.2022 (अपराह्न 2:30 बजे )
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8 कार्य विवरणी :–

| ग्रुप/क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड़ | पंचायत–सिकरियाटांड़ के ग्राम सोगड़ा मिशन स्कूल में शौचालय एवं डीप बोरिंग सोलर एवं जलापूर्ति निर्माण । | 13,42,500.00 | 27,000.00 | 2500.00 | 90 दिन |
| 2 | बोलबा | ग्राम समसेरा आर. सी. उच्च विद्यालय में जलमीनार निर्माण कार्य । | 6,76,800.00 | 13,600.00 | 1250.00 | 60 दिन |
| 3 | बांसजोर | प्रखण्ड बांसजोर के एदलबेड़ा, राइबेड़ा पंचायत, कोम्बाकेरा, बांसजोर में जलमीनार निर्माण । | 6,85,100.00 | 13,800.00 | 1250.00 | 60 दिन |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिशद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, सिमडेगा

PR 284865 Rural Development (22-23)_D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 13 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस नेता राजा पटेरिया बोले मोदी की हत्या के लिए तैयार रहो

● बाद में दी सफाई, कहा - हत्या का मतलब मोदी को हराना था

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पन्ना।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की बात कही। पन्ना में हुई इस सभा में पटेरिया ने कहा कि अगर लोकतंत्र को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। हत्या का मतलब हराना है। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- ये विद्वेष की पराकाष्ठा है। ये घृणा की अति है। कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए हैं। ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जाएगा। कानून अपना काम करेगा। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटेरिया पर एफआइआर के निर्देश दिये, जिसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पटेरिया के खिलाफ एक मामला पन्ना के पवई थाने में दर्ज किया गया है। हालांकि, पटेरिया ने बयान पर विवाद के बाद कहा कि वे गांधी को मानने वाले हैं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। वीडियो गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।

## पहले जानते पूर्व मंत्री ने क्या कहा

पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा- मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस... हराने के लिए तैयार रहो।

## पटेरिया ने एक दिन बाद सफाई दी

विवाद बढ़ने के बाद पटेरिया ने सोमवार को सफाई दी और एक वीडियो जारी किया। इसमें कहा- जो वीडियो वायरल हो रहा है वह कार्ड वितरण के दौरान का वीडियो है। इस वीडियो में मोदी की हत्या की जो बात है, वह गलत तरीके से बताई जा रही है। मैं गांधी को मानने वाला आदमी हूं। मैं इस तरह की बात नहीं कर सकता।

## कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गये : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा का ढोंग करने वालों की असलियत सामने आ रही है। मोदी जी जनता के दिलों में बसते हैं। संपूर्ण देश की श्रद्धा और आस्था का केंद्र हैं। मैदान में उनसे मुकाबला नहीं कर पाते, इसलिए कांग्रेस के नेता मोदी जी की हत्या की बात कर रहे हैं। ये विद्वेष की पराकाष्ठा है। ये घृणा की अति है। कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए हैं। ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जाएगा। कानून अपना काम करेगा।

# पुष्पा के प्रोड्यूसर्स के घर आइटी की रेड

15 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी

कंपनी में विदेशी फंडिंग होने का शक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** इनकम टैक्स विभाग ने सोमवार को ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा फिल्म बनाने वाली तेलुगु प्रोडक्शन कंपनी मैथ्री के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। आइटी अधिकारियों को शक है कि इस प्रोडक्शन कंपनी में कुछ एनआरआइ लोगों ने भी निवेश किया है। इसी शक के आधार पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कंपनी के तीन मालिकों यलमंचिली रविशंकर, नवीन अनेर्नी और चेरुकुरी मोहन के आवास सहित 15 ठिकानों पर रेड डाली है जो शाम तक जारी है। मैथ्री फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले पुष्पा समेत रंगस्थलम और श्रीमंथुडु जैसी साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्में बन चुकी हैं।

**हैदराबाद के अलग-अलग ठिकानों पर दबिश :** रिपोर्ट्स के अनुसार आइटी टीम के अधिकारी अलग-अलग राज्यों से हैदराबाद पहुंचे थे। अधिकारी सोमवार सुबह मैथ्री फिल्म्स के ऑफिस पहुंच गए और छापेमारी शुरू कर दी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से इस रेड को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है, लेकिन सूत्रों की मानें तो अफसरों को शक है कि मैथ्री फिल्म प्रोडक्शन में फॉरेन फंडिंग हुई है।

**मैथ्री प्रोडक्शन बड़ी-बड़ी फिल्में बना चुकी है :** मैथ्री प्रोडक्शन के बैनर तले कई बड़ी फिल्मों का प्रोडक्शन हो चुका है। मैथ्री प्रोडक्शन ने हाल ही में चिरंजीवी, बालकृष्ण, पवन कल्याण जैसे कई एक्टर्स को भारी फीस देकर बड़े प्रोजेक्ट्स साइन कराए हैं। साउथ के सुपर स्टार पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भी इसी बैनर के तले 2023 में रिलीज होने वाली है।

# मनोज तिवारी तीसरी बार बेटी के पिता बने



● ट्वीट कर कहा- लक्ष्मी के बाद सरस्वती का आगमन हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** बीजेपी सांसद मनोज तिवारी एक बार फिर से पिता बने। उनके घर तीसरी बेटी ने जन्म लिया। उन्होंने ट्वीट करके ये जानकारी दी। ने कहा कि, बड़े हर्ष के साथ सूचित करना है कि मेरे घर में लक्ष्मी के बाद सरस्वती का आगमन हुआ है। आज घर में प्यारी सी बिटिया पैदा हुई है। उसपे आप सभी का आशीर्वाद बना रहे, सुरभि-मनोज तिवारी।

बता दें कि 51 वर्षीय राजनेता मनोज तिवारी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी सुरभि तिवारी की 'गोद भराई' की एक वीडियो शेयर कर ते हुए ये खबर दी थी कि वे जल्द ही एक बार फिर से बनने वाले हैं। मनोज तिवारी और सुरभि तिवारी का ये दूसरा बच्चा है। बता दें कि मनोज तिवारी की पहले पत्नी से भी एक बेटी है। बता दें कि सुरभि मनोज तिवारी की दूसरी पत्नी हैं, जबकि इससे पहले, मनोज तिवारी ने 1999 में रानी तिवारी से शादी की थी और दोनों की एक बेटी है जिसका नाम रीति है 2012 में मनोज और रानी तिवारी ने शादी के 11 साल बाद अलग होने का फैसला किया था।

# किस में कलिंग फेलोशिप 2022 का हुआ उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** प्रतिष्ठित वार्षिक कलिंग फैलोशिप 2022 का उद्घाटन सोमवार को भुवनेश्वर और कटक के पुलिस आयुक्त एसके प्रियदर्शी ने भारत और विदेशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने कहा कि बाल विवाह और यौन शोषण की रोकथाम एक प्राथमिकता है, जिसे ओड़िशा के सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए संबोधित किया जाना चाहिए।


बाल विवाह उन्होंने कहा राज्य भर में अभी भी एक बड़ा मुद्दा है, हाल ही के उदाहरण का हवाला देते हुए जहां राज्य की राजधानी में पुलिस को ऐसे मामलों में से एक को रोकना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह शहर के बीचोबीच हो रहा है। पूरे राज्य में समस्या की भयावहता की कल्पना कीजिए।

कलिंग फेलोशिप जो 2017 में शुरू हुई, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5 पर सोच और रणनीति में सफलता की सुविधा के लिए एक सामाजिक नेतृत्व मंच है, जो लैंगिक समानता से संबंधित है।

किस के वाइस चांसलर डॉ दीपक कुमार बेहेरा ने ऐसी नीतियां बनाने पर जोर दिया, जो बाल यौन शोषण के पीड़ितों के पुनर्वास के रास्ते में आने वाली प्रथागत प्रथाओं का संज्ञान लें।

# नोरा ने जैकलीन पर लगाया जबरन वसूली का आरोप, किया 200 करोड़ का मानहानि का केस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मुंबई।** महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये की ठगी मामले में सह आरोपी जैकलीन फर्नांडीस की मुश्किलें थम नहीं रही हैं। अब एक्ट्रेस नोरा फतेही ने जैकलीन पर बड़ा आरोप लगाया है। नोरा फतेही और जैकलीन फर्नांडीस के बीच बुरी तरह ठन गई है। नोरा ने जैकलीन फर्नांडीस पर जबरन वसूली का आरोप लगाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नोरा ने जैकलीन के खिलाफ 200 करोड़ रुपये मानहानि का केस दायर किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक नोरा ने जैकलीन के खिलाफ दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। नोरा ने इस मामले में कई मीडिया हाउस पर भी मानहानि का केस किया है। नोरा फतेही का आरोप है कि महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनका नाम जबरन इस्तेमाल किया गया है। एक्ट्रेस का कहना है कि सुकेश से उनका कोई सीधा संपर्क नहीं था। वो सुकेश की पत्नी लीना मारिया पॉल के जरिए सुकेश को जानती थीं। नोरा ने सुकेश चंद्रशेखर से गिफ्ट्स लेने का खंडन किया है।

नोरा कहना है कि सुकेश चंद्रशेखर ठगी मामले में मीडिया ट्रायल से उनकी छवि को ठेस पहुंची है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन और नोरा दोनों ही ईडी के निशाने पर हैं। ईडी अब तक दोनों ही अभिनेत्रियों से कई दफा पूछताछ कर चुकी है। नोरा फतेही पर भी सुकेश चंद्रशेखर से महंगे तोहफे लेने का आरोप है। हालांकि नोरा ने हर बार पूछताछ में इन आरोपों को गलत ही बताया है। कहा गया कि सुकेश ने नोरा फतेही के जीजा बॉबी को 65 लाख की बीएमडब्ल्यू कार गिफ्ट की थी। वहीं, जांच में सामने आया था कि सुकेश ने कार ऑफर की थी, लेकिन मगर एक्ट्रेस ने यह कार लेने से इनकार कर दिया था। नोरा का कहना है कि उन्हें शुरूआत से इस डील पर शक था। सुकेश लगातार नोरा को फोन कर रहा था, जिसके बाद नोरा ने सुकेश का नंबर ब्लॉक कर दिया था।

## टाटा भारत में खोलेगा एपल के 100 छोटे स्टोर

**नयी दिल्ली।** टाटा ग्रुप जल्द ही देशभर में 100 छोटे एपल स्टोर्स खोलने की तैयारी में है। एपल स्टोर्स के लिए टाटा के स्वामित्व वाली इनफिनिटी रिटेल के साथ बातचीत कर रही है। इनफिनिटी रिटेल भारत में क्रोमा स्टोर चलाती है। इनफिनिटी रिटेल एप्पल का फ्रैंचाइजी पार्टनर बन जायेगा। कंपनी का मॉल और हाई-स्ट्रीट (मेन रोड़) जैसी जगहों पर 500-600 वर्ग फुट के 100 आउटलेट खोलने का प्लान है।

## काबुल में चीनी होटल पर हमला

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में चीनी होटल के नाम से मशहूर एक रेस्टोरेंट और गेस्ट हाउस पर हमला हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस होटल में कई चीनी नागरिक मौजूद हैं। कुछ फुटेज भी सामने आए हैं। इनमें होटल के एक हिस्से में आग नजर आ रही है। तालिबान हुकूमत या चीनी एम्बेसी ने अब तक इस मामले पर कुछ नहीं कहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक- होटल के अंदर कुछ फिदायीन हमलावर मौजूद हैं। ऐसे में तालिबान की सिक्योरिटी फोर्सेज को अंदर जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**